सुप्रभात
रांची, सोमवार
06.05.2024
** नगर संस्करण । पेज : 12
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
लोकसभा चुनाव 2024 सभी चुनें सही चुनें
khabarmantra.net वैशाख, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 291
06 देश को वैज्ञानिक शिक्षा की आवश्यकता

# रांची और गिरिडीह में आज जुटेंगे दिग्गज

## यशस्विनी, सीपी चौधरी और मथुरा भरेंगे पर्चा





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची, गिरिडीह।** राजधानी रांची लोकसभा क्षेत्र से आइएनडीआइए की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, गिरिडीह सीट से झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो और आजसू के सीपी चौधरी भी सोमवार को पर्चा भरेंगे। नामांकन के समय रांची और गिरिडीह में दोनों पक्षों से दिग्गज नेताओं जुटान होगा। रांची में यशस्विनी सहाय नामांकन दाखिल करने जुलूस के साथ जायेंगी। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा और राजद के समर्थक मौजूद रहेंगे। नामांकन के बाद मोरहाबादी मैदान में एक जनसभा ही होगी। जनसभा को सीएम चंपई सोरेन समेत घटक दलों के कई दिग्गज नेता संबोधित करेंगे।

**मोरहाबादी में जनसभा, सीएम समेत कई नेता बोलेंगे**

यशस्विनी सहाय नामांकन के पूर्व सुबह सात मणि टोला काली मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी। जुलूस की शक्ल में नगर भ्रमण समाहरणालय भवन पहुंचेंगी। यहां यशस्विनी सहाय नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इसके बाद रांची के मोरहाबादी मैदान में एक जनसभा होगी। इसमें सीएम चंर्प सोरेन, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, समेत राजेश ठाकुर, राजद नेता व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय सहित गठबंधन के अन्य नेता शामिल होंगे।

**मथुरा के साथ चंपई, कल्पना समेत कई नेता रहेंगे**

गिरिडीह लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो और आजसू के सीपी चौधरी सोमवार को नामांकन करेंगे। इस दौरान दोनों पक्षों से तमाम दिग्गज नेताओं का जुटान होगा। गिरिडीह से अब तक 13 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया है, जिसमें जयराम महतो भी शामिल हैं। (शेष पेज 11 पर)

## न्यूज डायरी

### तीसरे चरण का शोर थमा 94 सीटों पर 7 को वोटिंग

**नयी दिल्ली।** बिहार, बंगाल समेत 12 राज्यों की 94 सीटों पर 7 को होने वाले तीसरे चरण के चुनाव प्रचार का शोर रविवार को थम गया। इनमें बिहार की पांच सीटों झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, खगड़िया और बंगाल की चार सीटें मालदा (उत्तर), मालदा (दक्षिण), जंगीपुर और मुर्शिदाबाद भी शामिल है।

### निर्दलीय प्रत्याशी अवधेश सिंह गिरफ्तार

**गिरिडीह।** झारखंड पुलिस ने रविवार को एक और निर्दलीय प्रत्याशी को गिरफ्तार किया है। वे हैं गांडेय विधानसभा सीट के अवधेश सिंह। उन्हें बेंगाबाद थाना कांड में यहां नगर थाना के बरगंडा आवास से पकड़ा गया है। अब विभिन्न थाना में पड़ताल की जा रही है कि उनके खिलाफ कितना मुकदमा है और कितने मामलों में इन्होंने जमानत ली है। गांडेय से झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन और भाजपा से दिलीप कुमार वर्मा मैदान में हैं।

### पीएलएफआइ के दो उग्रवादी गिरफ्तार

**पश्चिम सिंहभूम।** जिले की टेबो थाना पुलिस ने पीएलएफआइ उग्रवादी संगठन के दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से मोबाइल फोन, बंदूक की गोली, 17500 नकदी, पर्चा, लेवी वसूलने की रसीद सहित अन्य चीजें बरामद की गयी हैं। गुप्त सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर उग्रवादी संगठन के इलियास सुरिन उर्फ जोटो और बिमल बरजो उर्फ लम्बू को गिरफ्तार किया।

### मणिपुर में भारी बारिश व ओलावृष्टि से मची तबाही

**इंफाल।** मणिपुर में रविवार को भारी बारिश और ओलावृष्टि से बड़ी संख्या में मकान क्षतिग्रस्त हो गये और पेड़ उखड़ गये। बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई और कई घरों की बिजली उड़ गयी। मलवा के कारण यातायात बाधित हो गया।

**गहना आभूषण**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 84000 रु./प्रति किलो |

## घुसपैठ के आरोप पर विफरे सीएम, कहा उल्टा आरोप हम पर

# राज्य को कब मिला रोकने का जिम्मा

**एक्स पर चंपई सोरेन ने कहा**

- अंतरराष्ट्रीय सीमा सील क्यों नहीं करती
- गलती किसकी है भाजपा ही बताये
- सांसद ऐसा चुनें जो आपके मुद्दे उठाये



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में चुनावी दंगल के बीच पक्ष-विपक्ष का एक-दूसरे के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। राज्य में घुसपैठिये के मामले में सीएम ने कहा कि झारखंड सरकार को अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर पर चौकीदारी का जिम्मा कब मिला। यह गलती किसकी है। सीमा को सील क्यों नहीं किया जाता। उल्टे भाजपावाले आरोप लगाते हैं कि झारखंड की डेमोग्राफी बदल रही है। सीएम चंपाई सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा , भाजपा ही बताये गलती किसकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के एजेंडे से महंगाई, बेरोजगारी और युवाओं की बदहाली जैसे मुद्दे गायब हैं।

**जुमलों से बचने की दी नसीहत**

सीएम ने राज्य की जनता को नसीहत दी कि जुमलों से बचिये। वैसे लोगों को अपना सांसद चुनिए, जो आपके मुद्दों को देश की सबसे बड़ी पंचायत में उठा सकें। झारखंड के अधिकतर सांसदों द्वारा जिस प्रकार राज्य की जनता की मांगों व अपेक्षाओं को लगातार नकारा गया है। जिस तरह से उन्हें महंगाई, 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण, सरना-आदिवासी धर्म कोड समेत अन्य मुद्दों पर जुमले सुनाये गए हैं, उसका जवाब देने का समय आ गया है और जनता उन्हें जवाब भी देगी।

**नागरिकता देना भी केंद्र का अधिकार**

सीएम ने कहा कि झारखंड में राशन कार्ड तक आधार संख्या के बिना नहीं बनते। जब आधार कार्ड बनाने वाली एजेंसी केंद्र सरकार के अधीन काम करती है। नागरिकता देना भी केंद्र के अधिकार क्षेत्र आता है, तो फिर इस प्रक्रिया में होने वाली गड़बड़ी के लिए कौन जिम्मेदार है? सीएम ने कहा कि इतिहास में पहली बार इतनी गरीबी देखी है। भाजपा सरकार के राज में एलपीजी सिलेंडर की कीमतें 400 रुपए से बढ़ कर 1100 रुपए हो गयी। राशन से लेकर सब्जी-भाजी और तेल- मसालों का हाल भी लोगों के सामने हैं। ऐसे हालात बन गए हैं कि देश के इतिहास में पहली बार 80 करोड़ लोगों को पांच किलो अनाज देना पड़ रहा है।

## रांची के बीएसएनएल हेड आफिस में भीषण आग

### रांची, रामगढ़ से पंद्रह दमकल बुझाने पहुंची



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के सदर थाना क्षेत्र के जुमार पुल के समीप स्थित बीएसएनएल हेड आफिस में रविवार को दोपहर भीषण आग लग गयी। आग इतनी तेजी के साथ फैली कि पूरा कार्यालय काले धुएं से भर गया, आकाश भी काला काला नजर आ रहा था। कड़ी मशक्कत के बाद भी आग पूरी तरह से देर शाम काबू नहीं पाया गया सका। फिर रामगढ़ से भी 15 दमकल की गाड़ियों को मंगाया गया। वहां काम करने वाले कर्मचारियों के अनुसार आग की भयावहता को देखकर यह अनुमान लगाया जा रहा है कि करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ है। फिलहाल कितनी क्षति हुई, इसका आकलन किया जा रहा है। (शेष पेज 11 पर)

### पाकिस्तान ने भी चूड़ियां नहीं पहनी है: अबदुल्ला

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीओके को लेकर टिप्पणी की तो फारूक अब्दुल्ला ने कहा उनके पास भी एटम बम है। 'पाकिस्तान ने भी चूड़ियां नहीं पहनी है। रक्षा मंत्री ने रविवार को कहा कि भारत पीओके पर अपने दावे को कभी नहीं छोड़ेगा। इसी पर एनसी अध्यक्ष और पूर्व सीएम फारूख अब्दुल्ला भड़क उठे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भी परमाणु संपन्न है। अगर रक्षा मंत्री ऐसा सोच रहे हैं तो आगे बढ़ें। हम रोकने वाले कौन होते हैं लेकिन याद रखें, दुर्भाग्य से वो परमाणु बम हम पर गिरेगा। राजनाथ ने पाकिस्तान से सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देना बंद करने को भी कहा। वहीं, फारूक अब्दुल्ला ने कहा, मुख्य समस्या भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव है।

# कल राहुल की चाईबासा व बसिया में सभा

## 10 को खूंटी में शाह, 12 को सिमरिया में मोदी आयेंगे



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर दिग्गज नेताओं का तूफानी दौरा जारी है। कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी सात मई को एक दिवसीय दौरे पर झारखंड आयेंगे। वह सुबह 11:30 बजे टाटा कॉलेज चाईबासा में झामुमो उम्मीदवार जोबा मांझी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। फिर राहुल गांधी गुमला जिले के बसिया के कोनवीर में कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत के समर्थन में दिन के 2 बजे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसी कड़ी में पीएम मोदी फिर झारखंड दौरे पर आने वाले हैं। वह 12 को सिमरिया में हजारीबाग और चतरा लोकसभा सीट के पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा करेंगे। 16 को गिरिडीह आयेंगे। वहीं गृह मंत्री अमित शाह भी 10 मई को झारखंड के खूंटी में अर्जुन मुंडा के पक्ष में मतदाताओं से वोट मांगेगे। राहुल गांधी के फाइनल कार्यक्रम एआइसीसी ने जारी कर दिया है। प्रदेश प्रवक्ता सोनल शांति ने एआइसीसी से एप्रुव कार्यक्रम को जारी करते हुए यह जानकारी दी। पार्टी कीओर से घटक दलों के साथ समन्वय स्थापित करके सभा की तैयारी में जुटने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों जगह पर आमसभा को सफल बनाने के लिए रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा के कार्यकर्ता एवं नेताओं को निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा इंडिया के घटक दलों एवं उम्मीदवार के साथ भी बेहतर समन्वय स्थापित कर सभा के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही है। (शेष पेज 11 पर)



## अदालत ने हेमंत सोरेन के घर से 36 लाख बरामदगी की दलीलों को असमर्थनीय माना

# झामुमो गठबंधन की सरकार भ्रष्टाचार व लूट के दलदल में फंस गयी: भाजपा

### राजनीतिक रूप से अस्तित्वहीन होने पर खड़ी है झामुमो : प्रतुल

**आरोप : झामुमो ने सिर्फ तुष्टिकरण के सहारे साढ़े चार वर्षों तक राजनीति की**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने के लिये जो याचिका दाखिल की थी, उसे उच्च न्यायालय ने न सिर्फ खारिज किया, बल्कि उनके द्वारा राजनीतिक बदले का जो आरोप लगाया गया था, उसे एक हारे हुए मुव्वकिल की आखिरी कोशिश की संज्ञा दे दी। श्री शाहदेव भाजपा के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने अपनी तल्ख टिप्पणी में यह भी कहा कि ईडी ने अब तक जितने साक्ष्य जुटाया है, प्रथम दृष्टया उसमें हेमंत सोरेन की इस घोटाले में संलिप्तता उजागर होती है।

उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास में ईडी की छापेमारी में 36 लाख की रुपए की रिकवरी पर भी बड़ा प्रश्न खड़ा किया। उच्च न्यायालय ने हेमंत सोरेन के द्वारा इसे अपने माता-पिता के इलाज के लिए जमा किए गए पैसे रखने की दलील को असमर्थनीय माना। उन्होंने कहा कि इसी तरीके से राज्य सरकार ने साहिबगंज के नींबू पहाड़ के अवैध खनन मामले में सीबीआई की जांच के आदेश को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान जानना था कि राज्य सरकार इस जांच को रोकने के लिए क्यों इतनी उत्सुक है। अंततः राज्य सरकार की याचिका खारिज हो गई और सीबीआई जांच जारी रहेगी। स्पष्ट है कि जो हेमंत सोरेन के कार्यकाल में भ्रष्टाचार हुआ था अब उस घोटाले पर न्यायिक दृष्टिकोण भी सख्त होता जा रहा है और न्यायालय पैनी नजर रख रही है।

उन्होंने कहा कि सदर थाने में जमीन घोटाले के संबंधित जो एफआईआर हुआ था उसमें षड्यंत्र की धारा 120 बी को पेन से काट कर मिटाने की घटना को भी उच्च न्यायालय ने बहुत गंभीरता से लिया है और कहा कि उसे समय हेमंत सोरेन की सरकार का कार्यकाल था। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार चौतरफा भ्रष्टाचार और लूट के दलदल में फंस गई है। झामुमो की मान्यता अब जनता ही समाप्त कर देगी। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ने सिर्फ तुष्टिकरण के सहारे साढ़े चार वर्षों तक राजनीति की। उनके ही कार्यकाल में हिंदू फल दुकान लिखने पर जेल, सामान्य विद्यालयों को उर्दू विद्यालय बना दिया गया। एक आईएएस अफसर खुद को मुस्लिम अधिकारी बताते रहे। विधानसभा में बिना मांग के नमाज स्थल बना दिया। लव जिहाद की घटनायें बढ़ी।

उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा लोकसभा चुनाव के बाद अपना राजनीतिक रूप से अस्तित्व खोने जा रही है। इसलिए ऐसे बेबुनियाद आरोप लगाकर नया नॉरेटिव सेट करने की कोशिश हो रही है। झारखंड की जनता नहीं बोल सकती कि इन्होंने अब तक वोट बैंक की राजनीति के लिए अल्पसंख्यक तुष्टिकरण का नंगा नाच कर रखा है।

# वोट की राजनीति करना ही जेएमएम और कांग्रेस का उद्देश्य : सुदेश महतो



**आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित, कई व्यवसायियों और युवाओं ने थामा पार्टी का दामन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा है कि चुनाव और वोट की राजनीति करना ही जेएमएम-कांग्रेस का उद्देश्य है। जेएमएम-कांग्रेस की सरकार के साढ़े चार साल होने को है। इस दौरान राज्य ने बहुत कुछ खोया और सहा। अब वादा खिलाफी सरकार की विदाई का वक्त आया है। वे सोमवार को केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मैट्रिक्स क्रॉप केअर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक नवीन कुमार, निदेशक सतेंद्र कुमार नारायण समेत कई युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ली।

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सरकारी संरक्षण में खनिज संपदाओं का दोहन बदस्तूर जारी है और इसने इतिहास बना दिया है। सरकार के पास युवाओं के नियोजन, सूखे खेतों में सिंचाई का प्रबंध करने के लिए कोई प्लान नहीं है। जिसका परिणाम है जनता, किसान, युवा सभी असहाय महसूस कर रहे हैं। चौतरफा निराशा है।

केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जीवन में एक सफल मुकाम हासिल करने के बाद वापस जमीन से जुड़कर काम करने की इच्छा शक्ति बहुत कम लोगों में होती है।

पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले नवीन कुमार ने कहा कि जब सामाजिक जीवन में आने का निश्चय किया तो सबसे पहले आजसू का नाम जेहन में आया। सुदेश महतो की सोच और व्यक्तित्व से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हो रहा हूं। पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का काम करूंगा।

### रविवार को भी खुले रांची डाक मंडल के पोस्ट ऑफिस

# पोस्टल के माध्यम से 10 हजार वोटरों के घर पहुंचा वोटर कार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा चुनाव के महापर्व को देखते रांची डाक मंडल के डाकघर आम नागरिकों को सुविधा प्रदान करने के लिए रविवार को भी खुले रहे। निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे गये लगभग 53000 वोटर आइडी कार्ड को डाक के माध्यम से आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए रांची जीपीओ की मदद से तैयारियां की गई हैं। शनिवार को भी देर रात तक रांची जेपीओ कार्यालय खुला रख कर वोटर आइडी को डिस्पैच किया गया। रविवार की सुबह तक वोटर आइडी पिन कोड के अनुसार अपने वितरित होनेवाले डाकघर तक पहुंच चुके थे। डाकिया ने भी जोर दिखाया और रविवार के दिन भी लोगों के घर घर तक जाकर वोटर आइडी कार्ड का वितरण किया।

वरिष्ठ डाक अधीक्षक उदयभान सिंह ने बताया कि डाक कर्मी, डाकिया और जीडीएस भाइयों की मदद से लगभग 10,000 वोटर आइडी कार्डों का वितरण घर-घर पहुंचा कर किया गया है। उन्होंने डाक कर्मियों, डाकियों और जीडीएस भाइयों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस महापर्व को सफल बनाने के लिए हम सभी लोग अपना बहुमूल्य मतदान जरूर करें। इसके साथ ही उन्होंने आने वाले चुनाव में और भी बेहतर सुविधाएं प्रदान करने का संकल्प जताया। बताया कि आने वाले चुनाव में डाक विभाग नागरिकों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए तत्पर रहेगा।

# कल होनेवाले #मैं भी इलेक्शन एंबेस्डर सोशल मीडिया हैशटैग अभियान को शेड्यूल करें पदाधिकारी : के. रवि

**अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 7 मई की शाम 6 से 8 बजे चुनाव संबंधी कंटेंट को करें पोस्ट**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत 7 मई 2024 को संध्या 6 से 8 बजे के बीच #मैं भी एलेक्शन अंबेस्डर विशेष अभियान का संचालन निर्धारित है। इस अभियान के तहत निर्वाचन से जुड़े सभी सोशल मीडिया हैंडल पर #मैं भी एलेक्शन अंबेस्डर हैशटैग के साथ लोकसभा चुनाव संबंधी कंटेंट पोस्ट कर इसे ट्रेंड में लाने का कार्य करें। यह बातें राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। वह रविवार को सोशल मीडिया हैशटैग अभियान को लेकर सभी जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी, स्वीप के नोडल पदाधिकारी, सोशल मीडिया के नोडल पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, सोशल मीडिया का कार्य देख रहे सभी पदाधिकारी/ कर्मी एवं निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर अभियान की जानकारी दी। साथ ही अभियान के तहत निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल पर चुनाव से संबंधित फोटो,वीडियो, टेक्स्ट अपलोड करते हुए संबंधित हैशटैग को ट्रेंडिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने आमजनों से भी अपील की कि इस विशेष अभियान का हिस्सा बनकर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उपरोक्त हैशटैग लगाते हुए चुनाव से संबंधित सामग्री को पोस्ट करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अभियान को लेकर संबंधित लोगों से कहा कि निर्धारित समय के पूर्व ही अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से तिथि एवं समय का शिड्यूल कर लें, ताकि निर्धारित समयावधि में उन्हें पोस्ट करने में कोई समस्या नहीं आए और वह ट्रेंड करता रहे। उन्होंने सभी से चुनाव से संबंधित अच्छे-अच्छे फोटो, वीडियो, टेक्स्ट आदि सामग्री को पोस्ट करने की बातें कहीं। उन्होंने सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से भी अपील की है कि वे इस विशेष अभियान का हिस्सा बनते हुए उपरोक्त हैशटैग लगाकर अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से सोशल मीडिया पर पोस्ट को तिथि एवं समय का शिड्यूल सहित अन्य संबंधित तकनीकी की जानकारी दी गयी।

# लोस चुनाव की तैयारी की समीक्षा बैठक में शामिल हुए आईजी, डीआईजी व एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आईजी अभियान की अध्यक्षता में रविवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई, जिसमें जिले के एसपी, रेंज के डीआईजी और जोनल आईजी शामिल हुए। इस दौरान चुनाव को लेकर क्या-क्या तैयारी की गई है, और क्या- क्या कमियां रह गई है, इसे लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही कई दिशा-निर्देश भी दिए गए।

गौरतलब है कि झारखंड में चौथे, पांचवे, छठवें और सातवें चरण में मतदान होगा। चार लोकसभा सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में 13 मई को चौथे चरण में मतदान होगा। वहीं 20 मई को चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में पांचवे चरण का मतदान होगा। गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर में 25 मई को छठे चरण में मतदान होगा और राजमहल, दुमका और गोड्डा में एक जून को सातवें चरण में मतदान होगा। झारखंड की बात करें तो यहां 14 लोकसभा सीटें हैं, जिनमें पांच सीटें एसटी और एक सीट एससी के लिए आरक्षित है। झारखंड में कुल मिलाकर 2.54 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। इनमें 22 लाख मतदाता पहली बार मतदान करेंगे।

# कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय आज रांची लोस सीट के लिए करेंगी नामांकन, मोरहाबादी में करेगी जनसभा

**सीएम चंपाई सोरेन प्रदेश कांग्रेस प्रभारी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सहित गठबंधन के अन्य नेता जनसभा में लेंगे हिस्सा**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इंडी गठबंधन समर्थित रांची लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय सोमवार यानी छह मई को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। जारी कार्यक्रम के अनुसार, यशस्विनी सहाय नामांकन दाखिल करने जुलूस के साथ जायेंगी। जिसमें भारी संख्या में कांग्रेस के अलावा जेएमएम और राजद के समर्थक झंडा-बैनर के साथ शामिल होंगे। जुलूस यात्रा पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के आवास ई-39 सेक्टर से सुबह 7:30 बजे निकलेगी, जो धुर्वा, सेक्टर तीन, बिरसा चौक, हिनू चौक, डोरंडा एजी मोड़, स्वामी विवेकानंद चौक, बाबा साहब अंबेडकर चौक, रिसालदार बाबा मजार, कडरू ब्रिज, कडरू, अरगोड़ा चौक, हरमू चौक, स्वामी सहजानंद चौक, कार्तिक उरांव चौक, भारत माता चौक, किशोरगंज चौक, रातू रोड चौराहा, जाकिर हुसैन पार्क होते हुए समाहरणालय भवन पहुंचेंगी। जहां यशस्विनी सहाय नामांकन पत्र दाखिल करेंगी।

नमांकन दखिल करने के पश्चात रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिक के पास यशस्विनी सहाय की एक जनसभा होगी। जानकारी के अनुसार, जनसभा में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, राजद के नेता और मंत्री सत्यानंद भोक्ता, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सहित गठबंधन के अन्य नेता शामिल होंगे।

**रांची संसदीय सीट के लिए 25 मई को होगा मतदान**

रांची में लोकसभा चुनाव छठें चरण यानी 25 मई को होना है। रांची के अलावा गिरिडीह, धनबाद और जमशेदपुर संसदीय सीट पर भी इसी दिन वोटिंग होगी। छठे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया 29 अप्रैल से चल रही है, जो सोमवार 6 मई तक चलेगी। 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। वहीं 9 मई तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। बता दें कि रांची लोकसभा क्षेत्र में 6 विधानसभा ईचागढ़, सिल्ली, खिजरी, रांची, हटिया और कांके आते हैं।

# चंद्र प्रकाश चौधरी आज दाखिल करेंगे नामांकन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के आजसू प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी आज सुबह 11 बजे नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन के उपरांत बोकारो के जैना मोड़ स्थित बांधडीह स्कूल मैदान में जनसभा का आयोजन किया गया है। इस जनसभा को भाजपा प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, बिहार के उप मुख्यमंत्री सह बिहार भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी, आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो समेत गठबंधन के कई नेतागण संबोधित करेंगे। नामांकन कार्यक्रम में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की जनता भी भारी संख्या में शामिल होकर अपना आशीर्वाद व समर्थन प्रदान करेगी।

मौके पर केंद्रीय महासचिव ब्रज मोहन कुमार, केंद्रीय सचिव रोहित प्रकाश प्रीत, जितेंद्र सिंह, केंद्रीय कार्यालय सचिव बनमाली मंडल, केंद्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधीर यादव, केंद्रीय सह प्रवक्ता ज्ञान सिन्हा, केंद्रीय मीडिया संयोजक परवाज खान, केंद्रीय सदस्य शशि रंजन, अभिजीत वर्मा, रांची जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र कुमार, अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के सदस्य डॉ. साहब आर्यन, युवा आजसू प्रदेश संयोजक गौतम सिंह उपस्थित रहे।

### टेबो में दो पीएलएफआइ उग्रवादी गिरफ्तार, गोली और नगद बरामद

**रांची।** पश्चिम सिंहभूम के टेबो थाना की पुलिस ने पीएलएफआइ उग्रवादी संगठन के दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गये नक्सलियों की पहचान इलियास सुरिन उर्फ जोटो और बिमल बरजो उर्फ लम्बू के रूप में की गयी है। इनके पास से मोबाइल फोन, बन्दूक की गोली, 17500 नगद रुपये, पीएलएफआइ का पर्चा, लेवी वसूलने का चंदा रसीद सहित अन्य चीजें बरामद की गयी हैं। दरअसल पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की टेबो थाना क्षेत्र के इचागुटु के पास जंगल में पीएलएफआइ उग्रवादी हथियार के साथ बैठक कर रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर छापामारी की। छापामारी में पीएलएफआई उग्रवादी संगठन इलियास सुरिन उर्फ जोटो और बिमल बरजो उर्फ लम्बू को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से कई सामान बरामद कर जब्त किये गये। दोनों पर भादवि, आर्म्स और सीएलए एक्ट के विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

## पुत्र मोह के कारण भाजपा का खेल बिगाड़ने में लगे हैं यशवंत सिन्हा

# हजारीबाग लोकसभा सीट पर जेपी की जीत को आसान करने में जुटे हैं देश के पूर्व विदेश मंत्री

**यशवंत सिन्हा की एंट्री के बाद डैमेज कंट्रोल में जुटी भाजपा दिला रही पुराने दिनों की याद**

सुधीर

**रांची।** पूर्व केंद्रीय वित्त एवं विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा हजारीबाग में भाजपा का खेल बिगाड़ सकते हैं। यशवंत सिन्हा की एंट्री ने इस संसदीय सीट की तपिश काफी बढ़ा दी है। हजारीबाग लोकसभा चुनाव में सियासी सरगर्मी के साथ-साथ गर्मी भी काफी बढ़ गयी है। ऐसे में यशवंत सिन्हा भाजपा के गले के फांस बनते जा रहे हैं। वहीं यशवंत सिन्हा के इस ऐक्शन से कांग्रेस प्रत्याशी जेपी भाई पटले जीत की ओर से एक-एक कदम आगे बढ़ते जा रहे हैं। यशवंत सिन्हा विभिन्न प्लेटफार्म के जरिए इन दिनों वो भाजपा पर सीधा निशाना साध रहे हैं। भाजपा ने पहली बार प्रतिक्रिया देते हुए उनके पुराने दिन को याद दिलाया है। वहीं, दूसरी ओर वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा चुनाव से कोसों दूर हैं। इस पर भी भाजपा की ओर से प्रतिक्रिया दी गयी है। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि उनकी व्यस्तता काफी अधिक है, इस कारण वे हजारीबाग में नहीं हैं।

**मनीष के खिलाफ यशवंत ने खोल रखा है मोर्चा**

हजारीबाग की राजनीति में उसी वक्त ट्विस्ट आ गई झी, जब वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा का टिकट काटकर मनीष जायसवाल को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया था। उसी दिन से देश के पूर्व वित्त एवं विदेश मंत्री और जयंत सिन्हा के पिता यशवंत सिन्हा की एंट्री भी हजारीबाग की राजनीति में हो गई थी। यशवंत सिन्हा इन दिनों विभिन्न मंच से लेकर अन्य सोशल प्लेटफार्म के जरिए हजारीबाग भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। यशवंत सिन्हा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल पर भी सवालियान खड़ा करते हुए कर रहे हैं कि देश की जनता को यह बताएं कि उन्होंने क्या किया है? वो सिर्फ कांग्रेस पर ही निशाना साध रहे हैं? उन्होंने यहां तक कह दिया था कि अगर हजारीबाग को बचाना है तो मनीष जायसवाल को भगाना होगा। अगर वे सांसद बन गए तो स्थिति और भी अधिक दयनीय हो जाएगी। हजारीबाग को बचाने के लिए मनीष जायसवाल को हटाना होगा।

**पुराने दिन को याद दिला रही भाजपा :** पुत्र जयंत सिन्हा का टिकट कटने के बाद से ही पिता यशवंत सिन्हा हजारीबाग में भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। वहीं, भाजपा की ओर से डैमेज कंट्रोल करने हजारीबाग पहुंचे राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश उन्हें पुराने दिन याद दिलाने में लगे हैं। श्री प्रकाश ने कहा है कि भाजपा ने वित्त एवं विदेश मंत्री और तीन बार सांसद बनाया और कई महत्वपूर्ण पद देते हुए मान सम्मान दिया। वो भाजपा के वरिष्ठ नेता रह चुके हैं। यही कारण है कि भाजपा उनके खिलाफ कोई नहीं टिप्पणी कर रहा है। उन्हें इसे समझने की जरूरत है। वहीं, हजारीबाग के वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा चुनाव से कोसों दूर हैं। कहा जा रहा है कि टिकट कटने के बाद से ही वे पार्टी से नाराज चल रहे हैं। पिछले दिनों यह कहा जा रहा था कि जयंत सिन्हा भी मनीष जायसवाल के साथ जनसंपर्क अभियान शुरू करेंगे, लेकिन ऐसा कहीं भी देखने को नहीं मिला। हजारीबाग में एक खास वर्ग भी जयंत सिन्हा को टिकट नहीं मिलने से नाराज चल रहा है। यह वर्ग भाजपा का वोट बैंक कहा जाता है। वहीं दीपक प्रकाश को पार्टी ने डैमेज कंट्रोल के लिए हजारीबाग भेजा है।

# कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की जारी की सूची, कांग्रेस के कई टॉप के नेता करेंगे झारखंड में चुनाव प्रचार







खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस ने रविवार को झारखंड में 20 मई को होने वाले पांचवें चरण के मतदान के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के हस्ताक्षर से जारी झारखंड प्रदेश के लिए जारी स्टार प्रचारकों की सूची में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय बोर्ड की चेयरपर्सन और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी, पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का भी नाम शामिल है। इस सूची में झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और अन्य नेताओं के नाम भी शामिल हैं।

**कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल, गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर, भूपेश बघेल, हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्कू, तेलांगना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, सलमान खुर्शीद, जयराम रमेश, तारिक अनवर, डॉ अजय कुमार, सुबोध कांत सहाय, राणा केपी सिंह, आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, इमरान प्रतापगढ़ी, सुप्रिया श्रीनेत, दीपिका पांडेय सिंह, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, शहजाद अनवर, रामचंद्र सिंह, विधायक अंबा प्रसाद, उमाशंकर अकेला, पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, पूर्व विधायक ममता देवी, अशोक चौधरी, हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक, कांग्रेस के संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खालखो, केदार पासवान, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज का नाम शामिल हैं।

**विधायकों का भी हैं सूची में नाम**

झारखंड कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन सतिष पॉल मुंजनी ने बताया कि पांचवें चरण के मतदान के लिए जारी स्टार प्रचारकों की सूची में राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय नेताओं के साथ-साथ जिस-जिस लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना हैं उस क्षेत्र या आसपास के कांग्रेस विधायक को भी स्टार प्रचारक बनाया गया है।

## रांची में नहीं थम रहा है नशे का कारोबार

# डेहरी से 11 लाख के 55.65 ग्राम ब्राउन शुगर लेकर पहुंचे तीन आरोपी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में अवैध मादक पदार्थ का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। रांची पुलिस कुछ पैडलर को पकड़ जरूर रही है लेकिन सरगना तक नही पहुंच पा रही है। रांची में अधिकतर बिहार के सासाराम, डेहरी से खेप मंगवाया जाता है। रांची आरपीएफ की टीम ने ऑपरेशन नारकोस के तहत रेलवे स्टेशन से ग्यारह लाख 13 हजार रुपये के 55.65 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक महिला समेत तीन को गिरफ्तार किया है।

आरोपी रांची से बस पकड़कर डेहरी पहुंचता था और वहां से ब्राउन शुगर की खेप लेकर बस या ट्रेन से रांची पहुंचता था।

आरोपियों में बरियातू थाना क्षेत्र के टैगौर हिल के नजदीक रहने वाला विकास कुमार, सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के किशोरगंज रोड दो के रहने वाले नीलेश कुमार सोनी ओर करमटोली की रहने वाली सोनाली खलखो का नाम शामिल है।

# यात्रियों से मोटी रकम वसूल करने के लिए टीटीई कराते थे ट्रेन में सफर, पकड़े गये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के हटिया रेलवे स्टेशन पर शनिवार को रेलवे बोर्ड की टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान दो टीटीई के पास काटे गए टिकट के अनुपात में ज्यादा पैसे पाये जाने के मामले के बाद दो टीटीई अवैध तरीके से यात्रियों को सफर कराने का भंडाफोड़ हुआ है। रेलवे बोर्ड की टीम ने जब दोनों टीटीई के पास से टिकट की लिस्ट और उनके पास पाये गये पैसे का मिलान किया तो अचंभित हो गई। दोनों टीटीई के पास टिकट के अनुसार अधिक पैसे थे। जिसका हिसाब दोनों टीटीई टीम को नहीं दे सकें। इससे रेलवे बोर्ड की जांच टीम में शामिल अधिकारियों ने अंदेशा जताया है कि दोनों टीटीई अवैध तरीके से यात्रियों को रेल की यात्रा कराने में मदद करते हैं।

**डीसीएम से की गई दोनों टीटीई की शिकायत** : इस संबंध में रांची और हटिया रेलवे स्टेशन के वरिष्ठ अधिकारी सह डीसीएम निशांत कुमार ने बताया कि रेलवे की जांच टीम ने दोनों टीटीई के खिलाफ रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद जो भी नियम संगत कार्रवाई होगी, वह की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस तरह के स्पेशल अभियान रेलवे की ओर से समय-समय पर चलाया जाता है, ताकि कोई भी रेलवे कर्मचारी अवैध वसूली नहीं कर सके।

### दोषी पाये जाने पर दोनों टीटीई पर होगी कार्रवाई : डीसीएम

वहीं मामले को लेकर उन्होंने बताया कि फिलहाल दोनों टीटीई के नाम का खुलासा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट देखने और आरोपी दोनों टीटीई से पूछताछ के बाद अधिक जानकारी दी जा सकती है। दोषी पाये जाने पर दोनों टीटीई पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

## गजियाबाद के हापुर के रहनेवाले हैं सभी आरोपी

# 10 साल पहले हुई धोखाधड़ी, रांची पुलिस ने 2024 में किया केस दर्ज

**कुबेर सिंह**

**रांची।** रांची के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ दस साल पहले यानि वर्ष 2014 में धोखाधड़ी की गयी। दस साल के बाद बरियातू थाने में आरोपी के खिलाफ 420, 406, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया। बरियातू पुलिस अब इस मामले की जांच कर रही है। जबकि नियम है कि यदि किसी के साथ धोखाधड़ी हुई है तो तीन साल के अंदर ही शिकायत या प्राथमिकी की जा सकती है। इस संबंध में बरियातू पुलिस का कहना है कि पीड़ित ने जब आवेदन दिया, आवेदन के आधार पर ही प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जिन लोगों पर धोखाधड़ी का आरोप लगा है, वे सभी यूपी के गजियाबाद शहर के हापुर के रहनेवाले हैं।

### ये है मामला

जानकारी के मुताबिक, बूटी रोड बरियातू के रहनेवाले अशोक कुमार ने बरियातू थाने में किये गये प्राथमिकी में कहा है कि एएक्सए लाइफ इंश्योरेंस का पॉलिसी ली थी। पॉलिसी समय पर भुगतान नहीं होने के कारण लैप्स हो गया था। तब आदित्य सक्सेना और अनूप राय ने अशोक कुमार के मोबाइल नंबर पर फोन किया और कहा कि आपका इंश्योरेंस पॉलिसी लेप्स कर गया है। पॉलिसी को रिन्यूवल कराने और पैसे वापस कराने के लिए हामी भरी। इसके बाद दोनों ने कहा कि इसके लिए वे उनके रिलेटिव अरविंद त्यागी, रवि पाल और रामपाल के एकाउंट भेज दें। अशोक कुमार ने वर्ष 2014 में ही दो लाख रूपये एक्सिस बैंक के खाते में आरटीजीएस कर दिया। इसके बाद भी अशोक कुमार का पॉलिसी रिन्यूवल नहीं हुआ। जब भी अशोक कुमार ने बात करनी चाही तो मोबाइल नॉट रिचेबल आने लगा। इसके बाद अशोक कुमार ने कई बार आदित्य सक्सेना और अनूप राय से संपर्क करने की कोशिश की। पर, अशोक कुमार को सफलता नहीं मिली।

इधर, पैसे रिकवरी करने के लिए अशोक कुमार ने बरियातू थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया। मामले के अनुसंधान कर्ता अक्षय कुमार ने प्राथमिकी में दिये गये अरविंद त्यागी के नंबर पर बात की तो पता चला कि नंबर तो सही है, लेकिन जिसका नंबर है, उसका नाम अर्जुन त्यागी है। अर्जुन त्यागी ने पुलिस को बताया कि दस साल पहले उसके एकाउंट में दो लाख आये थे, लेकिन उसने उक्त राशि किसी को निकाल कर दे दिया था, क्योंकि उक्त राशि उसके ही खाते में भेजी गयी थी।

अर्जुन त्यागी ने बताया कि उसे यह भी पता नहीं चलता कि उस पर मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज होने के बाद बैंक को फोन कर एकाउंट फ्रीज करने का आदेश दिया। जब अर्जुन त्यागी का एकाउंट फ्रीज हो गया तो ट्रांजेक्शन होना बंद हो गया। इस बाबत अर्जुन त्यागी बैंक गये तो वहां पता चला कि रांची के बरियातू थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है, इसलिये उनका एकाउंट फ्रीज कर दिया गया है। बहरहाल, बरियातू पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जज एम वाई इकबाल की बाउंड्री तोड़ने का फरार आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एमवाई इकबाल की बाउंड्री वॉल तोड़कर जमीन कब्जा करने के आरोप में फरार राशिद अली को लोअर बाजार थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने छह अगस्त, 2023 को जमशेदपुर में छापेमारी कर दो आरोपी पप्पू गददी उर्फ जमशेद गददी और अली हुसैन उर्फ तामो गददी को जमशेदपुर के साकची आम बगान से गिरफ्तार किया था।

## स्वराज पार्टी के निपु सिंह ने किया नामांकन



**रांची।** राष्ट्रीय जनसंघर्ष स्वराज पार्टी के रांची लोकसभा सीट से उम्मीदवार और रांची जिले के जाने-माने समाजसेवी निपु सिंह ने शनिवार को दोपहर एक बजे अपना नामांकन दाखिल किया। श्री सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम युवा, महिला और सहारा इंडिया का निवेशकों के कहने पर चुनाव मैदान में उतर रहा हूं और उन्होंने कहा कि जब तक मैं जिंदा रहूंगा सहारा इंडिया के निवेशकों को पैसा दिलाने के लिए आंदोलन करता रहूंगा। श्री सिंह ने और कहा कि मैं बचपन से नशा मुक्त झारखंड, भ्रष्टाचार मुक्त झारखंड और प्राइवेट अस्पताल और प्राइवेट स्कूल के मनमानी को लेकर आंदोलन करते आ रहा हूं और यह आंदोलन मेरा आगे भी जारी रहेगा।

## आज पूर्वाह्न 11 बजे जारी होगा आईसीएसई 2024 का परीक्षा परिणाम

**रांची।** इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (आईसीएसई) बोर्ड के 10वीं और 12वीं का रिजल्ट सोमवार की सुबह 11 बजे काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) के द्वारा घोषित की जाएगी। रिजल्ट अधिकारिक वेबसाइट से अपलोड कर सकते हैं। रिजल्ट जारी हो जाने के बाद छात्र वेबसाइट पर अपना रिजल्ट देख सकते हैं।

## भारत के परम वैभव के लिए मोदी जी को पीएम बनना जरूरी : संजय सेठ



**रांची।** भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने रविवार को खलारी के कोनका, हेसालन, नावाडीह में जनसंपर्क अभियान चलाया। सांसद सेठ ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में पांच सबसे बड़े असंभव कार्य को संभव कर दिखाया। इसमें स्वच्छता अभियान, तीन तलाक, राम मंदिर का निर्माण, सर्जिकल स्ट्राइक, धारा 370 समाप्त करना शामिल है। पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू ने कहा कि हमें अपने घरों से निकाल कर देश के विकास के लिए मतदान अवश्य करनी चाहिये। कार्यक्रम में विधायक समरी लाल, शैलेंद्र शर्मा, भरत रजक शत्रुंजय सिंह, रवि भूषण सिंह, अरविंद सिंह, श्याम सुंदर सिंह, कार्तिक पांडे, अनिल गंझू, जय सिंह, प्रीतम साहू, जितेंद्र पांडे सरस्वती देवी, रामसेवक यादव, मनोज गिरी, शशि प्रसाद साहू, आनंद सिंह, कार्तिक पांडे, सीताराम रवि सहित दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अर्जुन मुंडा ने अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की

**रांची/खूंटी।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने रविवार को तोरपा विस क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान वे ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुये और समाधान की बात कही। कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को मतदान करना है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से 13 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पीएम नमो देश को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने लिये लगातार काम कर रहे हैं।

# अभी से गर्मी छुट्टी हुई तो बच्चों की पढ़ाई और राज्य की शिक्षण व्यवस्था : आलोक

### आरटीई की कठिन शर्तों को तत्काल रद्द करने का अध्यादेश जारी करे सरकार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य के निजी विद्यालयों के संचालकों और प्राचार्यों की एक अति महत्वपूर्ण बैठक रविवार को आलोक कुमार दूबे की अध्यक्षता में हरमू स्थित पासवा कार्यालय में हुई। इसमें राज्य सरकार से आग्रह किया गया कि भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय संचालन की अनुमति सुबह 6:30 बजे से 9:30 बजे तक दी जाये। स्कूलों को पूरी तरह से स्कूल बंद कर देना कहीं से भी उचित नहीं है। अगर लगातार स्कूल बंद हो गया तो लगभग 45 दिनों तक गर्मी छुट्टियां होंगी। इससे बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह से बाधित होगी। अचानक स्कूल बंद करने के अध्यादेश से बच्चों को होमवर्क भी नहीं मिल पाया है। इस कारण अभिभावक परेशान हैं। साथ ही साथ गर्मी की छुट्टियों में निजी विद्यालय समर कैंप का आयोजन कर कई प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के मानसिक कार्य में वृद्धि करते हैं। बैठक में निजी विद्यालयों के डायरेक्टर अरविंद कुमार, डॉक्टर सुषमा केरकेट्टा, संजय कुमार, आलोट विपिन टोप्पो, राशीद अंसारी, मनोज कुमार भप्त, अल्ताफ अंसारी, राष्ट्रपति अवार्डी सुश्री फलक फातिमा मौजूद थीं।

# झारखंड में पेसा कानून को हुबहू लागू करे सरकार: आदिवासी विकास परिषद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की बैठक रविवार को कचहरी स्थित टीआरआई बिल्डिंग में हुई। अध्यक्षता जादो उरांव ने की। बैठक में आदिवासियों के रहन सहन एवं रूढ़िवादी बिंदु पर विचार विमर्श किया गया। परिषद् के महासचिव जादो उरांव ने कहा कि छोटानगपुर कास्तकारी अधिनियम और पेसा कानून के तहत कानून व्यवस्था के रहते आज आदिवासी समाज असुरक्षित महसूस कर रहा है। परिषद् के कार्यकारी अध्यक्ष बाना मुंडा ने कहा कि सीएनटी एक्ट कानून के रहते हुए आज आदिवासियों के घर, जमीन की लूट जारी है। आदिवासियों की जनसंख्या में गिरावट आ रही है। अखिल भारत आदिवासी विकास परिषद की यह मांग है कि पेसा कानून को हुबहू लागू करके ही आदिवासियों के हक, अधिकार एवं संस्कृति को सुरक्षित किया जा सकता है। इस बैठक में अजय लिंडा, बाना मुंडा, बंधु कच्छप, जयराम किस्फोटा, प्रदीप लकड़ा, दीपक जयसवाल, नीरज सहाय आदि उपस्थित थे।

# राजधानी में सुपर स्टार जादूगर जे कुमार का भव्य शो 10 मई से



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** देश के बड़े शहरों और जापान में सुपर हिट हाउसफुल मैजिक करने वाले शो मैन जादूगर जे. कुमार सीनियर और जूनियर अब अपने पचास से ज्यादा महिला पुरुष कलाकारों और सहयोगियों के साथ आए हैं। कचहरी के वेंडर मार्केट स्थित द रॉयल हाइट बैंक्वेट हॉल में 10 मई से भव्य जादू की शुरूआत होगी। जादूगर जे कुमार के पीआरओ मदन भारती ने बताया कि शो में ऐसे ऐसे जादुई करतब शामिल है जिसे झारखंड प्रदेश में दूसरा कोई जादूगर अबतक नहीं दिखाया है। स्टेच्यू ऑफ लिबर्टी का गायब होना, मंच पर हेलीकॉप्टर यात्री समेत प्रकट होना, नोटो की बरसात, लड़की का खूंखार जानवर बनना आदि अनेक करतब दो घंटे के शो में तो है। इसके अलावा हास्य भरे करतब भी और सामाजिक जन संदेश भी है जो निश्चित रूप से दर्शकों को खूब पसंद आएगा। उन्होंने बताया कि यहां रोजाना दो शो संध्या 4 बजे और 7 बजे से शुरू होंगे जबकि सप्ताह में दो दिन शनिवार, रविवार और अवकाश के दिन तीन तीन शो 1 बजे, 4 बजे और 7 बजे से होंगे। शो का टिकट काउंटर हॉल पर है जहां से टिकिट ले सकते हैं और ऑनलाईन भी घर बैठे अपने मोबाइल से ही टिकट बुक कर सकते हैं।

# रांची जिला राजद ने प्रखंड पदाधिकारी की सूची सुबोधकांत सहाय को सौंपी



**रांची।** रांची जिला राजद अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय से मिला और रांची लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले जिले के सभी नौ प्रखंडों के राजद पदाधिकारियों की सूची सौंपी। सूची में सभी पदाधिकारियों का नाम, पता और मोबाइल नंबर दिया गया है ताकि लोकसभा चुनाव में गठबंधन की कांग्रेसी प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में हर संभव मदद पहुंचाई जा सके। मुलकात के क्रम में श्री सहाय ने श्री महतो से कहा कि वह रांची जिला राजद के सभी प्रखंड अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए युद्ध स्तर पर जुट जाने का निर्देश दें। श्री महतो ने आश्वस्त किया कि रांची जिला के सभी नौ प्रखंडों के राजद कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में पूरी सक्रियता से भाग लेंगे। प्रतिनिधिमंडल में रामभजन सिंह, नंदलाल कुमार वाल्मीकि, करण कुमार मंडल, संतोष साह, नरेंद्र कुमार यादव, विजय राय, विशाल कुमार, चंचल कुमार, विद्या विनोद सिंह और विनोद सिंह शामिल थे।

# कांग्रेस पार्टी के विरुद्ध पीएम का बयान समाज में वैमनस्यता फैलाने वाला: शाहनवाज नैयर अंसारी



रांची। राजद मोमिन कॉन्फ्रेंस के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज नैयर अंसारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि मोदी जी को शायद यह पता नहीं है कि मुसलमान में अंसारी, इराकी, कुरेशी, डफाली, धुनिया, धोबी, मुकेरी, दर्जी, गद्दी आदि भी ओबीसी श्रेणी में आते हैं इसलिए इन्हें आरक्षण का लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी का बयान सामाजिक वैमनस्यता फैलाने वाला है। उन्होंने कहा कि यह पता होना चाहिए कि देश की आजादी में अंग्रेजों के तलवे चाटने वाले चाटुकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे थे। आजादी की लड़ाई में हिंदुओं के साथ-साथ कदम से कदम मिलाकर मुसलमानों ने भी हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया। उन्होंने कहा कि झारखंड के शहीद शेख भिखारी एवं बिरसा मुंडा की धरती पर मोदी जी को कदम रखकर झूठ व बरगलाने वाली बात नहीं करनी चाहिए थी।

## व्यय पर्यवेक्षक पहुंचे सिमडेगा, व्यय अनुश्रवण टीम के साथ बैठक कर दिए जरूरी दिशा निर्देश

# पेट्रोल पम्पों में ट्रांजेक्शन व वितरण पर रखें निगरानी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर 11-खूंटी क्षेत्र के व्यय गतिविधियों का आकलन के लिए व्यय पर्यवेक्षक एसआर नेदुमारन ने सिमडेगा जिले का भ्रमण किया। इस दौरान व्यय पर्यवेक्षक ने सिमडेगा परिसदन भवन सभागार में चुनाव व्यय अनुश्रवण टीम के पदाधिकारियों संग बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि व्यय अनुश्रवण के लिए चिन्हित सभी संस्थाएं, आचार संहिता एवं विधि व्यवस्था कोषांग, मीडिया कोषांग, व्यय कोषांग, सहित सभी सर्विलांस टीम, फ्लाइंग स्कॉयड, वीडियो वीविंग टीम आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। सभी का एकीकृत उद्देश्य हो कि स्वंतत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने एवं अनाधिकृत व्यय को रोकने के मद्देनजर बैंक में होने वाले बड़े ट्रांजेक्शन या निकासी की सूचना, नकदी वितरण व पेट्रोल पंप की निगरानी करते हुए जब्ती की सूचना व्यय कोषांग को उपलब्ध कराई जाए। चेक नाका और अपने सूचनातंत्र के आधार पर अवैध शराब, नगदी, उपहार की वस्तु, ड्रग्स सहित असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया।

मौके पर उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि अब तक 4 लाख 46 हजार मूल्य के अवैध शराब व जावा, महुआ व अन्य की बरामदगी की गई है। अनुमंडल पदाधिकारी ने अब तक 10 लाख नगदी बरामद करने की सूचना दी, जिसमें 9 लाख मुक्त की जा चुकी है। उन्होंने फ्लाईंग स्क्वायड टीम तथा एसएसटी टीम द्वारा आदर्श आचार संहिता व व्यय अनुवीक्षण का पालन कराये जाने के लिए संचालित की जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

व्यय पर्यवेक्षक ने मतदान के तीन दिन पूर्व आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम, सामाजिक कार्य, त्योहार आदि में जुटे लोगों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। पेट्रोल पम्पों में ट्रांजेक्शन व वितरण पर भी निगरानी रखी जाये। इसके अलावा व्यय पर्यवेक्षक ने बांसजोर प्रखंड के अंतर्गत इंटर स्टेट बॉर्डर पर स्थित चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां गुजरने वाली सभी गाड़ीयों का अच्छे से चेकिंग करने का निर्देश दिया।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, अनुमंडल पदाधिकारी सुमन तिर्की, उत्पाद अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार, जिला जंनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी गौरव कुमार, सहायक व्यय प्रेक्षक आदि पदाधिकारी थे।

## खबर एक नजर में

### यशस्विनी के नामांकन को लेकर बैठक

**रांची।** इंडी गठबंधन की उम्मीदवार यशस्विनी सहाय के नामांकन की तयारी को लेकर वार्ड 15 में रविवार को बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेसी नेता दीपक लाल ने कहा कि नामांकन ऐतिहासिक होगा। कांगेस ने युवा उम्मीदवार देकर आम लोगों का दिल जीत लिया है, खास कर के युवाओं और महिलाओं का। इस बार इंडी की सरकार बनेगी। इस बैठक में निजाम अलि, बाबु खान, फिरोज आदि उपस्थिति थे।

### धर्मेंद्र तिवारी ने रांची में चलाया जनसंपर्क अभियान

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी ने रविवार को जनसंपर्क कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने चुनावी अभियान की शुरूआत मेकॉन ग्राउंड से की। जहां उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ बातचीत की। इसके बाद धर्मेंद्र तिवारी ने एक वरिष्ठ उद्योगपति से मुलाकात की, जहां राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके बाद पूर्व पार्षद अर्जुन राम से सहायता की अपील की।

### भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की हुई बैठक



**रांची।** हटिया विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक रविवार को कटहल मोड़ स्थित प्रधान कार्यालय में हुई। बैठक में हटिया विधानसभा के प्रभारी प्रदीप सिन्हा ने सभी प्रबंध समिति के सदस्यों के कार्यों की समीक्षा की। विधानसभा के संयोजक के के गुप्ता ने प्रबंधन समिति के सदस्यों से कहा कि ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों के बीच जाकर मोदी के कार्यों की जानकारी दें। 25 मई को होने वाले चुनाव में मतदाता ज्यादा से ज्यादा घरों से निकलकर मतदान करें। बैठक में अरुण पांडे, रोहित शारदा, अर्जुन राम, राकेश चौधरी, संजीव तिवारी, परमेश्वर गोप, हजारी प्रसाद, टुनटुन यादव, नवीन झा, सुधाकर चौबे, कुंदन सिंह, अशोक यादव, आलोक कुमार श्रीवास्तव, परमेश्वर गोप, कुमुद झा, अर्चना सिंह, निशि जायसवाल, नीलम चौधरी, पूनम जायसवाल, रेणुका पासवान, रेखा देवी थे।

### मारवाड़ी +2 के शिक्षक को मातृशोक



**रांची।** मारवाड़ी +2 उच्च विद्यालय में कार्यरत शिक्षक कुमार सत्य प्रकाश और बैंक ऑफ बड़ौदा से सेवानिवृत्त अधिकारी इनके भाई कुमार जयप्रकाश की 81 वर्षीय माताजी मालती सिंहा का निधन बीते शुक्रवार को हो गया। कुमार सत्य प्रकाश ने बताया कि शुक्रवार को शाम 6 बजे हृदय गति रुक जाने से उनका स्वर्गवास हो गया है। वे अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री, दो पौत्र, दो पौत्री तथा तीन नाती छोड़ कर गई है।

### जय मां रक्षाकाली मंदिर में पूजा कल



**रांची।** मां एवं शिवकाली समिति के सौजन्य से जय रक्षा काली मंदिर मेसरा में सात मई को धूमधाम से इस साल भी होगी पूजा। मंदिर के पूजारी रामकिशुन महतो ने बताया कि बैशाख के अमावस्या पर हर साल पूजा होती है। उन्होंने बताया कि सुबह में 5 बजे से महाभोग प्रसाद का वितरण किया जाता है पूजा को सफल बनाने में टीपू महतो, राजा महतो तारकेश्वर महतो गंगा कारमाली, प्रीतम साड़ लोहरा, गोपी महतो, प्रभात महतो, सुरज प्रकाश, सुरेंद्र महतो श्याम कारमाली, राहुल प्रकाश समेत गांव के सभी लोग जुटे हुए हैं।

### मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा की बैठक



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा के नये सत्र (2024 -25 ) की दूसरी कार्यकारिणी की बैठक शाखा की नवनिर्वाचित अध्यक्षा विनीता सिंघानिया की अध्यक्षता में रविवार को हुई। बैठक में पिछली बैठक की कार्यवाही सभापटल में रखी गई। बैठक में मई माह में होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की गई जिसमे विशेष रूप से मदर्स डे , रक्तदान शिविर, स्वस्थ जाँच शिविर, स्थायी अमृतधरा, मंडलीय सभा में उपस्थिति , सावन मेला का आयोजन जैसे कई कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। मौके पर कोषाध्यक्ष दीपिका टेकरेवाल ने अपनी रिपोर्ट पेश की। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### पूर्वी इकाई ने आयोजित की महिला काव्य गोष्ठी

**रांची।** महिला काव्य मंच की पूर्वी इकाई ने रविवार को ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया। मौके पर सारिका भूषण, रेणु झा रेणुका, नरेश नाज, डॉ. सूरिंदर कौर नीलम, प्रीता झा, सुनीता अग्रवाल, मधुमिता साहा, आकांक्षा चौधरी, जयपूर्णा विश्वकर्मा, उर्मिला सिन्हा,रेखा जैन, रश्मि सिन्हा, मोनिका प्रसाद, बिम्मी प्रसाद, सुनीता श्रीवास्तव सब्बू, मंजुलिका भारती मंजुला शरण, कल्याणी झा, रेखा पांडेय, सुमिता सिन्हा, अनुपम श्री, मंजुला सिन्हा, प्रतिभा मिश्र, खुशबू बरनवाल, बिन्दु प्रसाद रिद्धिमा, अनुप्रभा ने काव्यपाठ किया। गोष्टी का संचालन प्रीता ने किया।

### बिग शॉप ने कर्मचारियों को किया सम्मानित




**रांची।** चर्च कॉम्प्लेक्स स्थित बिग शॉप में रविवार को वार्षिक पुरस्कार एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उन कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया जिन्होंने विगत वित्त वर्ष में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। साथ ही सलवार सूट, किड्स बॉयज, शार्टिंग शूटिंग और बेबीज शॉप के इंचार्ज और कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया गया। विजेताओं को चांदी के सिक्के, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया। इस वर्ष किशोर कुमार पांडेय, स्टोर के स्टार परफॉर्मर रहे। बिग शॉप के डिस्ट्रीब्यूटर को संस्थान के संचालक संतोष जैन ने समन्नित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से संतोष जैन, विजय जैन, श्रद्धा जैन, राजेंद्र जैन और सत्यव्रत उपस्थित थे।

### इंटर स्कूल टेबल टेनिस में सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल बना विजेता

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में चल रही टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन रविवार को हो गया। इस प्रतियोगिता में टीम इवेंट बालक वर्ग का विजेता सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल बना। वहीं दूसरे स्थान पर डीपीएस रांची और तीसरे स्थान पर मदर इंटरनेशनल की टीम रही। वहीं बालिका वर्ग में पहले स्थान पर मदर इंटरनेशनल, दूसरे स्थान पर फिरायालाल पब्लिक स्कूल व तीसरे स्थान पर डीएवी गांधी नगर की टीम रहीं। अंडर 19 बालक वर्ग में विजेता बनें अलीशद खान (सुरेंद्र नाथ), उपविजेता बनें आदित्य डे (लोयोला), तीसरे स्थान पर अमनमिंज (मदरइंटरनेशनल)रहें तथा बालिका वर्ग में विजेता रही पूर्वषा (फिराया लाल), उप-विजेता रहीं शान्वी कुमारी (लोरेटो) तथा तीसरे स्थान पर रचित महतो (मदर इंटरनेशनल) की टीम रही। सभी विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी असुंता लाकड़ा ने सभी को बधाई दी। मौके पर डॉ एसबीपी मेहता और एकेडमिक डॉ सिमी मेहता मौजूद थी।

# महिलाओं को समृद्धि की राह दिखा चली गई पार्वती कुमारी

## बेड़ो के बाजार टांड स्थित सरना मसाला में हुआ अंतिम संस्कार, पंचतत्व में हुई विलीन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** सशक्त नारी, खुद के साथ दूसरों का भी जीवन बदलती है। ऐसी ही थी बेड़ो पूर्वी की जिप सदस्य पार्वती कुमारी जो स्वयं आत्मनिर्भर होकर दूसरों को भी समृद्ध व सशक्त बनाई। पार्वती ने लगभग 25 वर्ष पूर्व महिलाओं के उत्थान के लिए दुर्गा महिला मंडल बनाई थी। बचत के दस-दस रुपये जमा करने शुरू किए थे। समूह के जमा पैसे से एक दूसरे की मदद होती है।उन्होंने गांव की महिलाओं का जीवन स्तर भी देखा जो अपनी आजीविका चलाने के लिए संसाधनों की मोहताज थीं। खुद महिला होने के नाते वह महिलाओं की स्थिति को भलीभांति समझती थीं। इसीलिए गरीब महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का बीड़ा उठाया। जहां उन्हें बचत करना सिखाया जाता है, जहां उन्हें जीवन जीने की नई प्रेरणा मिली।

हौंसले निसंदेह प्रशंसा के योग्य हैं। गांव की घरेलू महिलाओं के बीच से ही निकली यह महिला उनके सुख-दुख में सहभागी होकर उनके जीवन में खुशियां बरसा चली गई।

वहीं रविवार को पूरे दिन गुमला रोड में मातम का माहौल बना रहा। पोस्टमार्टम के बाद शव जब पैतृक निवास स्थान गुमला रोड पहुंची जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों दुकानदारों व युवकों ने पहुंचकर दिवंगत जिप सदस्य को श्रद्धांजली दी एवं शोक संतप्त स्वजनों के प्रति संवेदना प्रकट किया।


जिला परिषद सदस्य पार्वती कुमारी का फाइल फोटो।


जिला परिषद सदस्य पार्वती कुमारी का शव यात्रा।


अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़।

### गुमला रोड में लगा भाजपाइयों का तांता, हर किसी की आंखें नमक

ट्रेन दुर्घटना में जिप सदस्य की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। वही भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकताओं में भी शोक की लहर है।अंतिम संस्कार बेड़ो बाजार टांड़ के मसना में किया गया।मुखाग्नि पति जगरनाथ भगत ने दिया। जहां बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। गांव की महिलाओं के अनुसार पार्वती कुमारी सरल स्वभाव मिलनसार थी।और हर कोई उनके व्यवहार की प्रशंसा करता था। हादसे में पार्वती कुमारी की मौत की खबर मिलते ही भाजपा के लोहरदगा लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की लोहरदगा लोकसभा संयोजक सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर,शिव शंकर उरांव, लोहरदगा लोकसभा सह संयोजक सन्नी टोप्पो रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत जिला परिषद पूनम देवी, हिंदिया टोप्पो,सुषमा देवी, आशुतोष तिवारी,परमेश्वर भगत, बेरोनिका उरांव वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री रमेश बाबू प्रांत मंत्री सुशील मरांडी संदीप उरांव,मेघा उरांव, सन्नी उरांव,राजू उरांव जय मंत्री उरांव रांची जिला मुखिया अध्यक्ष सोमा उरांव मुखिया सुशांति भगत,लक्ष्मी कोया,नीरज कुजूर, जतरु उरांव, पंसस राखी भगत, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश महामंत्री वाणी कुमार राय,धनंजय कुमार राय,राकेश भगत, जुगेश उरांव, भीखा उरांव, अनिल उरांव, राजीव रंजन अधिकारी, भोगेन सोरेन चंद्र किशोर उरांव, जगरनाथ उरांव, महादेव कुजूर, सुनील कच्छप, गणेश महथा, मुकेश कुमार राय, विश्वनाथ गोप,सुरेश प्रसाद साहू, सुखदेव कच्छप, बलराम सिंह, नवदीप महतो भाई दिनेश भगत, पति जगरनाथ भगत तारा लकड़ा, नवीन मिंज, शनि उरांव, साजन मुंडा, बुदा उरांव, बुधवा पहान, अशोक खलखो, सुशीला भगताईन, चुमानी उरांव, रवि शशि सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे। दोपहर में शव स्वजनों को सौंपा गया। शव घर पहुंचते ही स्वजनों और रिश्तेदारों में चीख-पुकार मच गई।

## एक नजर में

### एसएसबी के जवानों ने मनाया पर्यावरण दिवस



**राहे।** पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एसएसबी 26 वी वाहिनी के कमांडेंट एसडी शेरखाने निदेर्शानुसार एसएसबी 26 वी बटालियन के ए कम्पनी सताकी के जवानों के द्वारा सताकी के अन्तर्गत ग्राम हल्दीबेड़ा गांव में पर्यावरण जागरूकता अभियान कार्यक्रम किया गया। गांव के बच्चे,महिला और पुरुषों के बीच पर्यावरण से संबंधित जानकारी दिया गया। कम्पनी कमांडर शशि कुमार ने बताया कि कैसे पर्यावरण को बचाना है और भविष्य में क्या लाभ मिलेगी ।इस अभियान में ए कम्पनी के कमांडर शशि कुमार के साथ सहायक उपनिरीक्षक तिलक राज, और अन्य जवान इस अभियान में मौजूद थे।

### बूथ स्तर में चलाया जा रहा है मतदाता जागरूकता अभियान



**राहे।** प्रखंड के पर्वतीय दुर्गम क्षेत्र के अम्बाझरिया पंचायत के चंदवाटुंगरी बूथ 149 में लोगो के बीच मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।सेविका और बीएलओ जालीबीना टोप्पो के द्वारा ग्रामीणों के बीच मतदान प्रक्रिया को बारीकी से बताया गया।इस दौरान मतदाता पर्ची का वितरण किया गया।

### पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार कार्यक्रम आयोजित



**इटकी।** इटकी के मुख्य सीएनआई चर्च में रविवार को आयोजित पवित्र दृढ़ीकरण संस्कार कार्यक्रम में पचास युवक युवतियों का दृढ़ीकरण संस्कार कराया गया। महा मान्यवर दीपक स्वामी बीबी बास्के द्वारा संस्कार के सभी विधि संपन्न कराये गये। बीबी बास्के ने दढ़िकरण संस्कार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर सीएनआई डायोसिस के सचिव पादरी जॉल्जेस कुजूर, डिसेशन पादरी दहंगा, पादरी एन कंडूलना, सहायक पादरी जे तिर्की, अनूप टोप्पो, आसरेन कच्छप, मरियम खलखो, पीटर मिंज, निशित तिग्गा सहित काफी संख्या में मसीही परिवार के सदस्य मौजूद थे।

### तीन दिवसीय यज्ञ समारोह का शुभारंभ



**ठाकुरगांव।** कांके प्रखंड के मनातु टंगटंगटोला गांव में श्री हनुमान मंदिर का द्वितीय वार्षिकोत्सव सह तीन दिवसीय यज्ञ समारोह का शुभारंभ रविवार को कलशयात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में 501 कन्याओं व महिलाओं ने भाग लिया।कलश वितरण सांसद संजय सेठ,भाजपा के वरीय नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाश,ठानो मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर सांसद ने कहा कि यज्ञ होने से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है। साथ ही उन्होंने कहा कि जहां धर्म होता है वहां साक्षात ईश्वर का वास होता है। कलशयात्रा के दौरान महिलाओं के गगनचुंबी जयघोषों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। यज्ञ के सभी अनुष्ठान आचार्य रुद्रनाथ मिश्रा,अविनाश मिश्रा व वरुण वैद्य के सानिध्य में सम्पन्न हो रहा है। कलशयात्रा के आयोजन में समिति के विनोद महतो,रामकिशुन महतो,मनोज गोप,राजेश गोप, दिलीप महतो,अवधेश महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## स्पीड न्यूज

### कार्यकर्त्ता अपने अपने बूथ को जीतने का काम करें : कर्मवीर

**नामकुम।** रविवार को भाजपा खिजरी विधानसभा कोर कमेटी,प्रबंध समिति मंडल अध्यक्ष एंव मंडल प्रभारियों की बैठक टाटीसिलवे के बालाजी रेस्टोरेंट में हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह उपस्थित थे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संगठन महामंत्री ने कहा कि आगामी 11 से 14 मई तक सभी षक्ति केन्द्रो पर पथ सभा कर बूथ स्तर के लोगों ,समाजिक कार्यकर्त्ताओ एंव बुद्विजीवियों और आमजनों को पाट्री की नितियों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और कार्यो को बताना है, तथा आगामी चुनाव में भाजपा को भारी मतों से जीताने की बात कहनी है। संगठन मंत्री ने कार्यकत्ताओं को निर्देष देते हुए कहा कि आज से बीस दिनों तक क्षेत्र में कार्य करते हुए अपने अपने बूथ को जीतने का भी काम करना है ताकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चार सौ पार की सोच को पूरा किया जा सके। कार्यक्रम को पूर्व विधायक रामकुमार पाहन,जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो,पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार,पार्सद रोषनी खलखो,प्रदेष अध्यक्ष आरती कुजूर, राजन साहु,अषोक मुण्डा, सुनील महतो आदि लोग उपस्थित थे।

### अज्ञात चोरों ने नगद समेत गहनों की चोरी की

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के उरुगुट्टू गांव में बंद घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने नगद समेत गहनों की चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार गांव के डिब्रु महतो के सभी परिजन घर बन्द करके सब्जी बेचने बाजार गये थे। इसी बीच अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर मे रखे 80 हजार नगद,जेवरात समेत अन्य सामानों की चोरी कर लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। विदित हो कि क्षेत्र में बंद घर से पिछले एक महीने में कई घरों से चोरी हुई है।

# ट्रैक्टर के पलटने से एक युवक की हुई मौत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के जिंतु पंचायत के मिटकुटोला के सामने रविवार सुबह पांच बजे एक बालू लदा ट्रैक्टर पलटने से चालक 22 वर्षीय युवक सत्यानारायण सिंह मुंडा का मौत हो गया है। घटना की सूचना पर सोनाहातू पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए रिम्स भेज दिया है। घटना के संबध में स्थानीय लोगों ने बताया कि चोरी छिपे बालू लेकर ट्रैक्टर जा रहा था।



हड़बड़ी मैं संतुलन बिगड़ जाने से ट्रैक्टर पलट गया जिससे चालक का मौत हुआ है। मृतक सोनाहातू थाना क्षेत्र के गोमियाडीह गांव का रहने वाला था। मृतक के माता पिता नही है। एक वर्ष पूर्व ही शादी किया था।

# भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने खलारी प्रखंड में चलाया जनसंपर्क अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** रांची लोकसभा के निवर्तमान सांसद सह वर्तमान भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने खलारी प्रखंड के विभिन्न गांवों एवम मोहल्लों में जनसंपर्क अभियान चलाया। कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में पहाड़ी मंदिर से जनसंपर्क अभियान का आगाज किया। मंदिर में संजय सेठ एवम कांके विधायक समरीलाल ने माथा टेक कर बजरंग बली एवम भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात लपरा तथा हेसालोंग में ग्रामीण महिलाओं की एक सभा को संबोधित किया एवम ग्रामीण महिलाओं तक पहुंच रहे केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। उसके बाद नावाडीह में ग्रामीण महिलाओं एवम लोगों से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना तथा लोगों से मोदी जी के नेतृत्व में एक बार फिर से पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की अपील की। उसके बाद केडी बाजार में कुछ व्यवसायियों से मिलकर



व्यवसायिक संघ खलारी के सभी लोगों से मिलने की तारीख सुनिश्चित कर उन्हें इंगित करने की प्रार्थना की। जनसंपर्क करते हुए डकरा स्थित बीएमएस कार्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व बीएमएस के कार्यकताओं की संयुक्त बैठक कर संबोधित करते हुए मां भारती को परम वैभव के उच्चतम शिखर पर विराजमान करने हेतु मोदी जी के हाथो को और सशक्त बनाने का आह्वाहन किया।

सभी कार्यकताओं ने एक स्वर में अबकी बार चार सौ पार के नारे को बुलंद किया। जनसंपर्क डकरा से राय बाजार होते हुए बमने पंचायत तक चला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री प्रीतम साहू, मंडल महामंत्री कार्तिक पांडे एवम अनिल गंझू, सरस्वती देवी, अरविंद सिंह, शत्रुंजय सिंह, श्याम सुंदर सिंह, आनंद सिंह, आनंद झा, भरत रजक, मनोज जायसवाल, रविन्द्र पासवान, रवि भूषण, दिनेश गुप्ता, जितेंद्र भारती, शशि साहू, रामसूरत यादव, राजू गुप्ता, कमलेश महतो, संजीत तुरी, अनिल तुरी, प्रदीप ठाकुर, लाल बाबू , रितेश केसरी, दिनेश्वर सोनी, नागदेव सिंह, रतनलाल, रामप्रवेश नायक, प्रदीप सिंह, बिनोद शर्मा, मदन सिंह, उज्जवल सिंह,अजीत पांडे, राहुल सिंह, ममता केसरी, नीरा देवी, सरिता देवी, दीपशिखा देवी,अनीता देवी,आदि मौजूद थीं।

# सर्वांगीण विकास को लेकर जागरूक मतदाताओं ने पांच सूत्री मांग को लेकर निकाली रैली

### एक प्रयास-तमाड़ का विकास के बैनर तले हुआ प्रदशन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तमाड़।** सर्वांगीण विकास को लेकर लोकसभा चुनाव से पूर्व तमाड़ की आम जनता ने एकजुटता दिखायी। पांच सूत्री मांगो को लेकर आम जनता पक्ष और विपक्ष के नेताओ से चुनाव के पश्चात सभी पांच मांगो को पूरा करने का मांग को लेकर रहे गारंटी मांग रहे है। मांगो के समर्थन में तमाड़ की आम जनता द्वारा एक प्रयास - तमाड़ का विकास के बैनर तले रविवार को तमाड़ में बाइक रैली निकाली गयी। जिसका थीम रखा गया जागरूक मतदाता भाग्य विधाता। बाइक रैली में कोठारी बंधु चौक से शुरू होकर तमाड़ स्टैंड, नीचेटोली, रायडीह, दिऊड़ी, आमलेशा आदि जगहों से मतदाताओं को जागरूक करते हुए



पुनः कोठारी बंधु चौक में आकर समाप्त हुआ। आम जनताओ की मांग तमाड़ स्टैंड स्थित फार्म की असिंचित परती भूमि में विशाल मॉडल कॉलेज निर्माण और उसके चहारदीवारी में मार्केट निर्माण, तमाड़ बड़ा तालाब के चारो और सौंदर्यीकरण और एक्यूप्रेशर जॉगिंग पार्क निर्माण, पतरा वन में जैविक उद्यान और वन्य प्राणी आश्रयणी और पर्यटन विकास, पुंडीदिरी गांव में नदी और पहाड़ों में पिकनिक स्पॉट के रूप में पर्यटन विकास के कार्य, बहुप्रतीक्षित नामकुम कांड्रा और खूंटी तमाड़ नई रेल पथ प्रोजेक्ट को जमीन में उतारना आदि मांग को लेकर नारेबाजी करते हुये रैली निकाली गयी। मौके पर दर्जनों युवा, बुद्धिजीवी, प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

# नवनिर्मित शिव हनुमान मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव आज से

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के जरिया नहर टोली गांव में ग्रामीणों द्वारा नव निर्मित शिव हनुमान मंदिर का पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह भागवत कथा का आयोजन आज सोमवार से शुभारंभ होगा। इस दौरान भव्य कलश यात्रा व धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 10 मई तक चलेगा। वहीं कार्यक्रम के दौरान वृंदावन के कथा व्यास निकुंज लाडली के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। वही धार्मिक अनुष्ठान में हवन आरती, रामायण पाठ, हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। साथ ही पांच दिनों तक श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। इधर पांच दिवसीय धर्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में प्रखंड व गांव के युवा, समाजसेवी व बुद्धिजीवी सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

# टीचर ट्रेनिंग कर रहे छात्राओं को मिला अध्ययन सामग्री

**बेड़ो।** झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी के अध्ययन केंद्र बेड़ो में टीचर ट्रेनिंग कर रहे छात्राओं को अध्ययन सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर अध्ययन केंद्र के कोऑर्डिनेटर प्रीतम कुमार ने कहा कि पढ़ रहे छात्राओं को सत प्रतिशत छात्रवृत्ति मिलेगी एवं सेकंड बैच का नामांकन डिप्लोमा इन रूरल डेवलपमेंट पीजी डिप्लोमा इन रूरल डेवलपमेंट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट इत्यादि कोर्स में छात्रवृत्ति के साथ नामांकन जारी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेश्वरी महतो, विशिष्ट अतिथि विजय कुजूर, आशीष प्रमाणिक श्रीमंत चटर्जी, कल्याणी कुमारी एवं छात्राएं उपस्थित हुए।

# डाकुआ मुंडा को बाइक नहीं मिलना विभागीय उदासीनता : उमेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** राज्य सरकार द्वारा घोषणा के बावजूद मानकी, मुंडा, डाकुआ व परणैत को दो पहिया वाहन नही मिला है। साथ ही विभाग द्वारा कोई पहल भी नही किए जाने पर ग्राम प्रधानों द्वारा राज्य सरकार के प्रति नाराजगी जताई गई है। ग्रामप्रधान संघ के जिला अध्यक्ष उमेष बड़ाईक ने विभाग द्वारा कोई पहल नही किए जाने पर रोष जताते कहा वित्तीय वर्ष 2023-24 में झारखंड राज्य अंतर्गत मानकी, मुंडा डाकुआ व परणैत आदि को दो पहिया वाहन उपलब्ध कराने की बात कही गई


रोष व्यक्त करते ग्राम प्रधान गण।

थी। 26 जून 2024 को अपर समाहर्ता रांची के द्वारा सभी अंचल अधिकारी जिसमें (शहर, हेहल अरगोड़ा, बड़गाई) को छोड़कर पत्र प्रेषित भी किया गया था। जिसमें परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग रांची के पत्रांग 132 अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में झारखंड राज्य अंतर्गत सभी मानकी, मुंडा डाकुआ व परणैत आदि को दो पहिया वाहन उपलब्ध कराने के लिए दो दिन के अंदर विहित प्रपत्र में भरकर विभाग को उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था। लेकिन दो माह से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी अभी तक विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे स्पष्ट होता है कि विभागीय उदासीनता रवैया के कारण हम सभी को दो पहिया वाहन नही मिला। राज्य सरकार द्वारा मानकी, मुंडा, डाकुआ व परणैत को ठगने का आरोप लगाते हुए संघ द्वारा राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन करने की भी चेतावनी दी गई है। रोष जताने वालों में जिला अध्यक्ष के साथ भीम सिंह मुंडा, सोमरा उरांव, बालेष्वर बेदिया, षिवषंकर मुंडा, राजु मुंडा, बाबुलाल मुंडा, षिवलाल पाहन, दीपक पाहन, सतीष उरांव, नरेंद्र मुंडा सहित कई लोग शामिल थें।

# मां रक्षा काली पूजा कल, तैयारी पूर्ण

### उड़िसा व बंगाल से भी पूजा करने पहुंते है भक्तगण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** मां रक्षा काली मंदिर मेसरा में सात मई को एक दिवसीय मां रक्षा काली पूजा धूमधाम से की जाएगी। मंदिर समिति के अध्यक्ष भगवान शेखर ने बताया यह पूजा करीब 158 वर्ष से किया जा रहा है। बताया मंगलवार को सूर्यास्त होने के बाद मां रक्षा काली की पूजा शुरू होने के बाद दूसरे दिन बुधवार को सूर्योदय होने तक किए जाने की परंपरा है। बताया कि मां रक्षा काली पूजा करने वालों की मनत पूर्ण होती है। यही कारण है कि आसपास क्षेत्र


मेसरा स्थित मां रक्षाकाली मंदिर ।

ही नही मां रक्षा काली की पूजा करने बंगाल व उड़िसा से माता काली के भक्तगण पहुंचते हैं। मनत पूर्ण होने व मनत मांगने पहुंचे भक्तों द्वारा पूजा के दौरान हजारों की संख्या में बकरे की बलि देते हैं। पूजा महोत्सव को लेकर क्षेत्र में उत्साह व भक्ति का वातावण है। वहीं प्रमुख सोमनाथ मुंडा, जिप सदस्य संजय कुमार, मुकेश ठाकुर, विनोद केसरी, अमर शेखर पियुष शेखर, समिति के सदस्य व ग्रामीणा पूजा को सफल बनाने की तैयारी में लगे हैं।

# बोकारो जदयू की बैठक में भाजपा प्रत्याशी के विरोध में स्वर हुआ तेज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** स्थानीय सेक्टर12 स्थित जनता दल यू कार्यालय में बोकारो विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ जनता दल यू कार्यकताओं की बैठक संपन्न हुई। मौके पर सभी कार्यकताओं का विचार सुना गया। तत्पश्चात पूर्व बियाड़ा अध्यक्ष व वरीय जदयू नेता अशोक चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में संवैधानिक तौर पर सांसद खीरू महतो जी अध्यक्ष नहीं है।

जब वह अध्यक्ष थे तब भी डेढ़ वर्षो में वह कार्यकारिणी का गठन नहीं कर पाए और संगठन को सुदृढ़ और सशक्त बनाने के बजाय दल को दिशाहीन करने का कार्य किया और नीतीश जी द्वारा प्रदत शक्ति का दुरुपयोग किया।श्री चौधरी ने कहा की बिहार कोटे से एक महतो समुदाय के व्यक्ति को नीतीश कुमार जी द्वारा राज्यसभा सदस्य बनाना झारखंड के प्रति उनके स्नेहिल स्वभाव को दशार्ता है और पिछड़ों को सशक्त बनाना उनका मकसद था। लेकिन श्री महतो ने अपने सशक्तिकरण पर ज्यादा ध्यान देने का काम किए है। श्री चौधरी ने कहा कि इन्होंने संगठन को सुदृढ़ बनाने के बजाय पार्टी में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी डीआईजी संजय रंजन जैसे लोगों को पार्टी में आने में बाधा उत्पन्न करने का काम



किया। श्री चौधरी ने कहा कि कई साथियों ने लोकसभा चुनाव में समर्थन के सवाल पर अपना विरोध प्रकट किया लेकिन उनका विरोध प्रत्याशी ढुल्लू महतो से नहीं बल्कि पूर्व के विधानसभा चुनाव में बोकारो भाजपा नेताओं द्वारा भीतरघात करने को लेकर है। नेताओं ने इस संदर्भ में राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार जी से दिशा निर्देश प्राप्त करने पर भारी जोर दिया और इसके लिए अशोक चौधरी को कहा। श्री चौधरी ने कहा कि आप पार्टी के स्थापना काल से जुड़े हुए पुराने साथी हैं हम आपके विचारों को शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाएंगे। बैठक में सर्वसम्मति से 19 मई को बूथस्तरीय कार्यकर्ताओ की बैठक बुलाई गई है जिसमे पार्टी नेतृत्व का निर्देश प्राप्त कर निर्णय लेगी। बैठक का संचालन डॉ के कुमार ने किया। बैठक को संबोधित करने वालो में प्रवीण कुमार वाल्मीकि सिंह कौशल राय दिलीप महतो प्रेम यादव जनार्दन चौधरी रविंद्र कुमार विनोद कुमार तारकेश्वर प्रसाद अब्बू कमाल महेंद्र सिंह रामनरेश प्रसाद अनिरुद्ध जी शंकर स्नेही सिंह अशोक कुमार सिंह विजय यादव शंकर प्रसाद श्याम राय बृजभूषण सिंह चंद्र भूषण सिंह कन्हाई महतो विनोद सिंह दिवाकर महतो जितेंद्र राय राज किशोर पानु महतो कामता ठाकुर नारायण कश्यप शशि कुमार जोगिंदर केवट युधिष्ठिर सिंह विष्टु महतो राकेश कुमार कन्हैया यादव सुभाष महतो चंदू महतो ओमप्रकाश गोविंद ठाकुर राजू शर्मा श्रीकांत शर्मा दशरथ सिंह विकेश सिंह सीताराम महतो डॉ केके सिंह राजेश कुमार राजकुमार शैलेंद्र कुमार अभय कुमार अशोक राय मुन्ना शर्मा परमहंस सिंह धर्मेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

## एक नजर में

### डीपीएस बोकारो में विद्यार्थियों ने सीखे टेराकोटा शिल्पकला के गुर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** विद्यार्थियों को अपनी गौरवशाली संस्कृति परंपरा और कलात्मक धरोहरों से अवगत कराने के उद्देश्य से डीपीएस बोकारो में एक विशेष कार्यशाला कलाकृति आयोजित की गई। इस अवसर पर राजकीय सम्मान से नवाजे जा चुके पश्चिम बंगाल के जाने-माने टेराकोटा शिल्पकार बरेन कुंभकार मुख्य रूप से आमंत्रित थे। श्री कुंभकार ने कार्यशाला में उपस्थित छात्र छात्राओं को टेकारोटा कला की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि टेराकोटा आर्ट तैयार करने के लिए तीन तरह की मिश्रित लवण रहित और उच्च ताप सहन क्षमता वाली मिट्टी की आवश्यकता होती है। उन्होंने ऑन द स्पॉट भगवान गणेश हाथी शंख घोड़ा सहित कई कलाकृतियां बनाकर बच्चों को अलग अलग समूहों में इसका व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों ने स्वयं में छिपी कलाकृति को मिट्टी से आकार देकर अपनी प्रतिभा दिखाई। प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि सांस्कृतिक विविधता भारत की अनूठी पहचान व धरोहर है। टेराकोटा मिट्टी कला पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि भारत की माटी के कण कण में कलात्मक विरासत छिपी हुई है जिसे जानना और संजोए रखना जरूरी है। अंत में प्राचार्य ने जहां बरेन कुंभकार को विद्यालय की तरफ से स्मृति चिह्न दिया वहीं बरेन ने भी प्राचार्य डॉ गंगवार को टेराकोटा शिल्प से तैयार स्वनिर्मित मां दुर्गा की सुंदर कलाकृति भेंट की।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का किया निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, गोड्डा, ने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित चिन्हित वज्रगृह-सह-डिस्पैच एवं कमिश्निंग के लिए चिन्हित कमरों में चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया।
इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने कॉलेज परिसर में विधानसभा वार बनाये जा रहे स्ट्राँग रूम, चुनाव सामग्री का वितरण हेतु तैयारी, ईवीएम वीवीपैट के रखरखाव, वाहनों पार्किंग, परकी संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी, ईवीएम रिसिविंग प्लान आदि बिंदुओं पर अधिकारियों संग समीक्षा किया। इसके अलावा आवश्यकतानुसार बेरिकेडिंग, पोलिंग पार्टियों की सुविधा के लिए साइनेज लगाने का निर्देश दिया।

वहीं उन्होंने रिजर्व, माइक्रो ऑब्जर्वर, मेडिकल टीम की बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने अधिकारियों के साथ संचालित सामग्री कोषांग का जायजा लिया। मंत्रिमंडल निर्वाचन कार्यालय रांची से प्राप्त सामग्रियों को अवलोकन करते हुए कोषांग द्वारा मतदान कर्मियों के लिए तैयार पैकेट्स/मेडिकल किट्स आदि का जायजा लिया। पैकेट्स तैयार कर रहे कर्मियों को सावधानी से दायित्वों के निष्पादन का निर्देश दिया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त गोड्डा, अपर समाहर्ता गोड्डा, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल गोड्डा, पेयजल एवम स्वच्छता प्रमंडल गोड्डा, प्रशासक नगर परिषद सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

### एंटी क्राइम चेकिंग के तहत वाहन जांच अभियान चलाया गया

तालझारी। साहिबगंज पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निदेर्शानुसार आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए रविवार को तालझारी थाना पुलिस के द्वारा नवनिर्मित मिशन स्कूल बिल्डिंग के समीप एंटी क्राइम चेकिंग के तहत वाहन जांच अभियान चलाया गया। रास्ते से गुजर रहे सभी गाड़ी जैसे मोटरसाइकिल, चार चक्का वाहन एवं तीन चक्का वाहन को पुलिस द्वारा रोक-रोक कर कर पूरी तरह डिक्की सहित वाहनों के कागजात की तलाशी ली गई। ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव प्रत्यक्ष व पारदर्शी को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद नजर आ रही है। मौके पर एस आई कन्हैया प्रसाद साह एवं एएसआई मंनसा हजाम उपस्थित थे।

## देश को समृद्ध बनाने के लिए युवा वर्ग बढ़-चढ़कर मतदान करें : नगरमंत्री



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तालझारी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तालझारी इकाई के द्वारा लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर जागरूकता के लिए पोस्टर विमोचन का कार्यक्रम किया। इसका नेतृत्व नगरमंत्री गौरव कुमार सुमन ने किया। नगर मंत्री गौरव कुमार सुमन ने बताया कि लोकसभा चुनाव में युवा बुजुर्ग महिला एवं किसान की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा हो इसके लिए परिषद के सदस्य डोर टू डोर जा कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।अपना मतदान उसको करे जो राष्ट्रीय हित समाज हित के लिए कार्य करें जो बहनों और महिलाओं का सम्मान की बात करें। देश में मजबूत सरकार के लिए नूतन मतदाता के साथ-साथ सभी मतदाताओं को जागरूक करने का काम विद्यार्थी परिषद करेगी विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता गांव गांव एवं शैक्षणिक संस्थानों में मतदाता जागरूक अभियान चलाएगी। मौके पर विद्यार्थी परिषद के नगर सहमंत्री अभिषेक सिद्धार्थ, हरिओम गुप्ता, सन्नी सिंह, सोनजित महलदार, कला संयोजक कंचन कुमारी, नगर कार्यकारिणी सदस्य शिवम कुमार, हीराकांत प्रसाद, पीयूष उपाध्याय, सोनम कुमारी, मोनिका कुमारी, करीना कुमारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान हेतु सुविधा केंद्र स्थापित

**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर पोस्टल बैलेट पेपर एवं पीडब्ल्यूडी कोषांग ने लोकसभा आम चुनाव 2024 में लोकसभा क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु तिथि निर्धारित कर सुविधा केन्द्र स्थापित किया है। जहां अहतार्धारी (मतदान कर्मी/आवश्यक सेवाओं के कर्मी) मतदाता पूर्वाह्न 09.30 बजे से शाम 05 बजे तक अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। पोस्टल बैलेट से मतदान : 05.05.2024/06.05.2024 लोकसभा क्षेत्र : सिंहभूम /खूँटी/लोहरदगा/पलामू सुविधा केंद्र : प्रशिक्षण केन्द्र बीआईएसएसएस सेक्टर 2सी एवं पुलिस केन्द्र सेक्टर 12 बोकारो। मतदान :14.05.2024/15.05.2024 लोकसभा क्षेत्रः चतरा / कोडरमा / हजारीबाग सुविधा केंद्र : प्रशिक्षण केन्द्र बीआईएसएसएस सेक्टर 2 सी पुलिस केन्द्र सेक्टर12 बोकारो एवं प्लस टू हाई स्कूल सेक्टर-2डी बोकारो। मतदान : 14.05.2024 से 17.05.2024 लोकसभा : धनबाद/गिरिडीह/जमशेदपुर/राँची सुविधा केंद्र का नामः प्रशिक्षण केन्द्र बीआईएसएसएस सेक्टर 2सी पुलिस केन्द्र सेक्टर12 बोकारो एवं प्लस टू हाई स्कूल सेक्टर2डी बोकारो। मतदान :18.05.2024 से 21.05.2024 लोकसभा क्षेत्र का नामः आवश्यक सेवाएं सभी लोकसभा क्षेत्र सुविधा केंद्र : संयुक्त श्रम भवन सभागार कैंप 2 बोकारो। आवश्यक सेवाएं -सभी लोकसभा क्षेत्र सुविधा केन्द्र : पुलिस केन्द्र सेक्टर 12 बोकारो एवं बीआईएसएसएस सेक्टर 8बी। मंडल कारा से संबंधित कर्मी- सभी लोकसभा क्षेत्र सुविधा केंद्रः चास मंडल कारा हेल्प डेस्क बोकारो। मतदान की तिथिः 26.05.2024 से 27.05.2024 लोकसभा क्षेत्र का नामः राजमहल/गोड्डा/दुमका लोकसभा क्षेत्र सुविधा केंद्र का नामः संयुक्त श्रम भवन सभागार कैंप 2 बोकारो। दिव्यांग एवं 85 प्लस मतदाताओं की होम वोटिंग 18 से 20 मई। डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव ने बताया कि पोस्टल बैलेट पेपर एवं पीडब्ल्यूडी कोषांग द्वारा होम वोटिंग को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान 18.05.2024 से 20.05.2024 तक होगा। गिरिडीह (डुमरी गोमिया बेरमो) धनबाद (बोकारो चंदनकियारी) प्रखंड झ चंदनकियारी चास पेटरवार कसमार बेरमो जरीडीह नावाडीह गोमिया चंद्रपुरा में पीडब्ल्यूडी एवं 85 प्लस मतदाताओं को मतदान कराने के लिए मतदान टीम घर घर मतदान कराएगी।

### जांच हुई तो कोयला की हेराफेरी में आयेंगे कई बड़े नाम

**बेरमो।** दुगदा रेलवे साइडिंग में कोयला में की जा रही मिलावट व हेराफेरी का पदार्फाश 28 अप्रैल को मुख्यालय पुलिस रांची द्वारा किया गया है। इससे इस साइडिंग की बदनामी हुई और कोल इंडिया की साख पर भी बट्टा लगा है।सही ढंग से जांच हुई तो इस अवैध धंधे में कई लोगों के नाम सामने आयेंगे। सीसीएल व बीसीसीएल की विभिन्न कोलियरियों से यहां प्लांटों के लिए उच्च गुणवत्ता का कोयला भेजा जाता है मगर साइडिंग में कोयला में मिलावट कर दिया जाता था। मालूम हो कि देश के प्लांटों को कोल इंडिया से कोयला कम दर पर मिलता है। कोलियरियों से दुग्दा साइडिंग तक कोयला लाने का काम एजेंसियों को मिला हुआ है। इसके बाद यह कोयला रेलवे रैक के माध्यम से प्लांटों तक पहुंचता है। बीकेबी व आका लॉजिस्टिक कंपनियों का यह काम बताया जाता है। जहां कम दर पर मंगाये गये चारकोल, पत्थर या रिजेक्शन मिला दिया जाता और यही मिलावटी कोयला प्लांटों को भेज दिया जाता है।

## मोती झरना शिव मंदिर के आसपास कचरे का अंबार : मौन है मंदिर प्रसाशन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तालझारी।** साहिबगंज जिला में स्थित तालझारी प्रखंड अंतर्गत मोती झरना पंचायत में स्थित मोती नाथ धाम शिव मंदिर जिला के दूसरे सबसे बड़े धार्मिक स्थल पर इसका नाम आता है। यहां सावन के महीना में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पुजा-अर्चना करने आते हैं। ऐसे तो प्रत्येक रविवार को भी छुट्टी रहने के कारण बहुत सारे लोग पर्यटक स्थल मोती नाथ धाम देखने आते हैं। सावन के महीने में हर श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए 5 रुपए का कूपन कटा कर जाना होता है। साथ ही बहुत ऐसे श्रद्धालु है जो श्रद्धा-भाव से वहां दान भी करते हैं। साथ ही वहां मोती झरना विकास समिति के द्वारा पार्किंग स्टैंड से भी पैसा लिया जाता है। परंतु वहां के मोती झरना विकास समिति द्वारा वहां के रख-रखाव पर ध्यान नहीं दिया जाता है। रविवार को कुछ श्रद्धालु बिहार के फारबिसगंज से आए हुए थे। उनकी इच्छा वहां स्नान करने की हुई । परंतु पानी के अंदर गंदा देखकर वह कहने लगे क्या यही पर्यटक स्थल मोतीनाथ धाम है यहां तो चारों और कचरे का अंबार लगा हुआ है। यहां गंदगी देख उन लोगों को भी अच्छा नहीं लगा और वहां उपस्थित बैठे पुरोहित से उन लोगों ने इसके बारे में भी चर्चा की।

# पेयजल की किल्लत से परेशान ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

### बीडीओ व थाना प्रभारी के समझाने पर माने लोग, हटाया जाम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या को लेकर दुमका प्रखंड क्षेत्र के काठीजोरिया गांव की महिलाएं एवं युवतियों ने बाल्टी,डेकची आदि बर्तन लेकर सडक में उतर रविवार को विरोध प्रदर्शन की। महिलाओं व युवतियों ने मुख्य पथ एनएच-114ए को जाम कर दिया। करीब तीन घंटे की सड़क जाम के कारण आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गयी थी। दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को चलने नहीं दिया गया। सड़क जाम की खबर मिलने पर बीडीओ उमेश कुमार सहित मुफस्सिल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और सड़क जाम को हटाने का प्रयास किया। काफी समझाने-बुझाने के बाद महिलाओं ने सड़क जाम को हटाया। बता दें कि 500 आबादी वाले काठीजोरिया के ऊपर टोला गांव में मात्र एक चापाकल है। एक चापाकल से सभी ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझ रही है। इस भीषण गर्मी में पेयजल के लिए ग्रामीणों को भटकना पड़ता है। चापाकल खराब होने पर ग्रामीणों की स्थिति काफी खराब हो जाती है। वहीं सोलर पंप तो गांव में लगा है, लेकिन आजतक शुरू नहीं हो सका है। जिससे परेशान होकर चिलचिलाती भीषण गर्मी के बीच आदिवासी महिलाएं सड़क पर उतर आयी। ग्रामीण महिला ने जिला प्रशासन की उदासीन रवैए पर नाराजगी जाहिर की। महिलाओं का कहना है कि गांव में पानी नहीं रहने से बहुत दूर से पानी लाना पड़ता है। गांव में दो टोला है, जिसमें एक ऊपरी टोला में मात्र 1 चापाकल है। वह भी खराब हो चुका है, जिससे पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। मजबूरन महिलाएं सड़क पर उतरी है।

## बीएसएल में नई सोच नई दिशा संवाद कार्यक्रम का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बीएसएल के एचआरडी में संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन के साथ इस्पात कर्मियों का नई सोच नई दिशा नामक आयोजित संवाद कार्यक्रम में बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ईडी सीआर महापात्रा सुरेश रंगानी राजन प्रसाद सीएमओ डॉ बीबी करुणामय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रारंभ में डीआई श्री तिवारी ने इस्पात कर्मियों को मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। पीआरडी की मोनिका ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बीएसएल के उत्पादन उत्पादकता उपलब्धियों और संबंधित पहलुओं की नवीनतम जानकारी इस्पात उद्योग परिदृश्य इत्यादि विषयों पर प्रकाश डाला। डॉ करुणामय ने बीजीएच में हाल में जोड़े गए नई सुविधाओं के विषय में जानकारी दी। ईडी राजन प्रसाद ने कर्मियों को सुरक्षा पर विशेष फोकस करते हुए उत्पादन में बेहतरी के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया तो श्री रंगानी ने संयंत्र की क्षमता के अनुरूप गुणवत्तायुक्त उत्पादन पर बल दिया।

ईडी सीआर महापात्रा ने संयंत्र की भावी विस्तारीकरण से जुड़े परियोजनाओं पर प्रकाश डाला। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने सभी को 25 मई को मतदान अवश्य करने का आह्वान किया तथा सभी को पूरी निष्ठा एवं मनोयोग से संयंत्र की प्रगति के लिए योगदान करने का सन्देश भी दिया ताकि सेल सभी पैमानों पर अव्वल रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक प्रीति कुमारी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन जीएम नीता बा ने किया।

## बालीडीह में 2,160 केजी जावा महुआ एवं 105 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने बालीडीह थाना अंतर्गत करहरिया पंचायत के चिमनगोड़ा जंगल में अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 2160 केजी जावा महुआ शराब एवं 105 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया। छापेमारी के क्रम में संदिग्ध अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया है।

## नामांकन रैली की तैयारी को लेकर भाजपा की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**साहेबगंज।** राजमहल लोकसभा संसदीय क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार ताला मरांडी की आगामी 10 मई को होने वाली नामांकन रैली की तैयारी को लेकर रविवार को भारतीया कॉलोनी स्थित भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय में भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज चौधरी की अध्यक्षता में बैठक की गयी। इस बैठक में मुख्यरूप से राजमहल लोकसभा के संयोजक एवं राजमहल विधायक अनंत ओझा शामिल हुए, भाजपा प्रत्यासी ताला मरांडी के नामंकन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी भाजपा कार्यकत्ताओं एवं नेताओं को जिम्मेदारी दी गयी। नामांकन के दिन हजारों की संख्या में बाईक रैली निकलेगी। भाजपा चुनाव कार्यालय में सभी एकत्रित होंगे उसके बाद





शहर के के मंदिरों एवं देवालयों में पूजा करते हुए भाजपा प्रत्याशी बाइक रैली के साथ पुलिस लाइन में आयोजित नामांकन सभा मे शामिल होंगे। राजमहल विधायक अनंत ओझा ने कार्यकत्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजमहल लोकसभा में भी इस बार कमल खिलाने के लिए सभी कार्यकर्त्ता पूरे जोश और ऊर्जा के साथ काम मे लग जाये। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में 4 जून को तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनना तय हैं साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने जो चार सौ पार का संकल्प दिया हैं वो भी पूरा होना तय हैं इसके लिए राजमहल लोकसभा में भी कमल खिलाकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए हम सभी कार्यकत्ताओं को पूरे जोश और ऊर्जा के साथ 1 जून तक काम में लग जाना हैं,आप सभी कार्यकताओं की मेहनत के बल पर 4 जून को जब राजमहल लोकसभा का परिणाम आएगा तो निश्चित ही राजमहल लोकसभा में भी कमल खिलेगा। विधायक अनंत ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में साहेबगंज मनिहारी गंगा पुल का निर्माण तेजी चल रहा हैं,मिजाचौकी से फरक्का तक फोरलेन का काम तेजी से चल रहा हैं,हर घर बिजली पहुँचाई गयी,हर घर नल योजना के माध्यम से लोगो के घर तक पानी पहुँचाया जा रहा हैं,नमामि गंगे योजना के माध्यम से गंगा किनारे नमामि गंगे घाट का निर्माण कराया गया। साहेबगंज में बन्दरगांह का निर्माण हुआ। राजमहल और साहेबगंज में सीवरेज का निर्माण कराया गया। ऐसे अनेक योजना के माध्यम से साहेबगंज का विकास तेजी हो रहा हैं।

# रिकार्ड जीएसटी

देश में पहली बार जीएसटी का संग्रहण दो लाख करोड़ रुपये से पार चला गया है। कर विशेषज्ञ इसे टैक्स सिस्टम में सुधार के प्रयासों की सफलता बता रहे हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का भविष्य उसके समृद्ध आर्थिक संसाधनों पर ही निर्भर होता है।आज पाकिस्तान और श्री लंका बर्बाद हो गये। पंजाब जैसे भारतीय राज्य लोन से परेशान है। इसलिये आर्थिक अनुशासन और वित्तीय संसाधनों को समृद्ध करने का प्रयास बेहद जरूरी हो जाता है। अप्रैल में जहां देसी गतिविधियों से कर संग्रह में 13.4 फीसदी का इजाफा हुआ है, वहीं पिछले अप्रैल के मुकाबले में आयात से होने वाला राजस्व संग्रह भी 8.3 फीसदी बढ़ा है। अप्रैल में सकल वस्तु एवं सेवा कर संग्रह पहली बार रिकॉर्ड 2.1 लाख करोड़ रुपये होना अर्थव्यवस्था के लिये शुभ संकेत है, जबकि दुनिया की कई बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में फिलहाल मंदी के रुझान नजर आ रहे हैं। यह वृद्धि बीते साल अप्रैल में एकत्र जीएसटी के मुकाबले 12.4 फीसदी अधिक है। आर्थिक विशेषज्ञ मान रहे हैं कि वैश्विक स्तर पर उथल-पुथल के बीच रूस-यूक्रेन युद्ध तथा गाजा में हमास इस्राइल संघर्ष जैसी बाह्य चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में जीएसटी संग्रह में वृद्धि देश की आर्थिक उन्नति के लिये अच्छा संकेत है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कर प्राप्तियों में बढ़ोतरी के मूल में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के रुझानों का असर है। उल्लेखनीय है कि वृद्धि आयात उपकर में भी हुई है। वैसे एक तथ्य यह भी है कि आम तौर पर किसी भी नये वित्तीय वर्ष में पहले माह अप्रैल में सरकार को सर्वाधिक वस्तु एवं सेवा कर मिलता है। इस वित्त वर्ष के आने वाले महीनों में जीएसटी संग्रहण से होने वाली आय से अर्थव्यवस्था के स्थायी रुझानों का पता चल सकेगा।

# दो करोड़ खाते बंद

मैसेजिंग दिग्गज व्हाट्सऐप ने साल 2024 की पहली तिमाही के दौरान भारत में रुल 2.23 करोड़ खातों पर प्रतिबंध लगा दिया है। पिछले साल की इसी अवधि में कंपनी ने 1.22 करोड़ खातों पर प्रतिबंध लगाया था। इस साल कंपनी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए पिछले साल की तुलना में करीब दोगुने खातों पर प्रतिबंध लगाया है। मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर देश में 50 करोड़ से अधिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं और यह पूरे विश्व में सर्वाधिक है। व्हाट्सऐप के अनुसार, सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के उपनियम 4 (1) (डी) और 3ए (7) के तहत ये प्रतिबंध लगाए गए हैं। प्लेटफॉर्म ने कहा कि इन खातों पर कार्रवाई व्हाट्सऐप को मिली शिकायतों के आधार पर की गई है। कंपनी भारत के कानूनों और व्हाट्सऐप की सेवा शर्तों का उल्लंघन करने वालों के खातों को भी हटा दिया है। मैसेजिंग ऐप के मासिक रिपोर्ट में प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी से नवंबर, 2023 के बीच व्हाट्सऐप ने भारत में करीब 7 करोड़ खातों पर प्रतिबंध लगाया था। कंपनी ने पिछले साल 30 नवंबर तक 6.9 करोड़ खातों पर प्रतिबंध लगाया था। स्वतंत्र एवं पारदर्शी चुनाव कराने में निर्वाचन आयोग की सहायता करने के लिए स्वैच्छिक आचार संहिता का पालन करता है।गलत सूचनाओं को रोकने, साइबर सुरक्षा को बढ़ाने और चुनावी अखंडता को बरकरार रखने के लिए विशेषज्ञों को अपने साथ जोड़ते भी हैं। इस साल मार्च में व्हाट्सऐप ने 79 लाख खातों के खिलाफ कार्रवाई की थी। कुल मिलाकर कंपनी ने साल 2023 में 7.5 करोड़ खातों पर प्रतिबंध लगाया था। साझा किए गए आंकड़े व्हाट्सऐप द्वारा भारतीय खातों पर लगाए गए प्रतिबंध दशार्ते हैं। साइबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों के मद्देंनजर यह कार्रवाई सुरक्षा के दृष्टिकोण से सही है।

# देश को वैज्ञानिक शिक्षा की आवश्यकता



जिस प्रकार समाज में कोरोना के वैक्सीन और जांच को लेकर भ्रम और असमंजस फैल रहा है यह कोई नयी बात नहीं है। हमारी शिक्षा की कमजोरी कहें या स्तरहीनता की समस्या आज भी लोग आधुनिक अविष्कारों पर विश्वास नहीं कर रहें हैं। यही कारण है कि सरकार की योजनाओं का भी सही प्रति फल नहीं निकलता है। सवाल यह उठता है कि शिक्षा को धर्म से जोड़ा जाए कि वैज्ञानिक चिंतन और सोच से लबरेज किया जाए।

क्या यह सच नहीं है कि भारत में कुछ खास धर्मों के मानने वाले शिक्षण संस्थानों में अपने-अपने धर्मों के प्रचार के लिए कोशिशें करते रहते हैं। कभी कभी सच में लगता है इस मसले पर देश में एक बार खुली बहस हो जाए कि क्या भारत में धर्म प्रचार की स्वतंत्रता जारी रहे अथवा नहीं ? देखा जाए तो केवल अपने धर्म पालन की सबको स्वतंत्रता होनी चाहिये। लेकिन, शिक्षण संस्थानों में अबोध बच्चों को अपने धर्म की अच्छाई और बाकी सभी धर्मों की बुराई बताना बच्चों को अबोध उम्र में कट्टर बनाना और दूसरे धर्मावलम्बियों के प्रति घृणा फैलाना कहाँ तक उचित है ? यही तो देश में धार्मिक उन्माद फैला रहा है ? यही तो आपसी असहिष्णुता की मूल धर्म के प्रचार-प्रसार की छूट की कोई आवश्यकता नहीं। धर्म कोई दुकान या व्यापार तो है नहीं जिसका प्रचार प्रसार करना जरूरी हो।

भारतीय संविधान धर्म की आजादी का अधिकार प्रदान करता है। अनुच्छेद 25 (1) में कहा गया है कि सभी व्यक्ति समान रूप से धर्म का प्रचार करने के लिए स्वतंत्र है। लेकिन अनुच्छेद 26 कहता है कि धार्मिक आजादी और धार्मिक संप्रदायों के क्रियाकलाप में शांति और नैतिकता की शर्तें भी हैं। अनुच्छेद 28 में कहा गया है कि सरकारी शैक्षिक संस्थानों में कोई धार्मिक निर्देश नहीं दिया जाएगा।

अगर हम इतिहास के पन्नों को खंगाले तो देखते हैं कि भारत के संविधान निमार्ताओं ने सभी धार्मिक समुदायों को अपने धर्म के प्रचार की छूट दी थी। क्या इसकी कोई आवश्यकता थी? यह मानना होगा कि दो धर्म क्रमशः इस्लाम और ईसाई धर्म के मानने वालों की तरफ से लगातार यह प्रयास होते रहते हैं कि अन्य धर्मों के लोग भी येन-केन-प्रकारेण किसी भी लालच में उनके धर्म का हिस्सा बन जाएं। यह कठोर सत्य है। इससे कोई इंकार नहीं कर सकता है। इस मसले पर देश में बार-बार बहस भी होती रही है और आरोप भी लगते रहे हैं कि इन धर्मों के ठेकेदार लालच या प्रलोभन देकर गरीब आदिवासियों, दलितों वगैरह को अपना अंग बनाने की फिराक में लगे ही रहते हैं। बेशक, भारत में ईसाई धर्म की तरफ से शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में ठोस और ईमानदारी से काम भी किया गया है।



- आरके सिन्हा

> एक छोटा सा उदाहरण और देना चाहूंगा। एमडीएच नाम की मसाले बनाने वाली कंपनी के संस्थापक महाशय धर्मपाल गुलाटी को सारा देश जानता है। वे पक्के आर्य समाजी हैं। महाशय जी पूरी दुनिया में 'किंग ऑफ स्पाइस' माने जाते है। वे देश की राजधानी में एक अस्पताल और अनेक स्कूल चलाते है। कोई बता दें कि उन्होंने कभी किसी गैर-हिन्दू को हिन्दू धर्म से जोड़ने की कोशिश भी की हो।

पर उस सेवा की आड़ में धर्मांतरण ही मुख्य लक्ष्य रहा है। मदर टेरेसा पर भी धर्मांतरण करवाने के अकाट्य आरोप लगे हैं। उधर, इस्लाम का प्रचार करने वाले बिना कुछ कहे ही धर्मांतरण करवाने के मौके लगातार खोजते हैं। हालांकि मुसलमानों के अंजुमन इस्लाम ने भी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया है। यह मुंबई में सक्रिय है। अब आप देखें कि आर्य समाज, सनातन धर्म सभी और सिखों की तरफ से देश में सैकड़ों स्कूल, कॉलेज, अस्पताल वगैरह चल रहे हैं। पर इन्होंने किसी ईसाई या मुसलमान को कभी धर्मातरण करवाने का कभी प्रयास नहीं किया। एक छोटा सा उदाहरण और देना चाहूंगा। एमडीएच नाम की मसाले बनाने वाली कंपनी के संस्थापक महाशय धर्मपाल गुलाटी को सारा देश जानता है। वे पक्के आर्य समाजी हैं। महाशय जी पूरी दुनिया में 'किंग ऑफ स्पाइस' माने जाते है। वे देश की राजधानी में एक अस्पताल और अनेक स्कूल चलाते है। कोई बता दें कि उन्होंने कभी किसी गैर-हिन्दू को हिन्दू धर्म से जोड़ने की कोशिश भी की हो।

खैर,धर्म परिवर्तन केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनियाभर में एक जटिल मसला रहा है। इस पर लगातार बहस होती रही है। यह समझने की जरूरत है कि मोटा-मोटी संविधान कहता है कि कोई भी अपनी मर्जी से अपना धर्म बदल सकता है, यह उसका निजी अधिकार है। पर किसी को डरा-धमका या लालच देकर जबरदस्ती या लब जिहाद करके धर्म परिवर्तन नहीं करा सकते।

संविधान संशोधन के द्वारा धर्मप्रचार को रोकना सम्भव तो है। पर यह देखना चाहिए कि धर्म के नाम पर बवाल किस वजह से हुआ ? यदि धर्म प्रचार की वजह से हुआ है तो किन लोगों की वजह से हुआ है? एक राय यह भी है कि भारत में उन धर्मों के प्रचार की स्वतंत्रता होनी ही चाहिए जिनका उदय भारत भूमि पर हुआ है।

जैसे हिन्दू, सिख, जैन और बौद्ध। अगर यह धर्म अपनी जन्म भूमि पर भी अधिकार खो देंगे तो यह तो उनके साथ बड़ा अन्याय होगा। समस्या का मूल कारण इस्लाम और ईसाई हैं। इस्लाम और ईसाइयत को छोड़ दें तो बाकी धर्मो के बीच कोई आपसी विवाद नहीं है । यदि सभी धर्म प्रतिबन्धित हों जिनमे हिन्दू धर्म और उससे निकले दूसरे धर्म भी शामिल होंगे तो यह गेंहू के साथ घुन पिसने जैसी बात हो जायेगी। हाँ केवल इस्लाम और ईसाइयत का धर्म प्रचार प्रतिबन्धित हों तो युक्ति सांगत लगता है। आगे बढ़ने से पहले पारसी धर्म की भी बात करना सही रहेगा। यह भी भारत की भूमि का धर्म नहीं है। यह भारत में इस्लाम और ईसाइयत की तरह से ही आया है। लेकिन, पारसियों ने भारत में अपने धर्म के प्रसार-प्रचार की कभी चेष्टा तक नहीं की। भारत में टाटा,गोदरेज,वाडिया जैसे बड़े उद्योगपति हैं। इन समूहो में लाखों लोग काम करते हैं। ये देश के निर्माण में लगे हुए हैं। सारा देश इनका आदर करता है। इनसे तो किसी को कोई मसला नहीं रहा। इस बीच, धर्म की अवधारणा से भिन्न है मजहब का ख्याल । धर्म का तात्पर्य मुख्यतः कर्तव्य से है जबकि मजहब की अवधारणा किसी विशिष्ट मत को मानने से है। इसमें किसी किताब में दर्ज शब्दों के अक्षरशः पालन की अपेक्षा की जाती है। किताबिया मजहब जो मानते हैं उन्हें वैसा ही मानते रहने की आजादी बेशक बनी रहे कोई हर्ज नहीं, जैसे कोई सोते रहने की आजादी का तलबगार है, जागना नहीं चाहता, उसे सुख से सोने दीजिए ।

## खास बात

# कैसी स्त्री?

**पुष्पा**

**जब** आज के युग में यह स्पष्ट रूप से स्वीकार कर लिया गया है कि घर के कामों को पति और पत्नी समान रूप से मिलकर निपटाते हैं, पत्नी का स्वास्थ्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि पति का; एक महिला को छुट्टी पर जाने और मौज-मस्ती करने का उतना ही अधिकार है जितना पुरुष को; फिर ऐसा क्यों है कि विज्ञापनों में वही पुरानी छवि पेश की जाती है? बाथरूम क्लीनर के विज्ञापन में महिलाओं को सफाई एजेंटों के रूप में क्यों दिखाना चाहिए? प्रेशर कुकर का विज्ञापन या मसाला ब्रांड का प्रचार या कुकिंग ऑयल का विज्ञापन केवल महिलाओं के लिए ही क्यों होना चाहिए? एडवेंचर और मस्ती को दशार्ने वाले विज्ञापनों में केवल पुरुषों को ही क्यों दिखाया जाना चाहिए? महिलाओं को ऐसा तेल क्यों चुनना चाहिए जो उनके पतियों को स्वस्थ रहने में मदद करे इसके उलट क्यों नहीं? सौभाग्य से, मैं आजकल, कुछ विज्ञापन देखती हूं जो इन रूढ़ियों से दूर जा रहे हैं, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसे विज्ञापन बहुत कम हैं। उपभोक्ताओं के सोचने और कार्य करने के तरीके को भी प्रभावित करते हैं, खासकर जब उत्पादों या सेवाओं का लाखों अनुयायियों के साथ मशहूर हस्तियों द्वारा समर्थन किया जा रहा हो। विज्ञापनदाता और समर्थनकर्ता दोनों को इसके प्रति संवेदनशील होना होगा और जिम्मेदारी से काम करना होगा। लेकिन हमेशा ऐसा होता नहीं। इसका एक बड़ा उदाहरण फेयरनेस क्रीम और साबुन की मार्केटिंग है। यह सच है कि रंग पूर्वाग्रह हमारे समाज में पहले भी था, लेकिन अपने उत्पादों को बेचने के लिए, दशकों तक इन निर्माताओं ने अपने विषैले संदेशों के जरिये गोरी त्वचा को सुंदरता और सफलता से जोड़ा। जुलाई 2018 में इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मैकेनिकल एंड इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजी में प्रकाशित मैसूरू में युवाओं के खरीद-व्यवहार और विश्वास प्रणाली पर फेयरनेस क्रीम के विज्ञापनों के प्रभाव पर एक अध्ययन रिपोर्ट छपी, इसमें सामने आया कि कैसे फेयरनेस क्रीम विज्ञापनों ने सुंदरता की परिभाषा को प्रभावित किया। सुंदर सांवले लोगों के मानस को इन विज्ञापनों ने जो नुकसान पहुंचाया।

# देवी का रूप

## धर्म-प्रवाह

**जीवीएस शास्त्री**

**मां दुर्गा** की उत्पत्ति के संदर्भ में शिव पुराण के अनुसार आदि देव शिव ने लीला शक्ति से अपने आकार यानी मूर्ति की कल्पना की, उसके पश्चात उन्होंने अपने ही विग्रह से एक स्वरूप मूर्त शक्ति की रचना की, जो परा शक्ति की प्रधान, प्रकृति, माया, बुद्धि तत्व की जननी तथा विकार रहित थी। शिव की यही शक्ति अंबिका कहलायी जिसे पार्वती, शिवा, उमा, शैल, तनुजा, शक्ति आदि नामों से पुकारा गया।

मार्कण्डेय पुराण के देवी महात्म्य के अध्याय-2 के अनुसार महिषासुर वध के लिए देवी प्रकट हुईं। सबसे पहले भगवान विष्णु के मुखमंडल से एक प्रकाश पुंज प्रकट हुआ। इसी प्रकार ब्रह्मा एवं शिव आदि देवताओं के शरीर से एक तीव्र तेज निकला, जो मिलकर एकाकार हो गया। उसके पश्चात वह एकाकार रूप एक नारी रूप में परिवर्तित हो गया। उस नारी स्वरूप को शिव के तेज से मुख, यमराज के तेज से बाल, विष्णु के तेज से भुजाएं, चंद्रमा के तेज से वक्ष, इंद्र के तेज से कटि प्रदेश, वरुण के तेज से जंघाएं, पृथ्वी के तेज से नितम्ब, ब्रह्मा के तेज से चरण, सूर्य के तेज से उंगलियां, कुबेर के तेज से नासिका, प्रजापति के तेज से दांत, अग्नि के तेज से तीनों नेत्र और वायु के तेज से कान उत्पन्न हुए।

दुर्गा सप्तशती के अनुसार इस नारी स्वरूपा दुर्गा को असुरों के साथ होने वाले महासंग्राम में विजयश्री प्राप्ति हेतु भगवान शिव ने त्रिशूल, विष्णु ने चक्र, वरुण देव ने शंख, पवन देव ने धनुष बाण और तरकश हैं।

**गिरिडीह** के तुलसी भवन स्थित प्रधान चुनाव कार्यालय में कोडरमा लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति एवं कोर कमिटी की कामकाजी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में चुनाव की तैयारियों, कार्ययोजना व विभिन्न रणनीतियों सहित अन्य संगठनात्मक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई।
**-अन्नपूर्णा देवी, मंत्री**

## आपके ट्वीट

**कोल** विद्रोह के महानायक, वीर आदिवासी योद्धा पोटो हो जी की धरती सिंहभूम को आज फिर एक बार नमन करने का सौभाग्य मिला।झारखंड के वीर शहीद अमर रहें।वीर शहीद पोटो हो अमर रहें। जय झारखंड !!
**- चंपई सोरेन, सीएम**





**कर्नाटक** में भाजपा समर्थित हैवान ने सैकड़ों महिलाओं और उनके परिवारों को ऐसा मानसिक आघात दिया है कि सोच कर भी आत्मा सिहर उठती है।मैं भयंकर अत्याचार के खिलाफ न्याय की लड़ाई में आपके साथ खड़ा हूं।
**- राहुल गांधी**

# राष्ट्रभाषा को उपेक्षित कर देश का विकास संभव नहीं

**अवधेश कुमार अवध**

हर राष्ट्र की अपनी एक राष्ट्रभाषा होती है इसलिए भारत जैसे सम्प्रभुता सम्पन्न, विशाल, सबसे बड़े गणतन्त्र राष्ट्र की भी अपनी राष्ट्रभाषा होनी चाहिए। यह प्रश्न तब तक उठना स्वाभाविक और उचित भी है जब तक भारत की अपनी राष्ट्रभाषा न चुन ली जाए। लेकिन आजादी के सात दशकों के बाद भी दुर्भाग्यवश अब तक ऐसा नहीं हो सका।

ब्रितानी हुकूमत के समय में हिंदी का पूरे भारत में बोलबाला था। लॉर्ड मैकाले ने ब्रिटेन में हिंदी की व्यापकता और लोकप्रियता को लेकर कई बार ऐसी बातें स्वीकार की थी, पार्लियामेंट में रखी थी। मैकाले ने अपने अध्ययन में यह महसूस किया था कि भारत को यदि और अधिक समय तक गुलाम बनाकर रखना है तो यहाँ की प्रतिष्ठित शिक्षा पद्धति को बंद करना होगा और किया भी। मैकाले के अनुसार, संस्कृत को समाज से दूर और हिंदी को असभ्य/अनपढ़ों की भाषा के रूप में व्यवहृत करना होगा जिससे अंग्रेजी जानने वाले क्लर्क पैदा किये जा सकें। भारत की प्रायः समस्त भाषाएँ संस्कृत से पैदा हुई हैं और इसमें सबसे बड़ी और व्यापक भाषा हिंदी है। इसलिए समस्त भारतीय भाषाएँ हिंदी से कमोबेश सम्बंधित हैं। भारत में अंग्रेजी शासन के प्रति विद्रोह और जनक्रान्ति में हिंदी की भूमिका अग्रणी रही है। आजादी के समर में चाहे नारों की बातें करें या साहित्य की, हिंदी का ही सर्वाधिक योगदान रहा है। न केवल मध्य भारत बल्कि आज का बांग्लादेश, पाकिस्तान, दक्षिण और

## भाषा साहित्य

पूर्वोत्तर भारत भी हिंदी के प्रभाव में था।

देश को बाँटने की कुत्सित योजना ने हिंदी भाषा के समक्ष अन्य भाषाओं को विरोधी बनाकर उतारने की चेष्टा की। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर भारत के कुछ नेता क्षेत्रीय राजनीति की रोटी भाषाओं के तवे पर सेंकने लगे। आजादी के उपरान्त संविधान में एक राष्ट्रभाषा की आवाज तो उठी किन्तु अंग्रेजी परस्त सत्तालोलुप लोगों ने क्षेत्रीय भाषा- भाषियों को भड़काकर अंग्रेजी की जड़ें मजबूत कीं। हिंदी को राष्ट्रभाषा न बनाकर राजभाषा तक सीमित रखा गया और लॉलीपॉप दिया गया कि अंग्रेजी सहायक भाषा बनकर रहेगी और 1965 तक हिंदी को व्यापक बनाकर राष्ट्रभाषा बनाया जा सकता है।

अनुच्छेद 343/1 में देवनागरी लिपि में हिंदी को भारत संघ की राजभाषा घोषित किया गया। उसके बाद हिंदी को इतनी ही इज्जत मिली कि इसकी गिनती भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भारतीय भाषाओं में एक भाषामात्र की है।

एक अन्य संशोधन के अनुसार राज्य सरकारें अपनी पसंद की भाषा में कामकाज संचालित करने के लिए स्वतन्त्र होंगी जबकि राजभाषा अधिधियम 1963 में यह व्यवस्था की गई कि सभी सरकारी प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी का प्रयोग किया जाएगा। आज की सच्चाई है कि सहायक भाषा ने राजभाषा को मजदूरों, अशिक्षितों, पिछड़ों और असभ्यों की भाषा बनाकर रख दिया है। अंग्रेजी परस्त लोगों के भीतर अंग्रेजियत मानसिकता और कूटनीति कूट-कूटकर भरी थी। ये काली चमड़ी वाले अंग्रेज आजाद भारत को भी अंग्रेजी और गैर अंग्रेजी के स्तरीकरण के रूप में बनाये रखना चाहा। अंग्रेजी को स्वामित्व के रूप में भारत में कायम रखना चाहा।

हिंदी के सिर पर अंग्रेजी को बैठाने का ही नतीजा है कि बच्चों की प्रथम पाठशाला की संज्ञा प्राप्त पारिवारिक ढाँचा पल- प्रतिपल बिघटित हो रहा है। माँ को मॉम, बापू को डैड, पति को हस्बैंड और चाचा, ताऊ, मामा, फूफा जैसे दर्जनों रिश्तों को एक ₹अंकल₹ में भर दिया। बुआ, चाची, ताई, जैसी नारियाँ ₹ऑटी₹ में खपाई गईं। बचे खुचे रिश्ते ₹इन लॉज₹ हो गए। हिंदी की शुचिता पर अंग्रेजी ने छककर विष वमन किया।

## कॉर्टून वर्ल्ड

दुनिया का सच



साभार कॉर्टून मूववेंट

## लेटर टू एडीटर

### सतर्क रहें हम

**देश** में कोरोना का कहर खत्म नहीं हुआ है। सरकार का दावा है कि ठीक होने वालों का आंकड़ा संतोषजनक है। इसी कड़ी में केन्द्र और राज्य सरकारों ने कोरोना की टेस्टिंग आम लोगों के बीच भी बढ़ा दी है, ताकि अगर किसी को कोरोना का थोड़ा-बहुत भी लक्षण है तो उसका उचित समय पर इलाज हो सके। देश के हरेक नागरिक को सतर्कता और सावधानी बरतनी होगी। **-रविभूषण, हजारीबाग**

### हक का राशन

**राष्ट्रीय** खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के जीवन स्तर को सुधारने हेतु कम कीमतों पर अनाजों का वितरण किया जा रहा है। लेकिन यह योजना जिस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए चलाई गई थी उससे अभी भी मीलों दूर है। इस योजना के तहत लाखों ऐसे लोग पंजीकृत हैं जो पात्र नहीं हैं। बड़े-बड़े भूस्वामी गरीबों के हक का राशन खा रहे हैं। **-शिवेन्द्र यादव, रांची**

# आयोग की कोशिश है मतदान प्रतिशत बढ़ना चाहिए

## चुनाव 2024

मुकुंद

इस समय भारत निर्वाचन आयोग का सारा ध्यान आम चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर केंद्रित है। आयोग ने इस बार अब तक के सबसे बड़े जागरुकता एवं सुविधा संबंधी उपायों को और भी अधिक सुदृढ़ करने पर जोर दिया है। सार्वजनिक और निजी संगठनों और मशहूर हस्तियों को मतदाता संपर्क अभियानों में शामिल किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के तीसरे चरण के लिए गर्म मौसम के पूर्वानुमान की स्थिति से निपटने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं। इस बारे में भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की रिपोर्ट में विस्तार से चर्चा की है। इसमें कहा गया है कि लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में मतदान में मामूली गिरावट से आयोग चिंतित है। पहले चरण में 66.14 प्रतिशत और दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ है। यह चुनाव में भागीदारी के भारतीय इतिहास की दृष्टि से बेहतर है, लेकिन 2019 में स्थापित उच्च मानक से कहीं न कहीं कम ही है। इसे गंभीरता से लेते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने अपना सारा ध्यान मतदाताओं के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने पर केंद्रित किया है।

आयोग ने कहा है कि वह अगले पांच चरणों में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सभी संभव उपायों के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त (द्वय) ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू देशभर के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचन सदन के वरिष्ठ अधिकारियों से सतत संपर्क कर 2019 के मानक से कहीं अधिक वोटिंग फीसद बढ़ाने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के नेतृत्व में व्यक्तिगत रूप से चलाए गए स्वीप अभियानों की एक उल्लेखनीय विशेषता प्रमुख विभागों, कंपनियों, मशहूर हस्तियों और संगठनों का निःशुल्क सहयोग है। पिछले एक वर्ष के दौरान आयोग ने अपने प्रमुख कार्यक्रम सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (एसवीईईपी) को सशक्त रूप से संचालित किया है। राज्यों और जिलों ने कम मतदान प्रतिशत वाले निर्वाचन क्षेत्रों को लक्षित कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की योजना के तहत नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कई स्थानीय विशिष्ट क्रियाकलाप किए हैं।

आयोग ने दूसरे चरण की मतदान प्रक्रिया में कुछ महानगरीय शहरों में मतदान प्रतिशत में आई गिरावट को गंभीरता से लिया है। आयोग को उम्मीद है कि अगले चरणों में शहरी मतदान केंद्र में मतदान के प्रति मतदाताओं की रुचि काफी बढ़ेगी। पहले चरण के मतदान में गिरावट के बाद आयोग ने महाराष्ट्र, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को अतिरिक्त योजनाओं को लागू करने का निर्देश दिया। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के तरीकों की पहचान करने के लिए तीसरे और चौथे चरण में कम मतदान वाले जिलों (2019 के आंकड़ों के आधार पर) के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ अलग-अलग बातचीत की।

आयोग का कहना है कि यह सुखद है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सात मई को होने वाले आम चुनाव के तीसरे चरण के लिए गर्मी को लेकर कोई बड़ी चिंता नहीं जताई है। मौसम सामान्य रहने का पूवार्नुमान किया है। यह सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत परामर्श जारी किया गया है कि मतदाताओं को गर्मी के मौसम में हर हाल में श्रेष्ठतम सुविधा मिले। आयोग के सोशल मीडिया सेल ने अभियान ₹आई एम इलेक्शन एम्बेसडर₹ शुरू किया है। बीसीसीआई के सहयोग से आईपीएल 2024 के दौरान विभिन्न स्टेडियमों में मतदाता जागरुकता संदेश और गाने बजाए जा रहे हैं। क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर द्वारा पूर्व-रिकॉर्ड किए गए वीडियो संदेश में मतदाता प्रतिज्ञा विभिन्न आईपीएल स्थानों पर दिलाई जा रही है। सभी फेसबुक यूजर्स को मतदान दिवस के लिए सतर्कता संदेश भेजा गया है। आयोग डाकघरों और बैंकिंग संस्थानों के विशाल नेटवर्क का उपयोग भी इसके लिए कर रहा है।

## स्पीड न्यूज

### बौद्धिक विचार गोष्ठी का आयोजन



रामगढ़ । होटल शिवम इन्न के सभागार में क्यों जरूरी है खुशी, इसे जिंदगी में लाएं कैसे विषय पर बौद्धिक विचार गोष्ठी हुआ। इसकी अध्यक्षता समाजसेवी विजय मेवाड़ ने किया। संचालन डॉ प्रो संजय कुमार सिंह ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन अखिलेश ने किया। खुशी क्लास के संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने बताया कि खुशी मिशन चलाने की जरूरत क्यों पड़ी। आखिर वो सबकुछ छोड़कर खुशी क्लास क्यों प्रारंभ कर दिए। उन्होंने बताया कि पत्रकारिता के क्रम में उन्होंने देखा कि तनाव, हाइपरटेंशन, आत्महत्या की प्रवृत्ति समाज को अंदर ही अंदर तोड़ रहा है। शायद ही कोई ऐसा घर बचा, जहां तनाव प्रवेश नहीं कर गया है। छोटी-छोटी बातों पर लोग, छात्र सुसाइड कर ले रहे हैं। इन घटनाओं के बढ़ते आंकड़ों से विचलित होकर इसे रोकने की कोशिश के उद्देश्य से खुशी मिशन शुरू किया गया। गोष्ठी को बसंत हेतमसरिया, अमित कुमार सिन्हा,अनमोल सिंह, गोविंद मेवाड़, अरुण राय, डॉ शैलेन्द्र कुमार, मनोज मंडल, सरोज झा, मनजी सिंह, धनंजय पुटूस, छोटन सिंह, नन्द किशोर गुप्ता, विजय जायसवाल,बासुदेव, बसुध तिवारी सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। मौके पर सभी ने एक स्वर में खुशी दूत बनने का संकल्प लिया।

### सेवा मंच ने गरीबों को खिलाया खाना



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच ने इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आने वाले गरीबों को भोजन कराया । 150 गरीब-जरूरतमंदों के बीच पुरी-सब्जी व जलेबी का वितरण करते हुए मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है, ऐसे नेक व सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाशंकर जायसवाल, उदयभान दुबे, प्रो. रामानुज सिंह, सुकरा करमाली, लखन राम, लालू उरांव, रिंकू वर्णवाल, मो. शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।

### राजद के प्रचारक बने गिरधारी गोप

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर कुरसे निवासी सह राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारी गोप को पार्टी ने झारखंड में स्टार प्रचारक बनाया है। गिरधारी गोप 30 मई तक झारखंड में महागठबंधन और पलामु में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार प्रसार करेगें। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने पार्टी के स्टार प्रचारक के रूप में प्रमाण पत्र निर्गत किया है। स्टार प्रचारक बनाये जाने पर प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव, प्रेम कुमार साहु, बबन पांडेय, संतोष मिश्रा, संजय यादव, वाहिद अंसारी, शौकत खान, छोटु सिंह, श्रीकांत सिंह, पप्पु कुमार सहित दर्जनों लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुये बधाई दी है।

### सेल संचालन समिति की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौंदा बस्ती में रविवार को सेल संचालन समिति सौंदा बस्ती की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता दयानंद प्रसाद एवं संचालन अंबर कुमार ने किया। बैठक में सेल संचालन समिति के पूर्व अध्यक्ष नीतीश कुमार के द्वारा दयानंद प्रसाद पर जो भी आरोप लगाए गए थे, उसका खंडन किया गया।एक वर्ष पूर्व बीडीओ से पंचायत में हुए विकास कार्य में मांगी गई आरटीआई का जवाब दे दिया गया है। अब जब परियोजना पदाधिकारी और सीसीएल प्रबंधन को 3 मई को सेल संचालन समिति के नए अध्यक्ष और सभी पदाधिकारियों की सूची दी गई तब ये बोखलाकर मानसिक संतुलन खो गए हैं। हम सभी ईश्वर से इनके अच्छे मानसिक स्वास्थ्य की कामना करते है। मौके पर किशोर प्रसाद, बासुदेव साहू, सुजीत प्रसाद , रमेश मुंडा उर्फ भगत, नरेंद्र प्रसाद, हरिनारायण प्रसाद, अनूप साहू, नितेश प्रसाद, राहुल कुमार, हरिहर प्रसाद, श्रीकांत प्रसाद, नंदू गिरी, सूरज प्रसाद, संजय गिरी, गुरुदयाल प्रसाद आदि मौजूद थे।

### अग्निवीर योजना होगी बंद : एचएन यादव

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर कोल कंपनी निवासी सह 1999 भारत-पाकिस्तान युद्ध के योद्धा व वर्तमान में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पूर्व सैनिक विभाग) के चेयरमैन हृदयानंद यादव ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा दिये गये बयान अग्निवीर रिटायरमेंट के बाद आईएएस और आईपीएस भी बन सकते हैं पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। रविवार हृदयानंद यादव ने कहा कि कांग्रेस कि सरकार आएगी और अग्निवीरों को रेगुलर किया जाएगा।

### शिबू सोरेन के भाई को दी गयी श्रद्धांजलि



**गोला(रामगढ़)।** रविवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बड़े भाई स्व. राजाराम सोरेन को श्रद्धांजलि दी गयी। समाजसेवियों एवं आंदोलनकारियों ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी लोगों ने नमन आंखों से उन्हें याद कर उनके जीवन और संघर्ष को याद करते हुए उनके अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने की संकल्प लिया गया। सभी ने कहा कि ‟जब तक सुरज चांद रहेगा राजाराम सोरेन का नाम रहेगा‟। गोला के लोगों को उनके द्वारा मिला प्यार और उनका आशीर्वाद हमेशा याद रखा जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के युवा संयोजक सुनील राज चक्रवर्ती, इरफान उल्लाह, भागीरथ महतो, जगत महतो, कार्तिक महथा, राघवेंदर, कर्नल विवेक गोस्वामी, मो. असगर अली, बाबला,आदित्य महतो, मितु, परवेज, रामविनय महतो, मो. आलम, राजाराम महतो, संतोष सोनी, गुलाम सरवर, अविनाश अग्रवाल, बिनु महतो, सुकु टुडू, देवचरण मांझी, नेपाल मुखर्जी, जिलानी मियां, उमेश हेंब्रम, गोलु मुर्मू, प्रकाश हेंब्रम, नुनिबाला गोसाईं, सिता देवी, सुनिता देवी, संतुवा बेदिया, निसमबर बेदिया, सोरम सिंह, सागो देवी, मनोरंजन सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## टाटीझरिया और दारु के 24 गांवों में मनीष जायसवाल ने की पदयात्रा, कहा

# गरीबों के लिए भाजपा को जिताएं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** भाजपा सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने रविवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के टाटीझरिया और सदर विधानसभा क्षेत्र के दारु प्रखंड के आठ पंचायतों के 24 गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया और गांवों में पदयात्रा करते भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया और क्षेत्र में बड़े- बुजुर्गों का पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया । जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का चाल, चरित्र और कार्यशैली से जानता पूरी तरह जागरूक हो चुकी है। देश के साथ हजारीबाग वासियों ने कांग्रेस को नकार दिया है। जायसवाल ने मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए लोगों से कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की विकास की जो यात्रा चल रही है उसे बरकरार रखें और देश के विकास के साथ गरीबों के उत्थान के लिए लोकसभा चुनाव में भाजपा को चुनें।

### बेटे के लिए आशीर्वाद मांगने बड़कागांव पहुंचे ब्रजकिशोर जायसवाल



**हजारीबाग।** एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पिता सह हजारीबाग जिले के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल अपने बेटे के लिए आशीर्वाद मांगने रविवार को बड़कागांव पहुंचे। उन्होंने यहां पहुंचकर बड़कागांव स्थित आवास जुगरा निवास में क्षेत्र के लोगों से साथ मिलकर बेटे जायसवाल के लिए कमल फूल छाप पर मतदान करने की अपील। जायसवाल लोगों से बात करने के दौरान कई बार भावुक हो गए और मनीष के लिए आशीर्वाद और जनसमर्थन मांगते हुए कहा कि नेता नहीं क्षेत्र का बेटा और अपने लिए सेवक चुनें, नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का पीएम और मनीष को सांसद चुनें। ब्रजकिशोर के साथ उनके बेटे और जायसवाल के भाई निशांत जायसवाल भी बड़कागांव पहुंचे थे।

### पत्नी निशा जायसवाल ने कई वार्डों में चलाया जनसंपर्क अभियान



भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल के लिए उनकी पत्नी निशा जायसवाल ने सदर विधानसभा क्षेत्र के हजारीबाग नगर निगम इलाके के कई वार्डों में घुम-घुमकर डोर-टू- डोर कैंपेन किया और भाजपा के पक्ष में कमल फूल छाप पर मतदान करने की अपील की। उनका यह कैंपेन भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रेणुका साहू के नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा की दर्जनों सक्रिय नेत्रियों की उपस्थिति में चल रहा है। उनके साथ सैकड़ों की संख्या में महिला समर्थक चल रही है।

# आर्यन की मौत मामले में राधा गोविंद स्कूल को मिला क्लीन चिट

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़ ।** शहर के राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में पांचवी कक्षा के छात्र आर्यन कुमार की मौत मामले में 24 घंटे के अंदर ही जिला प्रशासन की ओर से बनाई गई टीम ने स्कूल प्रबंधन को क्लीन चिट दे दिया। अब स्कूल प्रबंधन अपनी पीठ थपथपाने में लग गया है। रविवार को आनन-फानन में जांच रिपोर्ट के साथ स्कूल प्रबंधन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया।

स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर सुजीत कुमार मोहंती ने कहा कि उन्होंने घटना के बाद कोई लापरवाही नहीं बरती थी। यह बात जिला प्रशासन की जांच कमेटी ने भी स्पष्ट किया है। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट की सचिव प्रियंका कुमारी, कोषाध्यक्ष डॉ संजय कुमार, राधा गोविंद यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉक्टर निर्मल कुमार और स्कूल के प्रभारी प्राचार्य डीके सिंह भी मौजूद थे। राधा गोविंद स्कूल में पांचवी कक्षा के छात्र आर्यन की मौत के बाद उसका पूरा परिवार सदमे में है। वह परिवार अभी तक इस घटना से उबर नहीं पाया है। एक बच्चा स्कूल में अचानक बेहोश होता है और चंद ही पलों के बाद उसकी मौत हो जाती है।

इस मामले में स्कूल प्रबंधन की व्यवस्था, वहां बनाए गए हॉस्टल में रहने के इंतजाम, खाने-पीने की व्यवस्था और अन्य मैनेजमेंट पर गंभीरता से जांच करने के बजाय, बेहद जल्दबाजी में जांच रिपोर्ट सौंपना अपने आप में कई सवाल पैदा करता है। फिर उस जांच रिपोर्ट के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करना कहीं ना कहीं यह संकेत देता है कि विद्यालय को अपने नाम की चिंता ज्यादा है। छात्रों और उसके अभिभावकों के प्रति विद्यालय का असंवेदनशील होने का भी प्रतीक है। विद्यालय प्रबंधन को भी अपने कर्मचारियों के रवैये पर गौर करना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान स्कूल के प्रिंसिपल सुजीत कुमार मोहंती ने आर्यन की बीमारी के मुद्दे पर भी अपना पल्ला झाड़ दिया। उन्होंने कहा कि बच्चे की बीमारी के विषय में उन्हें कोई जानकारी नहीं थी। इस मुद्दे पर परिजनों से भी उनकी कोई स्पष्ट वार्ता नहीं हुई है। लेकिन इसके बावजूद बच्चे की मौत के बाद प्रबंधन की ओर से बच्चे की बीमार होने की खबर फैलाई गई । ऐसे गंभीर विषय पर कोई जवाब प्राचार्य ने नहीं दिया।

### नायक-घांसी समाज की अस्थायी कमेटी गठित

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अनुसूचित जाति नायक (घांसी) समाज संघ पतरातु प्रखंड कमेटी की बैठक रविवार को भुरकुंडा अकेला नगर में हुई। इसकी अध्यक्षता किशोर कुमार अकेला व संचालन सिकंदर नायक ने किया। बैठक में शिक्षा, एकजुटता व समाज के उत्थान व मजबूती पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही प्रतिमाह 100 रूपया कोष में जमा करने की शुरूआत की गई। बैठक में समाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए सर्वसम्मति से अस्थाई रूप से कमेटी का गठन किया गया। इसमें किशोर कुमार अकेला को संयोजक चुना गया। अध्यक्ष विकास कुमार नायक, संगठन मंत्री विनोद नायक, कोषाध्यक्ष प्रकाश नायक, मीडिया प्रभारी सिकंदर कुमार नायक को बनाया गया। 12 मई को जुगल नायक के हुरूमगढ़ा स्थित आवास पर संघ की बैठक होगी। जिसमें व्हाट्स ग्रुप, खर्च का ब्यौरा, पंजीकरण आदि पर चर्चा की जायेगी।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स ने खोला पनशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राहगीरों के लिए रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इन्डस्ट्रीज के बैनर तले रविवार को भुरकुंडा बाजार रेलवे पटरी स्थित परिवार शॉपी के समीप शुद्ध पेयजल पियाऊ का उद्घाटन किया गया। इसका शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी सह मानवाधिकार सुरक्षा परिषद के जिला महासचिव अशोक चौहान व चैंबर ऑफ कॉमर्स एन्ड इन्डस्ट्रीज के कार्यकारिणी सदस्य दिलीप अग्रवाल ने फीता काटकर किया। भीष्ण गर्मी को देखते हुए विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इन्डस्ट्रीज के बैनर तले भुरकुंडा बाजार स्थित ट्रैकर स्टैंड के समीप पियाऊ की सुविधा आमजनो के लिए मुहैया कराई गयी है। निःशुल्क पियाऊ के शुभारंभ के अवसर पर सभी ने चिल-चिलाती गर्मी से परेशान प्यासे राहगीरों को गुड़ खिलाकर व शीतल जल पिलाकर उन्हें राहत पहुंचाने का कार्य किया। मौके पर मुख्य अतिथि अशोक चौहान ने कहा कि जल का संरक्षण और सही उपयोग करना हमसभी का कर्तव्य है। पानी को व्यर्थ न बहाएं। भीषण गर्मी में यही जल लोगों की प्यास बुझाता है। उन्होंने समाजसेवी संस्थाओं को गर्मी के मौसम में जगह-जगह पनशाला खोलने की अपील की। कार्यकारिणी सदस्य सह व्यवसायी दिलीप अग्रवाल ने बताया कि पियाऊ की निःशुल्क सेवा पूरे गर्मी तक चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। चैंबर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करता आया है जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने लोकतंत्र के सबसे बड़ा महापर्व पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हुए क्षेत्रवासियों से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। मौके पर चैंबर के शिव कुमार गुप्ता, अशोक कुमार, शिव कुमार यादव, रॉकी अग्रवाल, अमन चौहान, व्यवसायी अनिल दुबे, अजय गुप्ता, महेन्द्र ठाकुर, संजय साव, अजय, धर्मेन्द्र यादव, कमल पोद्दार, ध्रव सोनी, बाबा गोस्वामी, संदीप पोद्दार, अजय कुमार, रिंकु वर्णवाल सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### यशवंत सिन्हा से अकेला



भुरकुंडा (रामगढ़)। महागठबंधन के नेताओं ने रविवार को हजारीबाग डेमोटाड स्थित आवास पर पूर्व वित व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान बरही विधायक उमाशंकर अकेला उर्फ अकेला यादव भी उपस्थित थे। यशवंत सिन्हा ने प्रखंड, पंचायत व बुथ स्तर पर कार्य करने का दिया मंत्र । वरीय कांग्रेसी नेता जय प्रकाश सिंह ननकी व जिला के उपाध्यक्ष सह भुरकुंडा जोन के अध्यक्ष प्रदीप साहु ने चुनाव संबंधित क्षेत्र की वस्तु-स्थिति से श्री सिन्हा को अवगत कराया। 10 मई को रिभर साईड भुरकुंडा में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल के आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति भी बनाई गई। जिसमें पूर्व वित व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा, पूर्व सांसद सह सीपीआई नेता रमेन्द्र कुमार, विधायक उमाशंकर अकेला, विधायक अंबा प्रसाद, झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया महागठबंन के कई नेतागण उपस्थित रहेंगे।

# स्वर्णरेखा महिला समिति ने मनाया वार्षिक समारोह

**खबर मन्त्र यंवाददाता**

**▸▸ प्रश्नोतरी और इंटरैक्टिव खेल और फैशन रैंप वॉक आयोजित**

**भुरकुंडा/पतरातु ।** पीवीयूएनएल स्वर्णरेखा महिला समिति ने पूरे धूमधाम से वार्षिक समारोह मनाया। इसकी शुरूआत पीवीयूएनएल के सीईओ आरके सिंह और स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने किया। कार्यक्रम में महिला क्लब की सदस्यों ने सुपर हिट बॉलीवुड ट्रैक, गणेश वंदना, कव्वाली और अंत में फैशन रैंप वॉक किया। उनके मनमोहक प्रदर्शन ने इस अवसर को यादगार बना दिया।

कई प्रश्नोतरी और इंटरैक्टिव खेलों का भी आयोजन किया गया। जिसमें सफल प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सरिता झा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि स्वर्णरेखा महिला समिति अपनी विभिन्न कल्याणकारी पहलुओं के माध्यम से समाज में योगदान दे रही है।

स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने कहा कि क्लब विभिन्न कल्याणकारी और सीएसआर पहलुओं जैसे स्कूल बैग वितरण, आवश्यक खाद्य पदार्थ प्रदान करना आदि के माध्यम से समाज में योगदान दे रही है।

उन्होंने समिति की एकता की सराहना करते हुए कहा कि आगे भी समाज के लिए बेहतर कार्य किये जाते रहेंगे। वहीं पीवीयूएनएल के आरके सिंह ने समिति की तारीफ करते हुए कार्यक्रम की सफलता की बधाई दी। साथ ही महिला समिति द्वारा किये गए कल्याणकारी कार्य की भी प्रशंसा की।



मौके पर महाप्रबंधक परियोजना अनुपम मुखर्जी, देवदीप बोस जीएम (ओएंडएम) सहित अन्य सदस्य व कर्मचारी मौजूद थे

## एक नजर में

### संजीव बेदिया ने जेपी पटेल का किया स्वागत



बड़कागांव ।झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया एवं झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को माला एवं गुलदस्ता देकर बड़कागांव मुख्य चौक में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर उपस्थित पूर्व जिला सचिव नीलकंठ महतो,लखनलाल महतो, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुईयां ,प्रखंड सचिव सरोज मेहता, नंदकिशोर भुईयां,पवन तुरी,पंचायत अध्यक्ष मोती भुइयां,सचिव सुनील कुमार,गणेश राम,नरसिंह तुरी,सोमर भुईयां,विक्रम कुमार,मनीष कुमार, बिट्टू कुमार,विकास कुमार ,दिलीप कुमार ,राजा कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेस के स्टार प्रचारक बने केदार पासवान



**बरही।** भंडारों के रहने वाले कांग्रेस पार्टी एससी मोर्चा झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान को लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड के प्रचार प्रसार को लेकर स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया है। जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिका अर्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी आदि शामिल है। इसके लिए एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व एवं झारखंड के चुनाव प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश के अध्यक्ष राजेश ठाकुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भरोसा जताने के लिए धन्यवाद दिया। विश्वास जताया कि वह पूरी निष्ठा से अपने कार्यों का निर्वहन करेंगे।

### चरही में राशन दुकान से विदेशी शराब बरामद

**चरही।** तापीन में शनिवार देर शाम को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार एक राशन की दुकान में छापेमारी कर दर्जनों विदेशी शराब की बोतलें बरामद किया। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि इसकी जानकारी कई दिनों से मिल रही थी ।लेकिन ट्रेस नहीं मिलने के कारण कार्यवाही में विलंब हो रही थी ।सटीक सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी दलबल के साथ तापीन निवासी गौतम साव के राशन दुकान पहुंचकर छापेमारी की। दुकान से विभिन्न ब्रांड के 106 बोतल विदेशी शराब को बरामद किया ।थाना प्रभारी ने बताया कि यहां पर काफी दिनों से विदेशी शराब की बिक्री ऊंचे दामों पर की जा रही थी ।राशन दुकान के स्वामी के विरुद्ध चरही थाना कांड संख्या 34/24 के तहत मामला दर्ज कर जेल हजारीबाग जेल भेज दिया गया।

### बरही बस स्टैंड परिसर में शिफ्ट हुआ बाजार

**बरही।** बरही धनबाद रोड, हजारीबाग रोड़ सहित बरही चौक के आस पास रविवार को भी अतिक्रमण हटाओ अभियान बरही प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा जारी रहा। जिसमे धनबाद रोड, हजारीबाग रोड को पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त करवाते हुए कई दुकानों को हटाया गया। वही कई दुकानों के सीढ़ी को ध्वस्त किया गया, सुलभ शौचालय के सीढ़ी पर भी प्रशासन का बुलडोजर चला और तोड़ा गया। इस दौरान धनबाद रोड में लगने वाली बाजार को बस स्टैंड परिसर में शिफ्ट किया गया। जिससे अचानक बरहीवासियों एवं राहगीरों को आराम मिल गया है, जिससे वह काफी खुश नजर आ रहे है। वही सड़क पर दुकान चलाकर अपना जीविकोपार्जन करने वाले गरीब परिवारों के समक्ष काफी समस्या उत्पन्न हो गया है।

### कांग्रेस गारंटी कार्ड को लेकर चला अभियान

बरही। धनवार पंचायत के प्रभारी मो. वारिस अंसारी के नेतृत्व में बुथ अध्यक्षों की ैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार जेपी भाई पटेल को हाथ छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाने को लेकर संकल्प लिया गया। साथ ही कांग्रेस के गारंटी कार्ड को हर व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही गई। पंचायत प्रभारी मो वारिस अंसारी ने बुध अध्यक्षों को निर्देश दिया कि हर घर-घर में कांग्रेस पार्टी के गारंटी कार्ड को पहुंचाना है। मौके पर महेश प्रसाद, अनिरुद्ध प्रसाद, खूबलाल महतो, हाजी मकसूद, महमूद मियां, कुर्बान मियां, तबारक खान, अयूब अंसारी, गुलाम मुस्तफा, फैयाज आलम, मो शहीद, अबु फजल, वकील महतो, गुलाम मुस्तफा, सफदर अली, लियाकत हुसैन, अब्दुल कादिर, मो असलम, मुस्लिम अंसारी, ताहिर हुसैन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### आग से जला ट्रांसफार्मर, पौधे को नुकसान

बरही। केवाल में समाजसेवी सह सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान के फैक्ट्री के आसपास अचानक आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही तत्काल फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी गई। इस संबंध में राजसिंह चौहान ने बताया कि रविवार लगभग 11:30 बजे उनके केवाल स्थित फैक्ट्री के बगल में आग लग गई, जिससे आसपास की झाड़ियों में आग तेजी से फैल गई। उन्होंने बताया कि आग लगने की वजह से ट्रांसफार्मर में भी आग लग गई। बताया की आग लगने की वजह से ट्रांसफार्मर समेत लगभग 250 पीस आम का पौधा एवं अरहर फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। इस घटना से उन्हें लाखो रुपए का नुकसान पहुंचा है। वही फैक्ट्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। आग लगने की कोई वजह अब तक सामने नहीं आ पाई है।

### गैरेज मे लगी आग, जलने से बची गाड़ियां

दारू। पेटो में रामा बॉडी गेराज मे रविवार की सुबह करीब 9 बजे आग लग गयी। इस आग मे गेराज मे खड़ी कई वाहन जलने से बाल बाल बच गये जबकी कुछ वाहन और पार्ट्स को आग से नुक्सान पहुंचा है ।आग लगने के बारे मे बताया गया की गेराज मे खड़े वाहन के बगल मे रखे स्क्रेप समान को जलाने की नियत से गेराज मालिक के द्वारा आग लगाया गया था पर हवा तेज चलने की वजह से इसकी लपटे दूर दूर तक उठने लगी जिसने आसपास खड़े एक चेचिस और कुछ लोहे की रखे समान को चपेट मे ले लिया। इस आग से काला धुआं आसमान की तरफ उड़ने लगा। इस नजारे को जिसने भी देखा वह कौतुहल वस उसी तरफ दौड़ पड़ा। गैराज के मालिक और ग्रामीणों के सहयोग से पानी डालकर आग पर काबू पाया।

### कराटे सह प्रशिक्षण बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सोतोकान कराटे डू फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा डोजो के तत्वावधान में रविवार को पटेलनगर भुरकुंडा स्थित श्री अग्रेसन स्कूल में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण सह बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें भुरकुंडा, सयाल, पतरातु एवं बड़कागांव एरिया से 80 कराटेकारों ने भाग लेकर विभिन्न कलर बेल्ट ग्रेड प्राप्त किया। ब्राउन बेल्ट का ग्रेड पाने वालो में, साक्षी शर्मा, रिया, ध्रुव झा, रितेश, नादिर अख्तर, उत्सव यादव, ओम यादव शामिल हैं।

### भुरकुंडा में कांग्रेस नेता को मातृ शोक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कांग्रेस सह इंटक नेता शिवशंकर पांडेय उर्फ टूनटून पांडेय की माता प्रभावती देवी उम्र 80 वर्ष का रविवार को हॉस्पीटल कॉलोनी स्थित आवास पर आकस्मिक निधन हो गया। मृतका अपने पीछे दो पुत्र, तीन पुत्री सहित भरापुरा परिवार छोड़कर गई हैं। सोमवार को इनका अंतिम संस्कार बक्सर में किया जायेगा। प्रभावती देवी के निधन पर कोयलांचल भुरकुंडा में शोक संवेदनाओं का तांता लगा हुआ है। शोक व्यक्त करने वालों में अनिल पांडेय, सुनिल दुबे, भीम सिन्हा, दिनकर सिंह, अजय पासवान, उपेद्र शर्मा, विजय सिह, कृष्णा सिंह, छोटू सिंह, राकेश सिंह, विनय सिंह, महावीर कुमार, विजय राम, सेवक राम, दयानंद प्रसाद, भीम प्रसाद, शंभु दुबे, बैजनाथ राय, शशि पासवान, डबलू पांडेय, पुरूषोतम पांडेय, चंदन सिंह, पिंटू सिंह, केदार राम, मनोज सिंह, विजय कुमार, गीता, नीता, शिवम, उत्तम सहित अन्य लोग शामिल थे।



और राजा बन गया सांप

# क्यों राजा बना सांप

वृत्रासुर त्वष्टा ऋषि का यज्ञ-पुत्र था। इन्द्र द्वारा वृत्रासुर का वध करने पर इन्द्र को ब्रह्महत्या का पाप लगा। इससे बचने के लिए इन्द्र अपना लोक छोड़कर भागे और एक अज्ञात सरोवर में जा छिपे।

ब्रह्महत्या के भय से वे बहुत वर्षों तक उस सरोवर से नहीं निकले। इन्द्र के न रहने पर देवलोक में इन्द्रासन सूना हो गया। राजा के न रहने से बड़ी अव्यवस्था हो गई। राज-काज कौन देखे, किसे राजा बनाया जाए? इस प्रश्न पर सब विचार करने लगे।

देवगुरु बृहस्पति ने कहा, ''इन्द्रलोक का राज-काज चलाने के लिए किसी समर्थ और अनुभवी राजा को ही इस पद पर बैठाया जाए।''

बहुत सोच-विचार के बाद गुरु बृहस्पति ने कहा, ''इस समय भूलोक में नहुष का राज है। वह बहुत ही समर्थ, योग्य और चक्रवर्ती सम्राट हैं। इन्द्र के वापस आने तक उन्हें इंद्र की पदवी देकर इन्द्रासन पर बैठा दिया जाए।''

सबकी सहमति होने पर नहुष को इन्द्र की पदवी देकर इन्द्रासन सौंप दिया गया तथा नहुष ने बड़ी कुशलता से राजकाज संभाल लिया। इन्द्रलोक का वैभव देखकर उन्होंने सोचा, ''ऐसा सुख और वैभव भूलोक के राजाओं के पास कहां। सचमुच इन्द्र होना कितने वैभव और संपदा का स्वामी होना होता है। इसके आगे तो मेरे भूलोक का राज एक दरिद्र का राज लगता है।''

इन्द्रलोक की चकाचौंध में नहुष अपने कर्तव्य पर उतना ध्यान न देकर सुख-वैभव भोगने के बारे में ज्यादा सोचने लगे। उन्होंने यह न सोचा कि वह अस्थायी रूप से इंद्र-पद पर बैठाए गए हैं, बल्कि इसके विपरीत वह अब अपने को सचमुच इन्द्र समझने



लगे। जब इन्द्र बन गए तो इन्द्राणी भी उनकी होनी चाहिए, ऐसा विचार उसके मन में पैदा हुआ।

एक दिन इंद्र की पत्नी शची के सामने उन्होंने प्रस्ताव रखा, ''मैं इंद्र हो गया हूं, अतः तुम मेरी पत्नी के रूप में मेरे साथ रहो।''

शची ने समझाया, ''राजेंद्र नहुष! मैं पतिव्रता स्त्री हूं। इन्द्र ही मेरे पति हैं। वह ब्रह्महत्या के भय से भले ही अभी छिपे हैं, पर मैं पत्नी उन्हीं की हूं, अतः मुझे अपनी इन्द्राणी बनाने का विचार त्याग कर जिस कार्य के लिए आप नियुक्त किए गए हैं, वही राज-काज करें।''

यह सुनकर नहुष को क्रोध आ गया और उसने कहा, ''अब मैं ही इन्द्र हूं और आजीवन यहीं इंद्र रूप में रहूंगा। अगर तुम मेरी बात नहीं मानोगी तो बलपूर्वक तुम्हें अपनी रानी बना लूंगा। तुम्हारे बिना इंद्रलोक का सुख अधूरा है।''

शची ने मन-ही-मन विचार किया, ''नहुष प्रभुता पाकर मदमत्त हो गए हैं। इनका विवेक नष्ट हो गया है। कर्तव्य-अकर्तव्य का ज्ञान उन्हें नहीं रह गया है। यह मनुष्य की कमजोरी है, इसलिए अपना शील बचाने के लिए मुझे कुछ उपाय करना होगा।''

काफी विचार कर शची ने कहा, ''हे नरेंद्र! अब आप समर्थ हैं। मुझमें आपके प्रस्ताव का विरोध करने का सामर्थ्य नहीं। अब आप ऐसा चाहते हैं तो एक काम करिए। आप सप्तऋषियों को कहार बनाकर पालकी में बैठकर मुझे ब्याहने के लिए मेरे घर आइए। तब मैं इंद्राणी के रूप में आपके साथ रहूंगी।''

भोगी मनुष्य रोगी होता है। उचित-अनुचित का विचार नहीं कर पाता। नहुष ने तत्काल शची का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। दूसरे दिन उन्होंने आज्ञा दी, ''सप्तऋषि मुझे पालकी में बैठाकर स्वयं कहार बनकर पालकी ढोएं और मुझे इन्द्राणी शची के घर ले चलें।''

राजाज्ञा थी। ऋषियों ने यह स्वीकार कर लिया। एक सुंदर सजी हुई पालकी में नहुष बैठे और सप्तऋषि कहार बनकर बारी-बारी से उसे ढोने लगे। ऋषि तो साधु महात्मा थे। पालकी ढोने और तेज चलने का उन्हें अभ्यास नहीं था। उधर नहुष उतावला हो रहा था कि जल्दी से जल्दी इन्द्राणी के पास पहुंचे। ऋषियों के धीरे-धीरे चलने तथा देर होते देख वह क्रोधित होकर बोला, ''आलसी ऋषियो! देर हो रही है, धीरे-धीरे मत चलो। सर्प...सर्प।''

'सर्प' का अर्थ होता है तेज चलो, तेज चलो। ऋषि थके मांदे तो थे ही। नहुष की इस उद्दंडता से अगस्त्य ऋषि को क्रोध आ गया। उन्होंने अपने साथियों को कहकर पालकी कंधे से उतारी और शाप देते हुए कहा, ''नहुष! प्रभुता पाकर तुम अपना विवेक खो बैठे हो। तुम्हें नीति-धर्म का ज्ञान नहीं रह गया है। एक तो तुम ऋषि-ब्राह्मणों से पालकी ढुलवा रहे हो, ऊपर से 'सर्प...सर्प' कहकर तीव्र चलने को कहते हो, अब तुम इंद्र पद के योग्य नहीं रहे। आओ स्वयं 'सर्प' हो जाओ।''

ऋषियों के जल्दी चलने के लिए 'सर्प-सर्प' कहने का फल नहुष को मिला कि इंद्र पद छूटा और अब सर्प योनि में जीवन बिताने का पाप भोगना पड़ा। छिपकर तप करते रहने से अब तक इंद्र का ब्रह्महत्या के पाप से पीछा छूट चुका था। वह देवलोक आए और इंद्र पद पर पुनः आसीन हुए। देवों और ऋषियों ने चैन की सांस ली।

# विवाह भारतीय समाज और संस्कृति के स्तंभ

**हृदयनारायण दीक्षित**

**आधुनिक** सभ्यता के प्रभाव शुभ नहीं हैं। जीवन के सभी आयामों में आधुनिकता का बुरा प्रभाव पड़ रहा है। परिवार खूबसूरत संस्था है। लेकिन आधुनिकता की चपेट में है।

उधार की विदेशी आधुनिकता ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों को कुप्रभावित किया है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले ही भारत की संस्कृति और सभ्यता का विकास हो चुका था। भारतीय सभ्यता में परिवार आत्मीय संगठन थे। परिवार के सभी सदस्यों के एक साथ रहने और रमने के सूत्र आज भी दिखाई पड़ते हैं। विवाह पवित्र सामाजिक संस्कार है। इसके विकास में काफी समय लगा होगा। यह सतत प्रवाहमान सामाजिकविकास का परिणाम है। विवाह ही प्राचीन समाज की मजबूती का आधार रहे हैं। वे स्त्री और पुरुष के बीच नेह बंधन में बंधे हुए थे। अब उधार की आधुनिकता ने 'लिव इन' नाम का दुखद दृश्य प्रस्तुत किया है। 'लिव इन' दोनों को संताप में रखता है। भारतीय समाज परिवारों में ही विकसित हुआ है। परिवार के सभी सदस्यों के सुख-दुख एक समान रहे हैं। सब साथ साथ रहते थे। साथ-साथ उत्सव मनाते थे। वरिष्ठ नई पीढ़ी के साथ आनंदित रहते थे। वृद्ध ऐसे परिवारों के संचालक, नीति निमार्ता और मुखिया रहे हैं। लेकिन उधारू सभ्यता के कारण परिवार के सदस्यों के मध्य अंतसंर्वाद व अंतसंर्गीत नहीं है। सब अलग-अलग रहना चाहते हैं। उधार की विदेशी आधुनिकता के कारण उपयोगितावाद मार्गदर्शी हो रहा है।

जीवन की सांझ में वृद्ध उपयोगी नहीं दिखाई पड़ते। वृद्ध अकेले हैं। माता-पिता और अन्य वरिष्ठ प्राचीन भारतीय सभ्यता में आदरणीय रहे हैं। आधुनिक विदेशी सभ्यता के प्रभाव में परिवार के वरिष्ठ जनों का आदर घटा है। वृद्धों की सेवा पुत्रों-पौत्रों का दायित्व है। परिवार के सदस्य वरिष्ठों को घर में छोड़कर



अलग रहते हैं। वृद्ध उपयोगी नहीं हैं। वे स्वयं अपना शरीर भी नहीं संभाल पाते। शारीरिक जीर्णता के साथ मानसिक संताप भी जुड़े हैं। वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं।

संवेदनाएं कुचालक हो गई हैं। परस्पर आत्मीयता घटी है। पश्चिम की सभ्यता आधुनिकता बनकर समाज तोड़ रही है। ऐसी सभ्यता से जुड़े विद्वान भारत में स्त्री की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। ऋग्वेद में विवाह नाम के उत्सव का वर्णन बार-बार पठनीय है। ऋग्वेद (10.85) में सूर्य पुत्री सूर्या के विवाह का रोचक वर्णन है। सूर्य प्रकृति की विराट शक्ति हैं। आराध्य हैं। यहां उनकी पुत्री के विवाह का उत्सव वर्णन है। यह वर्णन निरा काल्पनिक नहीं हो सकता।

ऋग्वेद में विवाह के समय वर कहता है, "हे वधू सौभाग्य वृद्धि के लिए मैं आपका हाथ ग्रहण करता हूं। तुम मेरे साथ सदा रहना।" अग्नि देवता के चारों ओर सातचक्कर लगाने की परम्परा सप्तपदी में भी है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने इसी सप्ताह सप्तपदी को अनिवार्य बताया है। विवाह के पहले पिता का घर ही कन्या का निवास होता है। विवाह के समय ऋषि आशीष देते हैं, "हम आपको पितृकुल से मुक्त करते हैं और पतिकुल से सम्बद्ध करते हैं।" स्तुति है कि,"हे इंद्र यह वधू सौभाग्यशाली हो।"

पश्चिम प्रभावित भारतीय विद्वान नोट कर सकते हैं कि वैदिक काल में नारी की स्थिति कार्यपालक अधिकारी जैसी है। ऋग्वेद में कहते हैं,"यह नारी पूरे परिवार की प्रतिष्ठा वृद्धि करने वाली हो।" देवों से स्तुति है कि, "इसे संतति युक्त सौभाग्यशाली बनाएं।" फिर सामूहिक आशीर्वाद देते हैं, "आप सास, ससुर, ननद व देवर की साम्राज्ञी बनें। पूरे परिवार की स्वामिनी बनें।" प्राचीन काल में स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं। युद्ध साधारण कर्म नहीं है। ऋग्वेद में विप्सला नाम की महिला के पैर टूटने का विवरण है। अश्विनी देवताओं ने टूटे पैर की जगह किसी धातु का कृत्रिम पैर लगाया था। इसी तरह एक महिला मुदग्लानी की भी वीरता का उल्लेख है। वैदिक काल की इसी परम्परा के दर्शन रामकथा में भी मिलते हैं। कैकई भी दशरथ के साथ युद्ध भूमि में थीं। लोपामुद्रा भी वैदिक मंत्रों की रचयिता हैं। पुरुष और स्त्री में भेदभाव की बातें व्यर्थ हैं।

आधुनिक विदेशी सभ्यता स्त्रियों को सम्माननीय दर्जा नहीं देती। इस सभ्यता ने उन्हें पुरुष से भिन्न अलग वर्ग बनाने के प्रयास किए हैं। वैदिक काल में स्त्री और पुरुष साथ-साथ काम करते हैं। वैदिक समाज का सर्वाधिक प्रिय पेय है सोम। ऋग्वेद के अनुसार पति-पत्नी दोनों मिलकर सोम पीसते हैं और साथ-साथ सोमरस का आनंद लेते हैं। साथ-साथ देव स्तुतियां भी गाते हैं। पत्नियां अपने पतियों के साथ पर्व उत्सवों में हिस्सा लेती थीं। एक मंत्र के अनुसार अग्नि देव से स्तुति है कि वे 33 देवताओं को पत्नियों सहित यज्ञ उत्सव में लाएं।

जीवन दिक्काल के भीतर है। जिसका जन्म होता है उसकी मृत्यु भी होती है। जन्म के बाद धीरे-धीरे शैशव विकसित होता है। सम्भावना का घट टूटता है। जीवन ऊर्जा ऊर्ध्वगामी होती है। तब आती है तरुणाई। तरुणाई भी अल्पकालिक है। सूर्य आते हैं। उदित होते हैं। कालरथ का पहिया घूमता है। शरद आती है। हेमन्त, शिशिर आते हैं। तमाम पूर्णिमा और बार-बार अमावस। जीवन का संध्याकाल आता है। शरीर जीर्ण होता है। ऊर्जा घटती है। आंखों की ज्योतिर्मयता घटती है। जन्म और मृत्यु के बीच बड़ा फासला नहीं होता। सामान्यतया 60 वर्ष की वय में वृद्धावस्था प्रकट हो जाती है। वृद्ध होना सबकी नियति है। सभ्यता और संस्कृति में वृद्धों के सम्मान को महत्वपूर्ण कर्तव्य बताया गया है। महाभारत के यक्ष प्रश्नों में माता-पिता को श्रेष्ठ स्थान दिया गया है। यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछा, "आकाश सबसे ऊंचा है। हे धर्मराज आप बताएं कि आकाश से ऊंचा क्या है?" युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "पिता आकाश से ऊंचा है।" यक्ष ने फिर पूछा, "पृथ्वी के गुरुत्व और भार से भारी क्या है?" युधिष्ठिर ने उत्तर दिया, "माता पृथ्वी से भारी है। माता सृष्टि की आदि अनादि अनुभूति है। हम सब मां का विस्तार हैं।"

हमारे भीतर माता और पिता दोनों की उपस्थिति है। लेकिन जीवन की सांझ में वे एकाकी हैं। वे चाहते हैं कि पौत्र और पौत्रियां उनका हाल-चाल लें। उनसे बातें करें। वे डांटें तो हम उनकी डांट खाकर भी प्रसन्न रहें।

## पूर्व जन्मों केअसर को कम करने से होगा उद्धार




जब भी कोई जीव जन्म लेता है तो उसे अपने पूर्व जन्मों का ऋण चुकाना ही पड़ता है परन्तु वह यह ऋण किस प्रकार चुकाता है यह उसका प्रारब्ध है। जीव जो भी पूर्व जन्मों में कर्म करके आया है और जो ऋण उसको चुकाना है वह उसकी कुंडली में स्पष्ट होता है। किसी भी ज्योतिषाचार्य को कुंडली दिखा कर उपाय पूछा जा सकता है जिससे पूर्व जन्मों के किए कर्मों का ऋण हम चुका सकें। उन उपायों के माध्यम से हम अपना और अपने परिवार का जीवन सुखमय बना सकते हैं।

दान से यूं संवारें अपना जीवन

- बेसन तथा आटे को तेल में भून कर चीनी मिला कर चींटियों को खिलाने से दाम्पत्य जीवन में मधुरता आती है।
- कुत्ते को दूध व ब्रैड देने से चन्द्र, शनि व राहू की शांति होती है।
- कुष्ठ रोगियों को सिक्के दान करने चाहिएं इससे शनि शांत होता है।
- पौधों की देख-रेख करने से राहू, बुध को शक्ति मिलती है।
- मानसिक तनाव में लाभ के लिए अस्पताल के रोगियों में दूध वितरित करना चाहिए।
- गाय को नित्य मीठी रोटी/नमकीन रोटी खिलाने से मानसिक शांति प्राप्त होती है।
- शिक्षा सम्बन्धी सामग्री बांटने से बृहस्पति की दशा सुधरती है और बच्चे का पढाई में मन लगता है।
- बंदरों को केला और भुने चने खिलाने से मंगल व शनि की शांति होती है।
- पक्षियों को भुजिया खिलाने से राहू को शांत किया जा सकता है।

## श्री मदभगवत गीता का उद्धरण जिससे बदलेगा जीवन



1. दूसरों के बारे में सोचने से बेहतर है आप अपना काम करें। आप अपना काम बेहतरी से करें की दूसरा इंसान क्या काम कर रहा है इस विषय पर सोचने की बजाय आप अपना काम कैसे बेहतर कर सकते हैं। इस पर बल दें। दूसरा जो काम कर रहा है वो उसके कर्म हैं, पाप नहीं है। आप अपने कर्म करें।
2. नरक में जानें के तीन रास्ते हैं लालच, गुस्सा और हवस।
3. कर्म करो फल की इच्छा न करें क्योंकि कर्म हमेशा फल से अच्छा ही होता है।
4. क्या हुआ था? क्या हो रहा है? क्या होगा? आप कभी भी अपने बीते हुए कल को ठीक नहीं कर सकते और आने वाले भविष्य को कभी देख नहीं सकते। केवल चिन्ताएं कर सकते हैं। वर्तमान में क्या हो रहा है। उस पर ध्यान दें भविष्य में नहीं वर्तमान में जिएं।
5. जो आपके जीवन में हो रहा है आप उसे नहीं बदल सकते। जीवन और मृत्यु के बीच में जो अंतर है उसे आंका नहीं जा सकता। मौत और जीवन के बीच में थोड़ा हीफर्क है। बस एक सोच है ये दोनों और इसे हम भोगते हैं। आपका मन बहुत छोटा भी है और बड़ा भी है उसी के द्वारा ही विचार उत्पन्न होते हैं। सार बस ये है कि सब कुछ आपका है और आप सब के हो।
6. यह शरीर आपका नहीं है और न ही आप शरीर के हो। यह शरीर पंच तत्व का है इसी से ही बना है इसमें ही समा जाएगा। आत्मा आपकी है विचार करो आप कौन हो?
7. डरो मत यह मत सोचो क्या हुआ था? क्या हो रहा है? क्या होगा? असलियत क्या है? सच्चाई कभी नहीं मरती।
8. आदमी अपने विश्वास से बनता है विश्वास है तो आप हो।
9. क्रोध सारी समस्याओं की जड़ है। मन हमेशा इर्ष्या और चिन्ता से भरा रहता है। जो आपके विचार हैं वो आपके दिल और दिमाग को व्यग्र कर देते हैं। आप तभी शांत हो सकते हो जब इन विचारों को अपने दिमाग से निकाल कर नष्ट कर दो।
10. अपने काम के प्रति अपने व्यवहार को सुनिश्चित रखें। आपको किससे संतुष्टि होती है। अपने काम को ईमानदारी से करें यही खुशी का रहस्य है।
11. यह दुनिया आपकी नहीं है न ही आप इस दुनियां के हो फिर अपनी खुशियों को दूसरों में क्यों दूंढ रहे हो?
12. हमेशा सच्चाई बोलिए तो आपको लाभ होगा किसी को दुख देने वाली वाणी का त्याग करें।
13. संसार के सभी पदार्थों का अव्यक्ता से आरंभ होता है। जो विचार हमारे भीतर आते हैं उन्हें यह अव्यक्ता अपने काबू में करके नाश कर देती है। तो फिर हमें क्या अवशयकता है कुछ अधिक विचार करने की।
14. खुशी से जीना हो तो अपनी इच्छाओं का नाश कर दो।
15. कर्म आपकी काबलियत को दर्शाते हैं।
16. खुशी आपके अंदर है यह हमारे दिमाग की एक सोच है यह बाहरी दुनिया में नहीं मिलेगी।

## साई विचार



यदि कोई अपना पूरा समय मुझमें लगाता है और मेरी शरण में आता है तो उसे अपने शरीर या आत्मा के लिए कोई भय नहीं होना चाहिए।

आने वाला जीवन तभी शानदार हो सकता है जब तुम ईश्वर के साथ पूर्ण सद्भाव में जीना सीख जाओगे।

मनुष्य अपने स्वाद की तृप्ति के लिए प्रकृति में उपलब्ध खाद्य पदार्थों में बदलाव चाहता है जिससे उनमें निहित जीवन के बहुत सार अंत को प्राप्त होते हैं।

मनुष्य अनुभव के माध्यम से सीखता है, और आध्यात्मिक पथ विभिन्न प्रकार के अनुभवों से भरा है. उसे कई कठिनाइयों और बाधाओं का सामना करना होगा, और वे सारे अनुभव जो उसे प्रोत्साहित करने और सफाई की प्रक्रिया पूरा करने लिए जरुरी हैं।

मनुष्य खो गया है और एक जंगल में भटक रहा है जहाँ वास्तविक मूल्यों का कोई अर्थ नहीं है। वास्तविक मूल्यों का मनुष्य के लिए तभी अर्थ हो सकता है जब वह आध्यात्मिक पथ पर कदम बढ़ाये। यह एक ऐसा पथ है जहाँ नकारात्मक भावनाओं का कोई उपयोग नहीं।

स्पीड न्यूज

## अमित शाह मनोहरपुर और योगी आदित्यपुर में करेंगे चुनावी सभा

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री के चुनावी सभा के पश्चात अन्य भाभी स्टार प्रचारक को के बारे में पूछे जाने पर डॉ दिनेश आनंद गोस्वामी ने कहा कि भाजपा मनोहरपुर में गृह मंत्री अमित शाह और आदित्यपुर में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की आमसभा करने की दिशा में पहल कर चुकी है। और जल्द ही हम लोग तिथि की घोषणा करेंगे। इन दोनों सभाओं के बाद सिंहभूम सीट पर भाजपा की मार्जिन और बढ़ जायेगी।

## तख्त श्री हरमंदिर जी के संरक्षक कुलविंदर जिला न्यायाधीश के दर पहुंचे

**जमशेदपुर।** गुरु गोबिंद सिंह जी की जन्मस्थली तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन कमेटी में झारखंड राज्य के सिख सभाओं एवं संस्थाओं के अधिकारों के संरक्षण के लिए बारीडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान कुलविंदर सिंह ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश के दर पहुंचे। लिखित तौर पर दूसरी बार आवेदन देकर प्रबंधन कमेटी के चुनाव 2024 में अधिकारों के संरक्षण की गुहार लगाई है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के संविधान 1955 के अनुसार प्रबंधन कमेटी के संरक्षक हैं और किसी प्रकार का संवैधानिक या कार्यपालक बदलाव के लिए उनकी पूर्वानुमति एवं सहमति जरूरी है। प्रधान कुलविंदर सिंह ने उन्हें बताया है कि वर्तमान कमेटी का कार्यकाल जुलाई 2023 में ही खत्म हो चुका है और कमेटी के कुछ पदाधिकारी एवं सदस्य झारखंड के सिखों के संवैधानिक कानूनी मताधिकार को छीन लेने की साजिश रच रहे हैं। उनमें से कुछ ने पटना उच्च न्यायालय की शरण भी ले रखी है और ऐसे में संरक्षक की जिम्मेदारी जवाब देही और भी बढ़ जाती है। साल 2000 में झारखंड बिहार से अलग हुआ है और उसके बाद तीन बार कार्यकारिणी का चुनाव हुआ है। उसमें झारखंड के तकरीबन 110 से ज्यादा गुरुद्वारों की सिंह सभाओं एवं संस्थाओं की भागीदारी मिलती रही है और अब इस तरह के बेबुनियादी सवाल क्यों उठाए जा रहे हैं। वही कुलविंदर सिंह ने बिहार राज्य पुनर्गठन अधिनियम की धारा 84 और 85 का उल्लेख किया है कि जब तक झारखंड अथवा बिहार विधान मंडल अथवा उचित फोरम द्वारा किसी विषय पर कोई निर्णय नहीं होता है तब तक पूर्व की स्थिति हर हाल में बरकरार रहेगी।

## वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी के सदस्यों ने किया रक्तदान

**जमशेदपुर।** शहर की लोकप्रिय समाजिक संस्था वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी के सह संस्थापक स्वर्गीय महेश सिन्हा जी की पुण्यतिथि में टीम के सदस्यों ने बिष्टुपुर ब्लड बैंक पहुंच कर स्वयं रक्तदान किया और रक्तदान के माध्यम से स्वर्गीय महेश सिन्हा जी को अपनी श्रद्धांजलि दी और उन्हें याद कर नमन किया। वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी के संस्थापक हरि सिंह राजपूत ने कहा कि इस भीषण गर्मी में लोग रक्तदान कम करते है और ब्लड बैंक में रक्त लेने वाले लोगो की संख्या उतनी ही रहती है, जिससे कई बार लोगो को ब्लड मिलने में काफी दिक्कत होती है।

# गीता कोड़ा की शालीनता और आसान उपलब्धता + पीएम मोदी की जादुई छवि = सिंहभूम सीट फतह

## गीता कोड़ा का भाजपा में आना और टिकट एक-एक कार्यकर्ता की पसंद के मद्देनजर

सत्येन्द्र कुमार/ विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** सिंहभूम लोकसभा सीट पर इस बार भाजपा अपनी प्रत्याशी गीता कोड़ा की जीत न सिर्फ तय मान रही है बल्कि पार्टी का कहना है कि श्रीमती कोड़ा का सरल, सहज व्यक्तित्व और जनता के लिए आसान उपलब्धता के साथ पीएम मोदी की जादुई छवि से रिकार्ड मतों से यहां पार्टी चुनाव जीतने जा रही है।

सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से भाजपा का चुनाव प्रबंधन देख रहे प्रभारी डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने **खबर मन्त्र** से एक खास मुलाकात में यह बताने की कोशिश की है कि कैसे यहां भाजपा बड़े अंतर से चुनाव जीतने जा रही है। इतना ही नहीं, 13 मई को चुनाव से पूर्व कैसे माइक्रो जन संपर्क के अलावा 332 पथ सभाओं की श्रृंखला सोमवार से शुरू की जा रही है। पथ सभा एक इनोवेटिव चुनाव प्रचार है जिसकी हर सभा में कम से कम 200 मतदाताओं को संबोधित किया जायेगा और केंद्र की योजनाओं को उनतक पहुंचाया जायेगा। यह भी बताया जायेगा कि पीएम मोदी को तीसरा टर्म पीएम के रूप में जनता देती है तो मोदी की गारंटी क्या-क्या होगी।

हमने बातचीत की शुरुआत गत 3 मई को चाईबासा में पीएम नरेंद्र भाई मोदी की चुनावी सभा से पकड़ने वाले सकारात्मक असर से की। इस पर भाजपा के लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की चाईबासा चुनावी सभा ऐतिहासिक रही, जिसमें सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के एक-एक गांव से भाजपा समर्थकों की भागीदारी सुनिश्चित हुई। चुनावी सभा भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा की जीत को सुनिश्चित कर दी है वहीं इसका सकारात्मक प्रभाव जमशेदपुर और खूंटी लोकसभा क्षेत्र पर भी पड़ेगा।



■ लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ दिनेशानंद गोस्वामी से खबर मन्त्र की खास बातचीत

मोदी के जादुई व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए डा दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि चुनावी सभा में प्रधानमंत्री शाम 5 बजे पहुंचे किंतु उनके व्यक्तित्व का आकर्षण ऐसा था कि गांव-जवार से लेकर शहर तक के आम मतदाता दोपहर 2 से ही टाटा कॉलेज के मैदान में आकर जम गये थे। जैसे ही प्रधानमंत्री मंच पर पहुंचे कार्यकताओं और भाजपा समर्थकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रधानमंत्री के भाषण में जहां आदिवासी और पिछड़ा वर्ग के हितों की बात थी तो दूसरी ओर उन्होंने तमाम नागरिकों को आश्वस्त किया कि 75 वर्ष की उम्र में पहुंचने पर हर भारतीय नागरिक को जाति, धर्म और आय की सीमा से ऊपर उठकर पांच लाख रुपये का निशुल्क इलाज की सुविधा आयुष्मान कार्ड के जरिए दी जा;२गी। इससे बुढ़ापे में लोग इलाज खर्च की चिंता से मुक्त हो सकेंगे।

डॉ गोस्वामी ने बताया कि पीएम की चुनावी सभा की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चाईबासा शहरी क्षेत्र और मझगांव में पार्टी ने कोई आने-जाने की व्यवस्था कार्यकर्ताओं के लिए नहीं थी, फिर भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता आम मतदाताओं को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का भाषण सुनने पहुंचे। सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के आम मतदाताओं का अथाह प्रेम और आदर देखकर मोदी भी प्रफुल्लित थे। इस आम सभा से सिर्फ भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए की प्रत्याशी गीता कोड़ा की जीत ही सुनिश्चित नहीं हुई है बल्कि यह गारंटी दी है कि इस बार की जीत ऐतिहासिक जीत होगी। बहुत बड़ी मार्जिन से जीत होगी।





यह पूछे जाने पर कि भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा दूसरे दल से आयी है और उन्हें पार्टी में टिकट दिया है। गीता कोड़ा में भाजपा कौन सी खूबियां देखी, जिसने उनकी टिकट की गारंटी कर दी और पार्टी के कार्यकर्ता उन्हें कितना आत्मसात कर पाये हैं ? डॉ दिनेशानंद ने कहा कि मैं गर्व के साथ बताना चाहूंगा कि विगत 25 दिनों से मैं प्रभारी के रूप में सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण कर रहा हूं। आम कार्यकर्ताओं के बीच जा रहा हूं। गांव से लेकर शहर तक में हमारी प्रत्याशी गीता कोड़ा की छवि बहुत ही अच्छी और सकारात्मक है। वह अपने प्रथम संसदीय कार्यकाल में आम जनता के लिए सहज, सरल और आसानी से उपलब्ध सांसद रही हैं। इतना ही नहीं, उनके शालीन व्यवहार से हर पार्टी में उनके शुभचिंतक हैं। आपको बतायें कि जब कार्यकर्ता स्तर पर हम लोग प्रत्याशी की रायशुमारी कर रहे थे तो हर प्रखंड में कार्यकर्ताओं ने सिर्फ और सिर्फ यही कहा कि हम लोगों को गीता जी को न सिर्फ भारतीय जनता पार्टी में लाना चाहिए बल्कि उन्हें टिकट देना चाहिए।

### गीता के समर्थन में आज से 332 पथ सभाओं की अनूठी पहल

स्टार प्रचारकों के साथ-साथ सिंहभूम क्षेत्र में आम जनता के साथ संवाद करने के लिए इस बार लोकसभा प्रभारी डॉ दिनेश आनंद गोस्वामी के नेतृत्व में 332 वार्ड एवं पंचायत में पाठ सभा करने का एक इनोवेटिव योजना तैयार की गयी है जिसे 6 मई से शुरू कर दिया जायेगा और चुनाव से पूर्व से कंप्लीट करने की योजना है। सिंहभूम सीट पर मतदान 13 को होना है। इस बारे में लोकसभा प्रभारी डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने **खबर मन्त्र** को बताया कि हर पथ सभा में हम लोग 200 मतदाताओं को उपस्थित संभावित देख रहे हैं। खासकर युवा, व्यवसायी और मजदूर वर्ग के साथ-साथ महिलाओं पर हमारा फोकस है। पथ सभाओं में मोदी सरकार की उपलब्धियां से हम जनता को अवगत करायेंगे और अगले 5 साल की कार्य योजना से भी लोगों को परिचित कराया जायेगा कि अगर आप मोदी को तीसरा टर्म के लिए पीएम चुनते हैं तो वैश्विक स्तर पर जहां देश को विकास एवं रक्षा मामलों में सशक्त किया जायेगा।



डॉ दिनेशानंद एक कुशल एवं अनुभवी संगठनकर्ता हैं। उन्हें छात्र राजनीति से लेकर प्रदेश राजनीति तक में संगठनात्मक अनुभव है। ऐसे में खबर मन्त्र ने उनसे जानना चाहा कि सिंहभूम में जब आप लोकसभा चुनाव प्रभारी के रूप में पहुंचे तो वहां का संगठन की विशेषता और कमजोरियों को आपने कैसे देखा,और मैनेज किया? डा दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि सबसे बड़ी बात कि सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के गांव-गांव में भारतीय जनता पार्टी का संगठन है और वहां कार्यकर्ता सक्रिय हैं। लोकसभा सीट के 1700 बूथ हैं जिसमें मेरे जाने से पूर्व ही वहां 1200 बूथ सक्रिय हो चुके थे जबकि हमारी टीम ने वहां दो सप्ताह के भीतर 500 और बूथ कमेटी को सक्रिय कर दिया और पार्टी कार्यकर्ताओं को माइक्रो लेवल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियां को एक-एक मतदाता तक पहुंचाने का जिम्मा दिया। उसका भी बहुत बड़ा सकारात्मक असर प्रधानमंत्री की चुनावी सभा में देखने को मिला । हम लोगों ने हर 60 मतदाताओं पर एक पन्ना प्रमुख नियुक्त कर रखा है और वह पन्ना प्रमुख एक-एक मतदाता के संपर्क में हैं। मुझे इस बात की खुशी है कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता लोकसभा सीट की एक-एक बूथ पर अपनी नौकरी से छुट्टी लेकर, अपना कारोबार से कुछ दिन के लिए मुक्ति पाकर और घर परिवार से दूर रहकर निस्वार्थ भाव से मतदाताओं के बीच कम कर रहे हैं, पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों का प्रचार कर रहे हैं। उनकी यह मेहनत भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत को सुनिश्चित करने के लिए काफी है।

# जून महीने से प्राथमिक कक्षाओं से जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई होगी शुरू : चंपई सोरेन

■ लोकतंत्र व संविधान को बचाने के लिए जोबा माझी को वोट करें: चंपई सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**मझगांव/जमशेदपुर।** लोकतंत्र व संविधान को बचाने के लिए महागठबंधन के प्रत्याशी जोबा माझी को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाए। यह बातें झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कही। वे रविवार को मझगांव विधानसभा क्षेत्र के कुमारडूंगी प्रखंड के ताड़ीसाई व पुटिसिया के लादुसाई राका मैदान में महागठबंधन की साझा प्रत्याशी जोबा माझी के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की झारखंड की खनिज संपदाओं को लूटने के लिए भाजपा को वोट चाहिए. हमारे जल, जंगल, जमीन को बेचकर अडानी, अंबानी के हाथों में भाजपा सौंपना चाहती है जिसे कभी पूरा नहीं होने देंगे।

सीएम ने कहा भाजपा नहीं चाहती कि यहां के आदिवासी-मूलवासी आगे बढ़े। हमारी मानकी, मुंडा व्यवस्था को खत्म करने की साजिश की जा रही है। कहा हमारी सरकार आगामी जून महीने से विद्यालयों में प्राथमिक कक्षा से जनजातीय भाषा की पढ़ाई प्रारंभ कराई जायेगी। इसके लिए विद्यालयों में शिक्षकों की बहाली होगी। स्थानीय मूल भाषा की पढ़ाई के लिए जहां 10 विद्यार्थी भी होंगे वहां एक शिक्षक नियुक्त किए जाएंगे। अपनी मातृभाषा से हम अपने बच्चों को शिक्षित करेंगे। हर प्रखंड में मॉडल स्कूल का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने मौजूद भीड़ को देखकर कहा कि यह तय हो गया है की आपलोग अपने प्रत्याशी जोबा माझी को जीत दिलायेंगे।



कुमारडूंगी प्रखंड में जोबा मांझी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते सीएम चंपई सोरेन। साथ में मंत्री बन्ना गुप्ता और प्रत्याशी जोबा माझी।

## जमशेदपुर के झामुमो महागठबंधन प्रत्याशी समीर महंती ने लंगर खाया



जमशेदपुर लोकसभा सीट पर झामुमो सह इंडिया प्रत्याशी समीर महंती ने अपने विधायक साथी मंगल कालिंदी के साथ सोनारी क्षेत्र में भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सोनारी गुरुद्वारा में लंगर भी खाया और मतदाताओं से तीर-धनुष पर वोट देने का आह्वान किया।

## खूंटी लोकसभा क्षेत्र को मेरा दूसरा टर्म कृषि व किसानों को समर्पित रहेगा : अर्जुन मुंडा

■ केंद्रीय मंत्री सह भाजपा के खूंटी प्रत्याशी मुंडा ने तोरपा क्षेत्र के ग्रामीणों से जगह-जगह किया संवाद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**तोरपा/जमशेदपुर।** केंद्रीय मंत्री व खूंटी लोकसभा के प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने रविवार को तोरपा विधानसभा के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान वे ग्रामीणों की समस्याओंसे अवगत हुए और उसके समाधान की बात भी कही।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश को लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को मतदान करना है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से 13 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज मुझे ऐसे शखस के साथ काम करने का अवसर मिला है, जो दिन रात सिर्फ देश की जनता के लिए सोचते हैं। हमारे प्रधानमंत्री जी देश को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने लिए लगातार काम कर रहे हैं क्योंकि इससे सभी जीवन में सुधार आएगा। हमारा देश विकसित होगा तो यहां की जनता भी विकसित होगी। श्री मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि मुझे कृषि मंत्री के तौर पर भी काम करने अवसर मिला है। इस क्षेत्र के खेती-किसानी की अपार संभावनाएं हैं और इसको लेकर हम सभी मिलकर भविष्य में काम करेंगे।



ग्रामीणों को संबोधित करते अर्जुन मुंडा।

## एक नजर में

### गम्हरिया में अरविंद सिंह और डॉ गोस्वामी ने चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

**गम्हरिया।** पश्चिमी सिंहभूम लोकसभा संसदीय क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती गीता कोड़ा का चुनावी कार्यालय छोटा गम्हरिया में खोला गया। इसका उदघाटन भाजपा नेता सह पूर्व विधायक अरविंद सिंह और लोकसभा क्षेत्र प्रभारी दिनेशानंद गोस्वामी ने फीता काट कर किया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा को भारी बहुमत से विजयी बनाकर पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने की अपील की है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश हांसदा, पूर्व उप मेयर अमित सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंहदेव, अजीत सिंह, रश्मि साहू, सुनिता मिश्रा, विवेक कुमार, अमरेश गोस्वामी, रमेश कुमार, प्रमोद पाठक, मनोरंजन नंदी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चांडिल में भाजपा का चुनाव कार्यालय खुला, अरविंद सिंह ने किया उद्घाटन

**चांडिल।** चांडिल डैम रोड स्थित अन्नपूर्णा बैंक्विट हॉल में भाजपा के चांडिल मध्य मंडल का चुनाव कार्यालय का विधिवत रूप से ईचागढ़ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह, रांची लोकसभा के संयोजक संजीव विजयवर्गीय ईचागढ़ के विधानसभा संयोजक मधु गोराई एवं सह संयोजक सारथी महतो ने संयुक्त रूप से फिता काटकर किया। इसके साथ ईचागढ़ विधानसभा कोर कमेटी की बैठक की गई जिसमें चुनाव की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ आगामी 7 एवं 8 मई को ईचागढ विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जनता से जनसंपर्क करेंगे। इस मौके पर मनोज महतो, दिवाकर सिंह, विशाल चौधरी, मदन सिंह सरदार, नवीन पसारी, चंद्र मोहन दास, दिपु जयसवाल, देवाशीष राय, खगेन महतो, महेश कुंडू, प्रभात पोद्दार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### क्रिएटिव एकेडमी का वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न

**जमशेदपुर।** एन रोड, बिष्टुपुर स्थित क्रिएटिविटी एकेडमी का तीसरा वार्षिकोत्सव कुडी मोहंती ऑडिटोरियम में रंगारंग कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ, जहाँ छोटे-छोटे बच्चों ने अपने अद्भुत डांस से हर किसी का मन मोहते हुए अचम्भित कर दिया। 100 से अधिक बच्चों ने अपने डांस कला का प्रदर्शन किया। नृत्य कला के इस जीवंत प्रदर्शन से लग ही नहीं रहा था कि इतने छोटे-छोटे बच्चे इतने बेहतरीन एवं सधे तरीके से डांस कर सकते हैं। उनके प्रत्येक डांस से दर्शकों एवं बच्चों के अभिभावकों ने जमकर ताली बजायी और वाहवाही की। उक्त जनकारी देते हुए क्रिएटिविटी के प्राचार्या श्रीमती अनुराधा रूंग्टा ने कहा कि शाम 5 बजे से 7 बजे तक चले इस डांस कार्यक्रम में बेहतरीन एवं विजयी बच्चों को एवार्ड एवं सर्टिफिकेट से नवाजा गया। पुनः उन्होंने कहा कि क्रिएटिविटी डांस एकेडमी का मकसद जमशेदपुर एवं इसके आस-पास के बच्चों में डांस कला का विस्तार करना है।

## एक-एक मतदाता को मतदान करने के लिए प्रेरित करें कार्यकर्ता : विद्युतवरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

■ भाजपा ने गोलमुरी और पोटका में खोला चुनावी कार्यालय, वरिष्ठ नेता रहे मौजूद

■ प्रत्याशी विद्युत महतो ने जीत के लिए चुनाव प्रचार तेज करने का किया आह्वान

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से चुनावी तैयारियों को तेज करते हुए भाजपा ने जमशेदपुर लोकसभा अंतर्गत विभिन्न विधानसभा में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। रविवार को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के पोटका विस अंतर्गत हाता चौक एवं पुर्वी विधानसभा अंतर्गत गोलमुरी मेन रोड में चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन जमशेदपुर के सांसद सह प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो ने किया। इस दौरान सांसद बिद्युत बरण महतो ने कार्यकताओं के संग बैठक कर आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा के संग चुनावी रणनीति पर मंथन किया। उन्होंने मतदान के दिन अधिक संख्या में लोग मतदान केंद्र पर आने के लिए कार्यकर्ताओं से रूपरेखा तय करने का आह्वान किया।



गोलमुरी में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते प्रत्याशी विद्युतवरण महतो। साथ में महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, कुलबंत बंटी, मिथिलेश यादव, चुनाव प्रभारी नंदजी प्रसाद व अन्य नेता।

### विश्व जन सेवा ट्रस्ट ने किया जागरूक

**जमशेदपुर।** विश्व जन सेवा ट्रस्ट डॉ मनीष झा ने मानगोडा गांव में गर्भवती महिला एवं माताओं को भोजन और स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी और बताया क पोषक युक्त भोजन हमारे शरीर के लिये कितना जरूरी है। साथ ही विटामिन की कमी, कैल्शियम की कमी, आयरन की कमी, मिनरल्स की कमी को कैसे दूर किया जा सकता है इस विषय पर जानकारी दी गयी। संस्था के तरफ से माताओ को हॉर्लिक्स दिया गया। साथ ही 25 मई को देश के महापर्व मे वोट करने के लिये जागरूक किया गया।

## मां के आत्मविश्वास ने श्रीलेदर्स को दिया

■ श्रीलेदर्स की प्रेरक शक्ति किरणमयी डे के 101वीं जन्म उत्सव पर उन्हें किया नमन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** श्रीलेदर्स की प्रेरक शक्ति स्व. किरणमयी डे के 101वें जन्म उत्सव आज बिष्टुपुर शोरूम में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर किरणमयी डे पुत्र शेखर डे, बहू ज्योत्सना डे, ने दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

मौके पर शेखर डे ने नम आंखों से मां किरणमयी डे को याद करते हुए बताया कि, श्रीलेदर्स की स्थापना से लेकर आज तक मां किरणमयी डे की प्रेरक शक्ति ही श्रीलेदर्स को देश दुनिया में एक अलग पहचान दी है। उन्होंने कहा, मां आत्मविश्वास की धनी थी। उन्होंने पिता सुरेश चंद्र डे, बच्चों, परिवार के लोगों के अलावा अपने करीबियों का हमेशा हौसला बढ़ाया है। जीवन में श्रीलेदर्स परिवार ने जब भी मुसीबत आया है मां चट्टान बन कर खड़ी रही। नतीजतन श्रीलेदर्स एक विशाल पेड़ की तरह देश भर में अपनी पहुंच बनाने में कामयाब रही। श्री डे ने का कहा कि मां और पिता की विरासत को बेटों ने आगे बढ़ाया है। अब उनके पोतों ने इसे विस्तार करते हुए देश के कई राज्यों में एक्सक्लूसिव शोरूम खोल दिया है।



माता किरणमयी डे की जयंती पर उनकी तस्वीर के सामने दीप प्रज्ज्वलित करते निदेशक शेखर डे और उनकी धर्मपत्नी ज्योत्सना डे।

## रामगढ़ चैंबर ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के दौरान लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदान हो और रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा भी रचनात्मक तरीके से विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को उनके मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने के अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रामगढ़ चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा रविवार की शाम रामगढ़ शहरी क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर चेंबर अध्यक्ष विनय अग्रवाल के नेतृत्व में और एसडीओ आशीष गंगवार की उपस्थिति में रैली का आयोजन किया गया दुकानदारों राहगीरों और आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में घर से निकलकर 20 में को मतदान करने की अपील की गई एसडीओ आशीष गंगवार ने दुकानदारों को विशेष अनुरोध किया कि मतदान वाले दिन कर्मचारियों को छुट्टी दे और मतदान करने के लिए जागरूक करें और उनकी उंगली पर मतदान का चिन्ह देखकर उन्हें पुरस्कृत भी करने का काम करें। रैली के दौरान चेंबर के सदस्यों ने दुकानों वाहनों में मतदान को लेकर पोस्टर और स्टीकर भी लगाया जिसमें लिखा हुआ था कि लेटस वोट रामगढ़ लोगों और कारोबारियो ने भी चेंबर अध्यक्ष को अस्वस्थ किया कि वह लोग वोट देने के लिए घर से जरूर निकालेंगे अपने कर्मचारियों को वोट देने के दिन छुट्टी देंगे और लोगों को उत्साहित करने का काम भी करेंगे। कार्यक्रम में एसडीओ आशीष गंगवार, विनय अग्रवाल, मनजीत साहनी, मानू चतुर्वेदी, इंद्रपाल सिंह सैनी, प्रदीप सिंह, अनूप कुमार, वकील सिंह, मंजी सिंह, अमित कुमार सिन्हा, राहुल जैन, निशु प्रसाद, अनिल मित्तल, राजू अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, विमल बुधिया, बालकिशन जालान, संवार अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, मुरारी लाल अग्रवाल, कमल बगड़िया, महावीर अग्रवाल, अरुण राय, प्रकाश पटवारी, उमेश राजगढ़िया आदि चेंबर के सदस्य शामिल थे।



## रामगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त

**रामगढ़।** सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस द्वारा चलाई जा रही विशेष कार्रवाई के तहत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस ने रविवार को देर शाम छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब जप्त किया है। इस मामले में तीन लोगों की गिरफ्तारी की भी सूचना है। मिली जानकारी के मुताबिक रामगढ़ थाना क्षेत्र में के सिरका क्षेत्र व होटल आदि में छापामारी की गई जहां लगभग 100 लीटर से अधिक शराब जप्त किया और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। वहीं जिले के कुज्जू, रजरप्पा, वेस्ट बोकारो आदि क्षेत्र में भी पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में देसी व महुआ शराब जप्त किया है। एसपी डॉ विमल कुमार के निर्देश पर की गई छापेमारी दल में सीडीपीओ रामगढ़ परमेश्वर कुमार रामगढ़ थाना प्रभारी अजय साहू पुलिस अवर निरीक्षक आशुतोष सिंह, एएसआई सुजीत सिंह केलवे विभिन्न आप में हुई छापेमारी में ओपी प्रभारी व पुलिसकर्मी शामिल थे। हालांकि उक्त संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।



# चेन्नई की छठी जीत, पंजाब को 28 रन से हराया

## चेन्नई के 1115 दिनों का इंतजार खत्म, जडेजा के ऑलराउंड प्रदर्शन



एजेंसी

**धर्मशाला।** आइपीएल 2024 के 53वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने पंजाब किंग्स को 28 रन से हरा दिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 167 रन बनाए थे। जवाब में पंजाब की टीम 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 139 रन ही बना सकी। रवींद्र जडेजा ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने 43 रन बनाने के अलावा तीन विकेट भी झटके। धर्मशाला में इस जीत के साथ चेन्नई ने पंजाब से पिछले मैच में मिली हार का बदला भी ले लिया। पंजाब ने चेन्नई को उसके होम ग्राउंड चेपॉक में हराया था। इसी के साथ चेन्नई के खिलाफ पंजाब की जीत का सिलसिला भी थम गया। दोनों टीमों के बीच हुए पिछले छह में से पांच मैचों में पंजाब की टीम ने जीत हासिल की थी। छठे मैच में सीएसके ने जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की टीम की शुरूआत खराब रही थी। टीम ने अजिंक्य रहाणे का विकेट आसानी से गंवा दिया था। वह नौ रन बना सके। इसके बाद डेरिल मिचेल ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के साथ मिलकर 32 गेंद में 57 रन की साझेदारी निभाई। इस साझेदारी को राहुल चाहर ने तोड़ा। उन्होंने इस ओवर में लगातार दो गेंद पर ऋतुराज और फिर शिवम दुबे को पवेलियन भेजा। ऋतुराज ने 21 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 32 रन की पारी खेली। वहीं, दुबे लगातार दूसरे मैच में खाता नहीं खोल सके। डेरिल मिचेल 19 गेंद में दो चौका और एक छक्के की मदद से 30 रन बनाकर आउट हुए। फिर मोईन अली भी 17 रन और मिचेल सैंटनर 11 रन बनाकर पवेलियन लौटे। शार्दुल ठाकुर ने 11 गेंद में 17 रन बनाए। हालांकि, रवींद्र जडेजा ने एक छोर संभाले रखा और 26 गेंद में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 43 रन की पारी खेली। वहीं, महेंद्र सिंह धोनी खाता नहीं खोल सके।

जवाब में पंजाब की शुरूआत भी खराब रही थी। तुषार देशपांडे ने अपने पहले ही ओवर में जॉनी बेयरस्टो (7) और राइली रूसो (0) को बोल्ड किया। इसके बाद प्रभसिमरन सिंह और शशांक सिंह ने तीसरे विकेट के लिए 36 गेंद में 53 रन की साझेदारी निभाई। इस साझेदारी को मिचेल सैंटनर ने तोड़ा। उन्होंने शशांक को सिमरजीत के हाथों कैच कराया। शशांक 20 गेंद में चार चौके की मदद से 27 रन बनाकर आउट हुए। प्रभसिमरन ने 23 गेंद में दो चौके और दो छक्के की मदद से 30 रन की पारी खेली। वहीं, करन सात रन और आशुतोष तीन रन बना सके।

### जडेजा का गेंद से भी कमाल

बल्लेबाजी के बाद रविंद्र जडेजा ने चेन्नई के लिए गेंद से भी कमाल किया। दूसरे ही ओवर में तुषार देशपांडे ने इनफॉर्म जॉनी बेयरस्टो और राइली रूसो को बोल्ड कर दिया। तीसरे विकेट के लिए प्रभसिमरन सिंह ने शशांक के साथ 53 रनों की साझेदारी की। लेकिन शशांक का विकेट गिरते ही पंजाब की पारी पटरी से उतर गई। 16 रन बनाने में पंजाब ने 5 विकेट खो दिए। यही से टीम की हार पक्की हो गई। अंत में टीम के अंतिम चार बल्लेबाज दहाई के स्कोर तक पहुंचे लेकिन इससे सिर्फ हार का अंतर ही कम हुआ। चेन्नई के लिए 20 रन देकर रविंद्र जडेजा ने 3 विकेट लिए।

### चेन्नई 167/10 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रहाणे कै. रबाडा बो. अर्शदीप | 09 | 07 | 01 | 00 |
| ऋतुराज कै. जितेश बो. चाहर | 32 | 21 | 04 | 01 |
| मिचेल एलबीडब्ल्यू हर्षल | 30 | 19 | 02 | 01 |
| दुबे कै. जितेश बो. चाहर | 00 | 01 | 00 | 00 |
| अली कै. बेयरस्टो बो. करन | 17 | 20 | 02 | 00 |
| जडेजा कै.करन बो. अर्शदीप | 43 | 26 | 03 | 02 |
| सैंटनर कै. करन बो. चाहर | 11 | 11 | 01 | 00 |
| शार्दूल ठाकुर बो. हर्षल पटेल | 17 | 11 | 02 | 01 |
| एमएस धोनी बो. हर्षल पटेल | 00 | 01 | 00 | 00 |
| तुषार देशपांडे नाबाद | 00 | 01 | 00 | 00 |
| रिचर्ड ग्लीसन नाबाद | 02 | 02 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 06

**विकेट पतन** : 12-1, 69-2, 69-3, 75-4, 101-5, 122-6, 150-7, 150-8, 164-9.

**गेंदबाज** :कगिसो रबाडा : 3-0-24-0, अर्शदीप सिंह : 4-0-42-2, सैम करन : 4-0-34-1, हरप्रीत ब्रार : 1-0-19-0, राहुल चाहर : 4-0-23-3, हर्षल पटेल : 4-0-24-3.

### पंजाब 139/9 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन कै. रिजवी बो.जडेजा | 30 | 23 | 02 | 02 |
| बेयरस्टो बोल्ड तुषार देशपांडे | 07 | 06 | 01 | 00 |
| रूसो बोल्ड तुषार देशपांडे | 00 | 03 | 00 | 00 |
| शशांक कै. सिमरजीत बो. सैंटनर | 27 | 20 | 04 | 00 |
| करन कै. सैंटनर बो. जडेजा | 07 | 11 | 00 | 00 |
| जितेश कै. धोनी बो. सिमरजीत | 00 | 01 | 00 | 00 |
| आशुतोष कै. सिंह बो. जडेजा | 03 | 10 | 00 | 00 |
| हरप्रीत ब्रार नाबाद | 17 | 13 | 02 | 00 |
| हर्षल कै. रिजवी बो. सिमरजीत | 12 | 13 | 01 | 01 |
| राहुल चाहर बो. शार्दूल ठाकुर | 16 | 10 | 02 | 01 |
| कगिसो रबाडा नाबाद | 11 | 10 | 00 | 01 |

**अतिरिक्त** : 09

**विकेट पतन** :9-1, 9-2, 62-3, 68-4, 69-5, 77-6, 78-7, 90-8, 117-9.

**गेंदबाज** : मिचेल सैंटनर : 3-0-10-1, तुषार देशपांडे : 4-0-35-2, रिचर्ड ग्लीसन : 4-0-41-0,रवींद्र जडेजा : 4-0-20-3, सिमरजीत सिंह : 3-0-16-2, शार्दूल ठाकुर : 2-0-12-1.

### आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 08 | 03 | 00 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 10 | 08 | 02 | 00 | 16 | +0.622 |
| चेन्नई | 11 | 06 | 05 | 00 | 12 | +0.700 |
| हैदराबाद | 10 | 06 | 04 | 00 | 12 | +0.072 |
| लखनऊ | 11 | 06 | 05 | 00 | 12 | -0.371 |
| दिल्ली | 11 | 05 | 06 | 00 | 10 | -0.442 |
| बेंगलुरु | 11 | 04 | 07 | 00 | 08 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 04 | 07 | 00 | 08 | -0.187 |
| गुजरात | 11 | 04 | 07 | 00 | 08 | -1.320 |
| मुंबई | 11 | 03 | 08 | 00 | 06 | -0.356 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 542 |
| गायकबाड | चेन्नई | 541 |
| नरेन | कोलकाता | 461 |
| राहुल | लखनऊ | 431 |
| साल्ट | कोलकाता | 429 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| बुमराह | मुंबई | 17 |
| हर्षल | पंजाब | 17 |
| वरूण | कोलकाता | 16 |
| नटराजन | हैदराहाद | 15 |
| अर्शदीप | पंजाब | 15 |

## मुंबई के खिलाफ जीत से स्थिति मजबूत करने उतरेंगे हैदराबाद

**मुंबई।** आत्मविश्वास से भरी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को यहां खराब फॉर्म से जूझ रहे मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के साथ इंडियन प्रीमियर लीग की अंक तालिका में आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। दस मैच में छह जीत और चार हार से 12 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर मौजूद सनराइजर्स की टीम ऑलराउंड प्रदर्शन करने और विशेष रूप से अपने गेंदबाजी विभाग में सुधार करने के लिए बेताब होगी। पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम राजस्थान रॉयल्स (16 अंक), कोलकाता नाइट राइडर्स (14 अंक) और लखनऊ सुपर जाइंट्स (12 अंक) के साथ शीर्ष चार में शामिल है। चेन्नई सुपरकिंग्स (10 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर) और दिल्ली कैपिटल्स (10 अंकों के साथ छठे स्थान पर) से अंक तालिका में सनराइजर्स को कड़ी चुनौती मिल रही है। वानखेड़े की पिच अगर बल्लेबाजी के अनुकूल होती है तो सनराइजर्स के बल्लेबाजों के एक बार फिर बड़ा स्कोर खड़ा करने की उम्मीद है जो वे मौजूदा सत्र में कई बार कर चुके हैं। यहां की पिचें आम तौर पर बल्लेबाजी के अनुकूल होती हैं और छोटी बाउंड्री के कारण 200 से अधिक का स्कोर बनना आम बात है।

## चेतेश्वर पुजारा ने काउंटी चैंपियनशिप में जड़ा शतक

**लंदन।** काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन टू के मैच में दूसरे दिन ससेक्स के लिए खेलते हुए भारतीय दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने नाबाद (104) रनों की शतकीय पारी खेली। यह तीन सत्र में ससेक्स के लिए उनका नौवां शतक है। मैच में पुजारा के अलावा टॉम हेंस, टॉम एल्सॉप और जेम्स कोल्स ने भी अर्धशतक लगाए। ससेक्स ने डबीर्शायर के साथ खेले जा रहे मुकाबले में अब तक पांच विकेट पर 357 रन बना लिया है और उन्हें पहली पारी में 111 रनों की बढ़त मिल चुकी है। दिन के आखिर में लुईस रीस ने ससेक्स के दो विकेट लेकर डबीर्शायर को मैच में बनाए रखा है। ससेक्स को शुरूआत में एक विकेट गवां दिया था, डबीर्शायर की गेंदबाजी में निरंतरता की कमी साफ तौर पर दिखी। हेंस ने केवल 38 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया था और एल्सॉप के साथ उन्होंने 90 रनों की साझेदारी की थी। पुजारा ने दो साल पहले इसी मैदान पर दोहरा शतक लगाया था और उन्हें बल्लेबाजी के लिए आता देखना डबीर्शायर के लिए चिंता की बात थी।

# केकेआर ने हासिल की सीजन की दूसरी सबसे बड़ी जीत

एजेंसी

**लखनऊ।** सुनील नरेन की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के कमाल से कोलकाता नाइट राइडर्स ने लखनऊ सुपरजाइंट्स को उसके घर में 98 रन से हरा दिया। मैच में लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। केकेआर की टीम ने मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इकाना क्रिकेट स्टेडियम में निर्धारित 20 ओवर के खेल में 236 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। इसके जवाब में लखनऊ की टीम 137 रन बनाकर सिमट गई। इस तरह केकेआर ने मैच को 23 गेंद शेष रहते ही अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ ही केकेआर के अब 16 अंक हो गए हैं। टीम ने इस सीजन 11 मैचों में से 8वीं जीत हासिल की। वहीं पॉइंट्स टेबल में केकेआर अब पहले स्थान पर है। मैच में 236 रनों को डिफेंड करने उतरी केकेआर की टीम के लिए सभी गेंदबाजों ने कमाल का खेल दिखाया। हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती ने तीन-तीन विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा आंद्रे रसेल ने दो विकेट लिए जबकि मिचेल स्टार्क और सुनील नरेन के खाते में एक-एक विकेट आया।

### लखनऊ की बल्लेबाजी बुरी तरह रही फ्लॉप

केकेआर के खिलाफ मुकाबले में लखनऊ के कप्तान केएल राहुल के पहले बॉलिंग करने का फैसला उल्टा पड़ गया। टीम के गेंदबाजों ने खूब रन लुटाए और इस मैदान पर टी20 क्रिकेट में पहली बार किसी टीम ने 200 रन से ज्यादा का स्कोर करने में सफल रही। वहीं दूसरी पारी में जब लखनऊ की बैटिंग शुरू हुई तो उसके बल्लेबाज बुरी तरह से संघर्ष करते हुए दिखे।टीम की तरफ से सबसे अधिक मार्कस स्टोइनिस ने 36 रनों की पारी खेली। स्टोइनिस के अलावा केएल राहुल ने 21 गेंद में 25 रनों का योगदान दिया। इन दोनों को छोड़कर और कोई भी खिलाड़ी अपना कमाल नहीं दिखा सके।

### केकेआर के लिए बैटिंग में छा गए सुनील नरेन

लखनऊ के खिलाफ इस मुकाबले में केकेआर के लिए सुनील नरेन ने धमाल मचा दिया। फिल साल्ट के साथ पारी की शुरूआत करते हुए सुनील नरेन ने 39 गेंद में 81 रनों की दमदार पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 7 छक्के और 6 चौके भी लगाए। सुनील नरेन के अलावा फिल साल्ट और अंग कृष रघुवंशी ने 32-32 रनों की दमदार पारी खेली, जबकि रमणदीप सिंह ने अंतिम ओवरों में 6 गेंद में तूफानी अंदाज में 25 रनों की बेहतरीन पारी खेली। वहीं कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी 23 रन बनाए।





## बांग्लादेश ने जिम्बाब्वे को छह विकेट से हराया

**चटगांव।** बांग्लादेश ने रविवार को पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी-20 मुकाबले में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद मो. तौहीद हृदोय के नाबाद (37)और महमुदउल्लाह (26) रनों की पारियों के दम पर जिम्बाब्वे को छह विकेट से हरा दिया है। 139 रनों लक्ष्य का पीछा करते हुए बंगलादेश की लिटन कुमार दास और तंजिद हसन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 41 रन जोड़े। लिटन कुमार दास (25), तंजिद हसन (18), कप्तान नजमुल शान्तो (16) और जाकेर अली (13) रन बनाकर आउट हुये। तौहीद हृदोय ने सर्वाधिक (37) रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी में उन्होंने 3 चौके और 2 छक्के लगाए। वहीं महमुदुल्लाह 16 गेंद में 2 चौके और एक छक्के की मदद से 26 रन बनाकर नाबाद रहे। तौहीद और महमुदुल्लाह के 49 रन अवजित की साझेदारी हुई। बंगलादेश ने 18.3 ओवर में चार विकेट पर 142 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया।

## महिला टी20 विश्व कप का शैड्यूल आया सामने




**दुबई।** भारत को इस साल तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए रविवार को गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में जगह मिली। भारत के सभी ग्रुप मैच सिलहट में खेले जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा घोषित 9वें महिला टी20 विश्व कप के कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी जबकि 6 अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारतीय टीम तीसरा मैच 9 अक्टूबर को पहले क्वालीफायर से खेलेगी जिसका अभी फैसला नहीं हुआ है। टीम को अपना अंतिम ग्रुप मैच 13 अक्टूबर को छह बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से खेलना है। आइसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा कि टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 20 अक्टूबर को ढाका में होने वाले फाइनल से पहले 17 और 18 अक्टूबर को होने वाले सेमीफाइनल मुकाबलों में जगह बनाएंगी। आइसीसी ने बताया कि ढाका और सिलहट में 19 दिन में कुल मिलाकर 23 मैच खेले जाएंगे, जरूरत पड़ने पर सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन रखे गए हैं। मेजबान बांग्लादेश को ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और दूसरे क्वालीफायर के साथ रखा गया है। आज क्वालीफाइंग टूनामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाली दो टीम तय होने के साथ मुख्य टूनामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली 2 टीम का फैसला होगा। आयरलैंड, यूएई, श्रीलंका और स्कॉटलैंड मुख्य टूनामेंट में जगह बनाने की दौड़ में हैं। आयरलैंड की टीम आज पहले सेमीफाइनल में स्कॉटलैंड से खेलेगी जबकि दूसरा सेमीफाइनल भी आज ही होगा जिसमें यूएई की भिड़ंत श्रीलंका से होगी। दोनों सेमीफाइनल अबु धाबी के सेख जायेद स्टेडियम में खेले जाएंगे।

## तेजस्विन ने एरिजोना एथलेटिक्स मीट में ऊंची कूद स्पर्धा जीती

एजेंसी

**एरिजोना।** भारत के तेजस्विन शंकर ने यूएसएटीएफ थ्रो फेस्टिवल फेस्टिवल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में 2.23 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ जीत हासिल की। एरिजोना विश्वविद्यालय के रॉय पी. ड्रैचमैन स्टेडियम में हुई स्पर्धा में संयोग से शीर्ष तीन एथलीटों ने समान 2.23 मीटर का मार्क दर्ज किया। अमेरिका के अर्नेस्ट सियर्स दूसरे और मैक्सिको के रॉबर्टो विल्चेस तीसरे स्थान पर रहे। भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर को पहले प्रयास में ही क्लियरेंस हासिल करने के कारण विजेता घोषित किया गया। जबकि सियर्स और विल्चेस ने क्रमशः अपने दूसरे और तीसरे प्रयास में यह मार्क दर्ज किया था। तेजस्विन शंकर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.29 मीटर है, जो 2018 में हासिल किया गया एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है। इस बीच, एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता सर्वेश कुशारे ने यूएसएटीएफ थ्रो फेस्टिवल में 2.13 मीटर की दूरी तय करके पांचवां स्थान हासिल किया, जो उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.27 मीटर और पिछले महीने कैलिफोर्निया में माउंट सैक रिले में हासिल किए गए 2.23 मीटर के अपने सीजन के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी कम है। एरिजोना में कुशारे 2.18 मीटर के निशान को पार करने के अपने तीनों प्रयासों में विफल रहे।



## स्विएटेक ने पहली बार जीता मैड्रिड ओपन खिताब

**मैड्रिड।** दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी इगा स्विएटेक ने रोमांचक फाइनल मुकाबले में एरीना सबैलेन्का को 7-5, 4-6, 7-6(7) से हराकर मैड्रिड ओपन का अपना पहला खिताब जीता। स्पेन की राजधानी मैड्रिड में पोलैंड की स्विएटेक ने तीन घंटे और 11 मिनट तक चले मुकाबले में गत चैंपियन बेलारुस की एरीना सबैलेन्का को हराकर अपना पहला मैड्रिड ओपन खिताब जीता।

# नाडा अधिकारियों को नमूना देने से कभी इनकार नहीं किया : पुनिया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बजरंग पुनिया को हाल ही में राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना नमूना देने से इनकार करने पर अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया गया है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआइ) इस मामले में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा उसे अंधेरे में रखने का आरोप लगाते हुए विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से शिकायत करने की योजना बना रहा है। बजरंग को 23 अप्रैल को नाडा ने अस्थायी निलंबन सौंपा था। उन्हें आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचने के लिए सात मई तक अपना जवाब भेजने को कहा गया था। बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पुरुषों की राष्ट्रीय टीम चुनने के लिए ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित किया गया था और बजरंग अपना मुकाबला हारने के बाद मूत्र का नमूना दिए बिना ही प्रतियोगिता स्थल से चले गए थे। बजरंग ने अपने निलंबन पर कहा कि उन्होंने कभी भी नाडा अधिकारियों को अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया। उन्होंने नाडा पर एक्सपायर हो चुकी किट' देने का आरोप लगाते हुए एक्स पर लिखा, मेरे बारे में जो डोप टेस्ट के लिए खबर आ रही है उसके लिए मैं स्पष्ट करना चाहता हूं। मैंने कभी भी नाडा अधिकारियों को नमूना देने से इनकार नहीं किया, मैंने उनसे अनुरोध किया कि वे मुझे जवाब दें कि वे पहले मेरा नमूना लेने के लिए जो एक्सपायर किट लाए थे, उस पर उन्होंने क्या कदम उठाए या क्या कार्रवाई की उसका जवाब दे दीजिए और फिर मेरा डोप टेस्ट ले लीजिए। उन्होंने कहा, मेरे वकील विदुष सिंघानिया इस पत्र का जवाब समय अनुसार देंगे। बजरंग अगर तय समय में अपना



जवाब देने में असफल रहते हैं तो वह पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो जाएंगे। इस बीच डब्ल्यूएफआइ अध्यक्ष संजय सिंह ने आश्चर्य व्यक्त किया कि नाडा ने उन्हें बजरंग के निलंबन के बारे में सूचित नहीं किया। संजय ने कहा, यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि नाडा ने बजरंग को निलंबित करते समय हमें सूचित नहीं किया। मैंने 25 अप्रैल को नाडा महानिदेशक और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी और उस बैठक में यह मामला नहीं उठाया गया था। उन्होंने कहा, वे रहने के स्थान संबंधी शर्तों, लंबी सूची (पेरिस ओलंपिक के लिए संभावित दावेदार) आदि जैसे मामलों पर हमारे साथ संवाद करते रहते हैं। यहां तक कि हमने हाल ही में हुए फेडरेशन कप के बारे में भी चर्चा की, जहां उन्होंने विजेताओं से नमूने इकट्ठा करने के लिए अधिकारियों को भेजा था।' उन्होंने कहा, उन्होंने हमें बजरंग पुनिया के निलंबन के बारे में नहीं बताया। मैंने आज सुबह नाडा अधिकारियों को फोन किया और उनके पास मेरे प्रश्न का कोई जवाब नहीं था। अब मैं नाडा को पत्र लिखने और वाडा को इस बारे में सूचित करने की योजना बना रहा हूं। इससे पहले ऐसी खबरें आयी थी कि विनेश फोगाट ने भी पटियाला में महिलाओं के 50 किग्रा का ट्रायल जीतने के बाद शुरू में अपना नमूना देने से इनकार कर दिया था। संजय ने कहा, हमें किसी ने भी यह नहीं बताया कि ट्रायल (सोनीपत और पटियाला में) के बाद किसके नमूने लिए गए थे और उन नमूनों से क्या निकला। जरा कल्पना करें कि अगर बजरंग फेडरेशन कप में प्रतिस्पर्धा करने आए होते तो हमने उन्हें अनुमति दे दी होती क्योकि हमारे पास कोई जानकारी नहीं थी कि उन्हें निलंबित कर दिया गया है।' ओलंपिक के लिए विश्व क्वालीफायर्स का आयोजन नौ मई से तुर्किये में होगा। भारतीय पहलवानों के लिए पेरिस खेलों का कोटा हासिल करने का यह आखिरी मौका होगा। भारत की चार महिला पहलवानों ने अब तक ओलंपिक कोटा हासिल किए है। इसमें विनेश (50 किग्रा) अंतिम पंघाल (53 किग्रा) अंशु मलिक (57 किग्रा) और रितिका हुड्डा (76 किग्रा) का नाम शामिल है।

## नेशनल कराटे चैंपियनशिप में खूंटी के 11 खिलाड़ी करेंगे झारखंड का प्रतिनिधित्व



**खूंटी।** कराटे इंडिया आगेर्नाइजेशन की आरे से नौ से 12 मई तक देहरादून में आयोजित होनेंवाली जूनियर एवं सीनियर नेशनल कराटे चौंपियनशिप में खूंटी के 11 चयनित खिलाड़ी झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी खिलाड़ियों का चयन गत दिनों खेल गांव रांची में आयोजित झारखंड स्टेट कराटे चैंपियनशिप के दौरान किया गया था। झारखंड टीम में विभिन्न आयु तथा भार वर्ग में कुल 28 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। नेशनल चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले जिले के चयनित खिलाड़ियों में शीतल टोपनो, बालाजी होरो, निराली गुड़िया, एलिसा केरकेट्टा, मुकेश बोदरा, अंकित धान, अमर उरांव, आर्यन प्रामाणिक, संदीप टोपनो, अभिषेक तिडू एवं रिया कुमारी शामिल हैं। सभी चयनित खिलाड़ियों को खूंटी डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष हेजाज असदक, सचिव हरीश कुमार, उपाध्यक्ष सचिन कुमार, कराटे कोच शादाब खान सहित कई अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# भाजपा, राजद और निर्दलीय के बीच दिलचस्प मुकाबला



**फारबिसगंज/अररिया।** सीमांचल का अररिया लोकसभा सीट पर भाजपा की एक बार फिर जीत होगी या फिर राजद प्रत्याशी अपनी विरासत बचा पाएंगे, ये तो मतगणना के बाद ही पता चलेगा। वही, इस सीट पर दो दिन बाद 7 मई को मतदाता मतदान करके प्रत्याशियों का भाग्य लिखेंगे । अब यहां जैसे देश में भीषण गर्मी है और चुनाव की सरगर्मी भी काफी तेज है। वैसे में सीमांचल के अररिया का भी पारा काफी हाई है। सीमांचल के अररिया सीट पर मुकाबला मतदान से पहले ही दिलचस्प हो गया है दरअसल, आरजेडी से टिकट कटने के बाद बागी हुए और अररिया सीट से निर्दलीय उम्मीदवार पेश कर रहे डॉक्टर शत्रुघ्न सुमन भी अररिया के मैदान में टाइट फील्डिंग कर रहे हैं। आपको बता दें कि सिकटी विधानसभा के पूर्व विधायक मुरलीधर मंडल के बेटे हैं शत्रुघ्न सुमन के पिता मुरलीधर मंडल सिकटी के दो बार विधायक रह चुके हैं। शत्रुघ्न सिकटी विधानसभा से दो-दो बार न केवल चुनाव लड़ चुके हैं बल्कि दूसरे स्थान पर रहकर अच्छा खासा वोट भी हासिल कर चुके हैं।

## 14,836 लीटर शराब और साढ़े चार करोड़ का मादक पदार्थ के साथ अन्य चीज बरामद

**अररिया।** अररिया जिला पुलिस की ओर से तीसरे चरण के मतदान को लेकर चलाए जा रहे जांच अभियान के तहत 14836.695 लीटर शराब, साढ़े चार करोड़ का मादक पदार्थ,25 हथियार,34 कारतूस और 121 वाहन समेत 41.64 लाख भारतीय और 5.49 नेपाली करेंसी बरामद किया है।इस बात की जानकारी प्रचार का शोरगुल थामने के बाद जिला प्रशासन की ओर से संयुक्त रूप से किए गए प्रेस कांफ्रेंस में अररिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी इनायत खान एवं एसपी अमित रंजन ने रविवार को दी। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि कुल शराब 41 लाख 64 हजार 5 रुपये मूल्य का शराब,4 करोड़ 46 लाख 77 हजार 400 रुपये का मादक पदार्थ,25 हथियार और 34 कारतूस बरामद किया गया।वहीं पुलिस ने 41 लाख 64 हजार 720 रुपये भारतीय करेंसी और 5 लाख 49 हजार नेपाली करेंसी बरामद किया गया। शराब में देशी चुलाई शराब 6925.39 लीटर, अंग्रेजी शराब 3606.305 लीटर,नेपाली शराब 4304.5 लीटर कुल 14 हजार 836.695 लीटर शराब पकड़ा गया है।

### जेल से बाहर आए बिहार के बाहुबली अनंत सिंह ने कहा

# ललन सिंह को चार लाख वोटों से जिताएंगे

एजेंसी

**पटना (बिहार)।** देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच बिहार में मोकामा के पूर्व विधायक एवं बाहुबली अनंत सिंह 15 दिनों के पेरोल पर रविवार सुबह जेल से बाहर आ गये। बेऊर जेल अधीक्षक जीतेंद्र कुमार ने बताया कि गृह विभाग से मिले आदेश की कॉपी जेल प्रशासन के पास आयी है। पूर्व विधायक अनंत सिंह को सुबह एम्बुलेंस से जेल से बाहर लाया गया। एम्बुलेंस से उतरकर वह निजी वाहन से आगे गये। जेल से बाहर आने की खुशी में सैकड़ों समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर काफी भीड़ रही। वहां से वह रोड शो में शामिल हुए। जगह-जगह पर जेसीबी से उनके ऊपर फूलों की बारिश की गई और नारे लगाये गए। पटना से लेकर मोकामा के बीच कई जगहों पर उनका स्वागत किया गया। जेल से बाहर आने के बाद पहली बार मीडिया के सामने आए अनंत सिंह ने कहा कि



जेल से निकलने के बाद बाहर की खुली हवा में बहुत अच्छा लग रहा है। हम लोगों से घूम-घूम कर मिल रहे हैं। जनता से मिलने के बाद गांव में जमीन का बंटवारा करना है। उन्होंने कहा कि मुंगेर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार ललन सिंह को इस बार चार लाख वोटों से जीत दिलायेंगे। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक अनंत सिंह की तबीयत पिछले दिनों बहुत खराब हो गयी थी। उन्हें पटना के आईजीआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अनंत सिंह ने जेल से बाहर आने का कारण स्वास्थ्य और जमीन का बंटवारा बताया है लेकिन 13 मई को चौथे चरण में मुंगेर में मतदान के देखते हुए सीधे-सीधे यह राजनीति खेल माना जा रहा है। क्योंकि, हाल ही में राजद छोड़कर जदयू में शामिल हुईं अनंत सिंह पत्नी ललन सिंह के लिए चुनाव प्रचार भी कर रही हैं। पूर्व विधायक अनंत सिंह को आर्म्स एक्ट के तहत पटना की एमपी-एमएलए कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई थी। कोर्ट के फैसले के बाद उनकी विधायकी भी चली गई थी।

खबर एक नजर में

## प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ 92 लीटर शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

**अररिया।** अररिया एसपी अमित रंजन के निर्देश पर जिले की विभिन्न थाना पुलिस की ओर से लगातार छापेमारी कर शराब और शराब कारोबारियों को पकड़ रही है। नशे के खिलाफ एसपी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत जहां महलगांव थाना पुलिस ने 34 बोतल कोडिनयुक्त कफ सिरप के साथ दो लोगों को हिरासत में लिया। सोनमणी गुदाम थाना पुलिस ने 145 बोतल कार्बन 43.5 लीटर शराब की बरामदगी की।वहीं जोगबनी थाना पुलिस ने 29 बोतल करीबन 8.7 लीटर और कुसाकांटा थाना पुलिस ने 40 लीटर शराब के साथ देवनारायण सिंह पिता -नित्यानंद सिंह को गिरफ्तार किया। इस बात की जानकारी सदर एसडीपीओ रामपुकार सिंह ने दी।

## हरी सहनी ने जनता के विश्वास के आधार पर बिहार में सभी सीट जीतने का दावा किया

**अररिया।** बिहार सरकार के मंत्री हरी सहनी ने तीसरे चरण के पांचों सीट के साथ बिहार में चालीसों सीट जीतने का दावा किया। रविवार को अररिया में उन्होंने कहा कि जनता का नेता और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के किए गए कार्य पर विश्वास है। मोदीजी के प्रति विश्वास लोगों में जगा है ।लोकतंत्र के इस पर्व में गांवों में उत्साह का वातावरण है और जनता के इस विश्वास के आधार पर एनडीए बिहार में चालीसों सीट और देश स्तर पर चार सौ के आंकड़े को पार करेगी।

## एनडीए प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह को अररिया के मतदाताओं का मिल रहा भरपूर साथ

**फारबिसगंज/अररिया।** तीसरे चरण में होने वाली चुनाव प्रचार की प्रक्रिया रविवार को शाम 5 बजे थम गई। वही बिहार में पांच सीटों पर तीसरे चरण में लोकसभा चुनाव होने है, जिसमे अररिया लोकसभा क्षेत्र बीजेपी के लिए बहूत ही महवपूर्ण सीट है। एनडीए की ओर से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह अररिया से चुनावी मैदान में है। रविवार को भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह जोकीहाट विधानसभा अंतर्गत डोर टू डोर जनसंपर्क करते हुए 7 मई को मतदान केंद्र तक पहुंचकर मतदाताओं से वोट करने की अपील की। इन्होंने लोगों से मिलकर 7 मई को प्रधानमंत्री मोदी जी के कंधे को मजबूती प्रदान करते हुए अपने अधिकार का मत का प्रयोग करते हुए मतदान करने की अपील की।

## तेजप्रताप यादव अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए एक बार भी नहीं आये

**समस्तीपुर।** मंगलवार को खगड़िया लोकसभा क्षेत्र में होने वाले चुनाव में समस्तीपुर जिले के हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के 310 मतदान केन्द्रों पर मतदान होगा। इसमें 155 मतदान केन्द्रों पर लाइव वेंव कस्टिंग की व्यवस्था की जा रही है। आज शाम 5 बजे चुनाव प्रचार थम जाते ही प्रत्याशी एवं उनके समर्थक अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए जुट गए है। सबसे आश्चर्य क्षेत्र की जनता को यह है की यहां के वर्तमान विधायक एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव एक बार भी अपने क्षेत्र के मतदाताओ से महागठबंधन के पक्ष में अपना मत देने की मांग को लेकर अपील करने नहीं आये। दूसरी ओर उनके छोटे भाई पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एवं मुकेश सहनी ने क्षेत्र का दौरा किया।

## अररिया में चुनाव प्रचार थमा, मंगलवार को होगी मतदान

**फारबिसगंज/अररिया।** अररिया संसदीय क्षेत्र के लिए मंगलवार को होने वाले लोकसभा चुनाव का मतदान को लेकर की गयी तैयारियों की जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम इनायत खान ने कहा कि आज शाम से चुनाव प्रचार बंद हो चुका है। अब केवल डोर टू डोर प्रचार की इजाजत होगी। राजनीतिक दलों की सभाएं व रैलियों की अनुमति नहीं होगी। चुनाव के लिए सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गयी है। क्रिटिकल लोकेशन पर केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। अपने कार्यालय कक्ष में मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुए डीएम इनायत खान ने जहां चुनाव के लिए बनाये गये मतदान केंद्रों सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। वहीं कहा कि जिले में होने वाले चुनाव में सभी मतदान केंद्रों पर वीवीपैट मशीन का इस्तेमाल होगा।

## ऑटो और एंबुलेंस की आमने-सामने की टक्कर, दो घायल

**भागलपुर।** जिले के तिलकामांझी थाना क्षेत्र के नौलखा के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर रविवार को एंबुलेंस और ऑटो में टक्कर हो गयी। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद एंबुलेंस चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच में जुट गई है।

## बाइक से गिरकर घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी लाला विश्वकर्मा का पुत्र शिवकुमार विश्वकर्मा ने सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। जिसके बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार शिवकुमार अपनी मोटरसाइकिल से कांडी से घर लौट रहा था। इस दौरान कांडी-मझिआंव रोड में मझिआंव के समीप ही अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के उंचरी मोहल्ला निवासी सुदर्शन मेहता की पत्नी सरस्वती देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार सरस्वती देवी का घर में आपसी किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी बात से आक्रोशित होकर सरस्वती देवी ने कीटनाशक खा लिया।

## अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



निरीक्षण करते पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने रविवार को जिले के अंतर्राज्यीय बॉर्डर बिलासपुर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वाहन चेकिंग से संबंधित रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने चेकिंग के दौरान पकड़े जाने वाले राशियों, मादक पदार्थों एवं अन्य सामग्रियों का संधारण रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज करने का निर्देश दिया। वहीं रिलीज होने वाले राशियों की भी जानकारी उक्त रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया। मौके पर डीसी ने तैनात दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को सघन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया। मौके पर मुख्य रूप से डीसीएलआर रंका सह स्वीप नोडल प्रमेश कुमार कुशवाहा, भूमि सुधार उप समाहर्ता श्री बंशीधर नगर शीलवन्त कुमार भट्ट, प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।

## करंट लगने से मौत

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के ढोटी गांव में रविवार को खेत में पानी पटाने के दौरान बिजली के करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक कुनेश रजक बताया जा रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि कुनेश खेत में पानी का पटवन कर रहा था। इसी क्रम में बिजली के करंट के चपेट में आ गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गंभीर स्थिति में गढ़वा सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## अज्ञात युवती का शव बरामद, छानबीन में जुटी पुलिस

**भागलपुर।** जिले के सजौर थाना क्षेत्र के दरियापुर खैरा के सीमा पर साहेब कोठी बहियार में रविवार को एक बीस वर्षीय अज्ञात युवती का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा शव की मिलने की सूचना सजौर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सजौर थानाध्यक्ष सूरज सिंह सदल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हत्या से संबंधित मामले को लेकर छानबीन में जुट गई है। बताया जा रहा है कि एक सप्ताह पूर्व युवती को किसी धारदार हथियार से हत्या कर दरियापुर एवं खैरा के बीच सीमा पर साहेब कोठी के सुनसान बहियार में फेंक दिया था।

## स्काउट गाइड के बच्चों ने निकाली साइकिल रैली

**फारबिसगंज/ अररिया।** फारबिसगंज में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य को लेकर मतदाता जागरूकता साइकिल रैली स्काउट गाइड के बच्चों के द्वारा निकला गया, जिसे जिला संगठन आयुक्त स्काउट बैजनाथ प्रसाद, स्काउट मास्टर मो शाहिद आलम, राष्ट्रपति स्काउट अमन राय ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल मतदाता जागरूकता रैली में बच्चों के द्वारा वृद्धि, युवाओं, महिला, दिव्यांगों से अपने मतदान का प्रयोग करने का आह्वान किया गया।

# चेस क्रॉप्स शतरंज में अमन बने चैंपियन

एजेंसी

**किशनगंज।** जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में चेस क्रॉप्स द्वारा खेल भवन खगड़ा में रविवार को एक निःशुल्क ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अमन कुमार गुप्ता चैंपियन बने। इसमें मुकेश कुमार ने दूसरा तथा रोहन कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्घाटन संघ के वरीय उपाध्यक्ष डा. एम आलम ने किया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा में बने डिस्पैच सेंटर का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम कमीशनिंग, स्ट्रांग रूम समेत अन्य कार्यों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीसी ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं प्रतिनियुक्त कर्मियों को सक्रिय होकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनुपालन करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से रंका एसडीओ रुद्र प्रताप, श्री बंशीधर नगर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# महिला ने अपने घर में की फांसी लगाकर आत्महत्या



घटनास्थल पर उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के डेमा गांव निवासी राम प्रवेश राम की पत्नी खुशबू देवी ने अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आनन फानन में परिजन उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल लेकर गए। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मामले को लेकर मायके वालों ने सदर अस्पताल में देर रात तक हल्ला हंगामा किया। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। इधर मझिआंव थाना के पंचायत व गांव खरसोता के टोला झीना निवासी मृतका के पिता गोविंद राम ने गढ़वा थाना में इस मामले को लेकर अपना फर्द बयान दर्ज कराया है। उन्होंने कहा है कि अपनी पुत्री खुशबू की 2021 में डेमा के राम प्रवेश से शादी किया था। उसे दहेज के लिए बराबर प्रताड़ित किया जा रहा था। मेरी पुत्री की सबने मिलकर हत्या कर फांसी पर लटका दिया है। इसमें ससुर नागेंद्र राम, सास, पति राम प्रवेश राम व ननद रविता देवी को शामिल बताते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की गई है। जबकि उनकी मांग पर मृतका का शव उसके मायके भी ले जाया गया था। उसके बाद सतबहिनी झरना तीर्थ स्थित मुक्ति धाम में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना का कारण पति पत्नी में हुए विवाद को बताया जा रहा है। घटना के समय मृतका के ससुर नागेंद्र राम व सास मौके पर मौजूद नहीं थे। जबकि पति रिपेयरिंग के लिए दिया हुआ बाइक लेने दुकान गया था। मृतका अपने पीछे दो साल की एक बेटी छोड़ गई है।

# इंडी एलायंस महाठगंधन,घमंडिया और चंडाल चौकड़ी का गठबंधन हैः अश्विनी चौबे

एजेंसी

**अररिया।** केंद्रीय राज्य मंत्री एवं बक्सर के सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने विपक्षी पार्टी के बने गठबंधन इंडी एलायंस को महाठगबंधन, घमंडिया गठबंधन और चंडाल चौकड़ी का गठबंधन करार दिया।अररिया के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि जय प्रकाश नारायण के नेतृत्व में लड़े सन 74 के छात्र आंदोलन के अपने को अनुयायी कहने वाले लालू प्रसाद ने उनके सपने को चकनाचूर करने का काम किया। उनको सजा हो चुकी है,लेकिन अपने केके सजायाफ्ता न्हों मानते हैं। उन्होंने लालू प्रसाद के काल को याद करते हुए कहा कि उनके शासनकाल में कौन कौन से घोटाले नहीं हुए।उनका कार्यकाल बिहार को 25 साल पीछे धकेलने का काम किया।उन्होंने कहा कि छात्र आंदोलन के समय भी उन्होंने एक लाख कूपन का हिसाब नहीं दिया था,जिसको लेकर जेपी ने उनको डांट भी लगाई थी।माय समीकरण तो भूरा बाल साफ करो का नारा देने वाले तुष्टिकरण की नीति अपनाकर वंशवाद को बढ़ावा दिया। अपने परिवार के चार चार लोगों को टिकट दिया।यादव मुसलमान के आंखों में धूल झोंकने का काम किया।

मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के निशाने पर कांग्रेस के राहुल गांधी भी रहे।उन्होंने कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा हुए युवराज आज संविधान खतरे की बात कह रहे हैं। लेकिन उस समय का क्या,जब कांग्रेस ने दर्जनों बार संविधान को तोड़ मरोड़ कर धज्जियां उड़ाई।उन्होंने इंडी एलायंस के लोगों को नकली लोग करार देते हुए कहा कि महाठगबंधन, घमंडिया और चंडाल चौकड़ी की जमात है। उन्होंने कहा कि ये लोग चुनाव केवल खानदानवाद,परिवारवाद और वंशवाद को पालने पोसने के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस साल में काम करके दिखा दिया कि विकास क्या होता है। कांग्रेस के लोगों में मिथिलांचल और सीमांचल को शुरू से ठगने का काम किया। उन्होंने सीमांचल को अंग जनपद और मिथिलांचल का सम्मिश्रण करार दिया।

## भाजपा देश के विकास और राष्ट्र निर्माण की बात करती है : चौबे



**फारबिसगंज/अररिया।** भाजपा उम्मीदवार प्रदीप सिंह के पक्ष में प्रचार करने केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे पहुंचे और उन्होंने अररिया में एक बार फिर इंडी गठबंधन पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह लोग कभी मायी समीकरण बनाते हैं, तो कभी भूरा बाल साफ करने का नारा देते हैं। अपने खानदान को आगे बढ़ाने की बात करते हैं। जबकि भाजपा देश के विकास और राष्ट्र निर्माण की बात करती है। उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग राजग के पक्ष में मतदान करें और फिर से एक बार पीएम मोदी को प्रधानमंत्री बनाएं। उन्होंने कहा कि पिछले 26 अप्रैल को जो अररिया में मोदी जी यात्रा हुई थी। सचमुच में लोगों के अन्दर जो कंफ्यूजन होगा और कन्फ्यूजन लगभग समाप्त हो गया होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि देश में विकास के नाम पर वोट होगा । अटल बिहारी वाजपेई पहले गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे , जिन्होंने देश की धारा को बदलने का प्रयास किया है।

## पेज एक का शेष

### रांची और गिरिडीह...

झामुमो प्रत्याशी के नामांकन में सीएम चंपाई के साथ-साथ कल्पना सोरेन समेत कई दिग्गज शामिल होंगे। मथुरा प्रसाद महतो के नामांकन के बाद बोकारो के सेक्टर पांच स्थित पुस्तकालय मैदान में जेएमएम की एक विशाल जनसभा भी होगी। जिसे चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन समेत घटक दलों के नेता व मंत्री संबोधित करेंगे।

**चौधरी के नामकन में सम्राट चौधरी भी रहेंगे :** वहीं दूसरी ओर सीपी चौधरी के नामांकन में भाजपा और आजसू के कई बड़े नेताओं का जुटान होगा। गिरिडीह लोकसभा सीट से आजसू उम्मीदवार के पक्ष में बिहार भाजपा के अध्यक्ष सम्राट चौधरी, झारखंड के नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, धनबाद के प्रत्याशी ढुल्लू महतो, सचेतक बिरंची नारायण, समेत भाजपा और आजसू के कई बड़े नेता शामिल होंगे।

**कब है चुनाव :** 25 मई को छठे चरण के चुनाव होने हैं। इनमें रांची, गिरिडीह, धनबाद और जमशेदपुर सीटों पर वोटिंग होगी। छठे चरण की नामांकन की प्रक्रिया 29 अप्रैल से चल रही है, जो छह मई तक चलेगी। सात मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नौ मई तक उम्मीदवार नाम वापस ले सकेंगे।

### रांची के बीएसएनल ...

पुलिस ने बताया कि आगजनी की घटना कैंपस में रखे स्पेयर पार्ट में लगी आग के कारण घटी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक केबल में आग लगने की वजह से आग की लपटें तेज हो गयीं। आग बीएसएनल परिसर में मौजूद झाड़ियों तक फैल गयी। जिससे आग ने भयावह रूप ले लिया। यर ब्रिगेड की टीम के साथ सदर थाना की पुलिस और बीआइटी ओपी की पुलिस भी आग बुझाने में जुटी रही।

### कल राहुल की...

मोदी, शाह का झारखंड दौरा : लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत दर्ज करने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। पार्टी की ओर से मिली जानकारी के अनुसार पीएम मोदी एक बार फिर 12 को झारखंड आ रहे हैं। वह सिमरिया में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इस चुनावी जनसभा के माध्यम से वह हजारीबाग और चतरा लोकसभा सीट के मतदाताओं से भाजपा को वोट देने का आग्रह करते हुए झामुमो, कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक के दलों पर प्रहार करेंगे। 16 को फिर मोदी झारखंड आयेंगे। वे गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड के पेशम अरवाड़ मैदान में सुबह 8 बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। मालूम हो कि मोदी का झारखंड से गहरा लगाव है। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलीहातु जाने वाले वह देश के पहले पीएम हैं। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को पूरे देश में जनजातीय गौरव दिवस के रूप मनाने की शुरूआत की। वहीं दूसरी ओर अमित शाह 10 को खूंटी में पार्टी प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के पक्ष में सभी करेंगे। झारखंड प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने यह जानकारी दी।

स्पीड न्यूज

## हमास का वेस्ट बैंक कमांडर मारा गया

**तेल अवीव।** हमास ने रविवार को कहा कि इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के हमले में वेस्ट बैंक में मारे गए चार लोगों में उसका कमांडर भी शामिल था। मारे गए कमांडर की पहचान हमास के अल-कासिम ब्रिगेड के वेस्ट बैंक कमांडर अला श्रेइतेह (45) के रूप में हुयी है।

## पाक के क्वेटा में मुठभेड़ चार आतंकवादी मारे गये

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में शनिवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गये। पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार रात दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार आतंकवादियों ने शहर के सिब्बी रोड के पास एक पुलिस गश्ती वाहन पर हमला किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी मौके पर ही मारा गया। शेष तीन आतंकवादी एक इमारत में घुस गये। पुलिसकर्मियों ने बाद में इमारत में घुसकर शेष आतंकियों को भी मार गिराया।

## इस्कॉन के वरिष्ठ सन्यासी गोपाल कृष्ण का निधन



देहरादून। इस्कॉन के वरिष्ठ सन्यासी और इस्कॉन इंडिया की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का रविवार सुबह उपचार के दौरान, उत्तराखंड के देहरादून स्थित एक निजी अस्पताल में देहावसान हो गया। श्री गोस्वामी ने सुबह करीब साढ़े नौ बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से भक्तों में शोक की लहर है।



## बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर जारी, 29 जून से शुरू होगी यात्रा

**जम्मू। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने रविवार को बाबा बर्फानी के धाम की इस वर्ष की पहली तस्वीर जारी की है। श्री अमरनाथ की पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी हिमशिविलिंग के रूप में विराजमान हो चुके हैं और गुफा के चारों ओर बर्फ जमी हुई है। इस बार यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। इस वर्ष की यात्रा के लिए 20 दिन में 2.38 लाख शिवभक्तों ने ऑफलाइन और ऑनलाइन अग्रिम यात्री पंजीकरण करवा लिया है।**

# तीसरे चरण के लिए प्रचार थमा

**मतदान कल**

- **अमित शाह, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान, दिग्विजय सिंह, डिंपल यादव, सुप्रिया सुले समेत कई दिग्गजों का इवीएम में कैद होगा किस्मत**
- **12 राज्यों के 94 लोकसभा सीटों के लिए पड़ेंगे वोट**
- **बिहार के झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में भी मतदान**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार का शोर रविवार की शाम पांच बजे थम गया। मंगलवार को होगा मतदान। चुनाव के वोटों की गिनती चार जून को की जाएगी।

तीसरे चरण के चुनाव में गृहमंत्री अमित शाह (गांधीनगर), केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया (गुना), केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी (धारवाड़), शिवराज सिंह चौहान (विदिशा), सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव (मैनपुरी), कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी (बेहरामपुर), एआईयूएफ के नेता बदरुद्दीन अजमल (धुबरी), कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह (राजगढ़), एनसीपी नेता शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले (बारामती) समेत कई दिग्गजों के भाग्य का फैसला होगा।

**इन सीटों पर होगा मतदान :** असम के धुबरी, कोकराझार, बारपेटा और गुवाहाटी। बिहार के झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया। छत्तीसगढ़ के सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर। गोवा के दोनों उत्तरी गोवा और दक्षिणी गोवा।

गुजरात के 26 में से 25 सीटों- कच्छ, बनासकांठा, पाटन, महेसाणा, साबरकांठा, गांधीनगर, अहमदाबाद पूर्व, अहमदाबाद पश्चिम, सुरेंद्रनगर, राजकोट, पोरबंदर, जामनगर, जूनागढ़, अमरेली, भावनगर, आनंद, खेड़ा, पंचमहल, दाहोद, वडोदरा, छोटा उदयपुर, भरूच , बारडोली, नवसारी और वलसाड में मतदान होगा। कर्नाटक के चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर, गुलबर्गा, रायचूर, बीदर, कोप्पल, बेल्लारी, हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे और शिमोगा। मध्य प्रदेश की भिंड, भोपाल, गुना, ग्वालियर, मुरैना, राजगढ़, सागर, विदिशा और बैतूल। महाराष्ट्र के बारामती, रायगढ़, उस्मानाबाद, लातूर , सोलापुर , माधा, सांगली, सतारा, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर और हटकनंगले। उत्तर प्रदेश के संभल, हाथरस, आगरा , फतेहपुर सीकरी, फि रोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूँ, आंवला और बरेली। पश्चिम बंगाल के मालदाहा उत्तर, मालदाहा दक्षिण, जंगीपुर और मुर्शिदाबाद।

# शाही परिवार के पीएम और सीएम बनने की कुप्रथा चायवाले ने तोड़ी

- **मोदी ने परिवारवाद पर बोला तीखा हमला, कहा- कोई मैनपुरी, कन्नौज, इटावा, अमेठी और रायबरेली को मानता है अपना जागीर**

एजेंसी

**इटावा ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को समाजवादी पार्टी के गढ़ इटावा में एक जनसभा के दौरान परिवारवाद पर तीखा हमला करते हुए कहा कि एक चायवाले ने शाही परिवार के किसी वारिस के ही पीएम और सीएम बनने की कुप्रथा को तोड़ दिया। जनसभा के माध्यम से एक साथ तीन लोकसभा क्षेत्रों (इटावा, मैनपुरी और कन्नौज) के मतदाताओं को प्रधानमंत्री ने संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील की। जनसभा में परिवारवाद के खिलाफ मोदी ने तीखा हमला करते हुए कहा कि इन परिवारवादियों की विरासत गाड़ी, बंगला, राजनीतिक रसूख है। कोई मैनपुरी, कन्नौज, इटावा को अपनी जागीर मानता है, कोई अमेठी रायबरेली को अपनी जागीर मानता है। मोदी की विरासत गरीब का पक्का घर है, मोदी की विरासत देश की करोड़ो माताओं-बहनों को मिला शौचालय है, मोदी की विरासत दलित गरीबों को मिली बिजली, गैस, नल की सुविधा है। मोदी की विरासत गरीबों को मिला मुफ्त राशन है, मुफ्त इलाज है, मोदी की विरासत आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बनाई गई नई शिक्षा नीति है, मोदी की विरासत तो सबकी है, सबके लिए है। कौन जानता है कि 2047 में आपका ही बेटा, बेटी प्रधानंत्री बने, मुख्यमंत्री बने। शाही परिवार का वारिस ही पीएम और सीएम बनेगा, ये कुप्रथा इस चायवाले ने तोड़ दी है। सपा और कांग्रेस के वादों को झूठा बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इनकी बातें झूठी, वादे भी झूठे हैं। सपा कांग्रेस के नारे झूठे, और नीयत में भी खोट है। इन लोगों ने कोरोना संकट काल में भी लोगों को नहीं बख्शा था। देश के वैज्ञानिकों ने टीका बनाया, लेकिन सपा कांग्रेस के लोग उसको भी बदनाम करते थे। खुद चोरी छुपे टीके लगवाते थे और टीवी पर सोशल मीडिया पर लोगों को भड़काते थे, ताकि हाहाकार फैले और मोदी पर कलंक लगे। अब ये हमारा लोकतंत्र हमारे संविधान को लेकर झूठ फैलाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 75 साल पहले जब देश का संविधान बना तब बाबा साहेब अंबेडकर और खुद जवाहर लाल नेहरू ने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा, लेकिन अब सपा कांग्रेस और इनकी सारी कंपनी एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीनकर उसे धर्म के आधार पर बांटना चाहते हैं।

## प्रधानमंत्री ने रामलला के दरबार में टेका माथा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीराम जन्मभूमि पहुंच कर प्रभु श्रीरामलला का दर्शन किए और भगवान की आरती उतारी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर अपने संदेश में लिखा कि अयोध्या में श्रीराम लला के दर्शन और पूजन कर भावविभोर हूं।

## बस्तर में तीन इनामी समेत 35 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा। दक्षिण बस्तर में पुलिस व सीआरपीएफ का नक्सलियों पर बढ़ते दवाब का परिणाम नजर आने लगा है। दक्षिण बस्तर के तीनों जिले के सरहदी इलाकों सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले में तीन इनामी सहित 35 नक्सलियों ने रविवार को आत्मसमर्पण कर दिया है। एसपी गौरव राय ने कहा कि समर्पण करने वाले नक्सलियों को सरकार की ओर से पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।

# कांग्रेस की मीडिया नेशनल कार्डिनेटर ने दिया इस्तीफा

**अयोध्या जाने का पार्टी में विरोध होने पर छोड़ दी कांग्रेसः राधिका**

रायपुर। कांग्रेस की मीडिया नेशनल कार्डिनेटर राधिका खेड़ा ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेता के साथ विवाद के बाद राधिका खेड़ा ने अपना इस्तीफा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा है। उन्होंने अपने इस्तीफे में लिखा है कि रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जाने का पार्टी के कुछ लोग विरोध कर रहे थे। दरअसल, आईआईटी अहमदाबाद से ताल्लुक रखने वाली राधिका खेड़ा कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता की जिम्मेदारी संभाल रही थीं। साथ ही उनके पास छत्तीसगढ़ में मीडिया कॉर्डिनेटर का जिम्मा भी था। पार्टी के अध्यक्ष को भेजे अपने इस्तीफे में उन्होंने लिखा कि अत्यंत पीड़ा के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता त्याग रही हूं। साथ ही अपने पद से इस्तीफा दे रही हूं।

## क्रू के सीक्वल में काम करेंगी करीना कपूर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म क्रू के सीक्वल में काम करती नजर आ सकती हैं। करीना कपूर की इस वर्ष फिल्म क्रू प्रदर्शित हुयी है। फिल्म क्रू में करीना कपूर के अलाव तब्बू और कृति सैनन ने मुख्य भूमिका निभायी है। करीना ने बताया कि क्रू के सीक्वल पर फिल्म की निर्माता एकता कपूर और रिया कपूर सोच रही हैं।


झारखण्ड सरकार

लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :
- शरीर में पानी की कमी
- उल्टी, तेज बुखार
- कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
- हृदयाघात, मस्तिष्कघात
- कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग
- साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
- तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से देते रहें
- बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें

इनका नियमित सेवन करें :-
नमक-चीनी का घोल, छाछ, नींबू-पानी, आम का शर्बत, लस्सी, तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी

ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है
- गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
- घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।सावधानियाँ हीं बचाव
- हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
- धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
- सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
- जूते/चप्पल पहनें

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

PRNO 324421(Health Med Edu and Family Welfare) 24-25